www.navpradesh.com

दैनिक नवप्रदेश

आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 3 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 8 | छत्तीसगढ़ 11 | खेल/बिजनेस

RNI NO.CHHHIN/2012/41806 रायपुर, गुरुवार 30 मई 2024, वर्ष-13 अंक- 109 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

मौसम विभाग ने कहा- 30 मई को केरल में मॉनसून की दस्तक!

नई दिल्ली/रायपुर/नवप्रदेश। भीषण गर्मी से जूझ रहे पूरे को बस मॉनसून का इंतजार है। मौसम विभाग (आईएमडी) ने इस पर खुशखबरी दी है। मौसम विभाग के अनुसार 30 मई को मॉनसून कभी भी भारतीय सीमा में प्रवेश कर सकता है। यानी 24 घंटे के अंदर केरल में मॉनसून की दस्तक हो सकती है। आईएमडी के मुताबिक अगले 24 घंटों के दौरान केरल में मॉनसून के आगमन के लिए परिस्थितियां अनुकूल बनी हुई हैं। गौरेला पेंड्रा मरवाही में तेज हवाओं के साथ तेज बारिश हुई। केरल में इस बार मॉनसून समय से पहले दस्तक दे रहा है। राज्य में मॉनसून की सामान्य तारीख 1 जून है। हालांकि इसमें 3-4 दिन आगे या पीछे होना भी सामान्य माना जाता है। मौसम विभाग की मानें तो इस बार 30 मई को केरल में मॉनसून की दस्तक हो सकती है। इसके बाद राज्य में झमाझम बारिश देखने को मिलेगी। हालांकि केरल पहले ही बहुत तेज बारिश और जलभराव से जूझ रहा है।

अगले 2 दिन के लिए यलो अलर्ट, रातें होंगी और गर्म

छत्तीसगढ़ मौसम विभाग ने अगले 2 दिन आज और कल (30 मई) के लिए हीट वेव का यलो अलर्ट जारी किया है। पश्चिम भारत से आ रही शुष्क हवाओं के कारण प्रदेश का मौसम गर्म होने लगा है। बालोद, बलौदाबाजार, बेमेतरा, बिलासपुर, धमतरी, दुर्ग, गरियाबंद, जीपीएम, जांजगीर-चांपा, कबीरधाम, ■ शेष पृष्ठ 6 पर

राज्य	तारीख
अंडमान निकोबार	22 मई
बंगाल की खाड़ी	26 मई
केरल, तमिलनाडु	1 जून
कर्नाटक, आंध्र प्रदेश और असम का कुछ हिस्सा	5 जून
महाराष्ट्र, तेलंगाना, आंध्रप्रदेश का ऊपरी हिस्सा, प. बंगाल	10 जून
गुजरात,एपमी, छत्तीसगढ़, ओडिशा झारखंड और बिहार	15 जून
गुजरात के आंतरिक इलाकों, एमपी के मध्य और यूपी के हिस्से	20 जून
गुजरात, राजस्थान, एमपी, यूपी, उत्तराखंड, हिमाचल, कश्मीर	25 जून
राजस्थान, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब	30 जून
राजस्थान	5 जुलाई

रायपुर-दुर्ग में बादलों के बाद तेज धूप

रायपुर और दुर्ग में बुधवार सुबह से बादल छाए थे, लेकिन फिर 10 बजे से तेज धूप के साथ सूरज ने दर्शन दिए। सुबह से चल रही गर्म हवाओं ने दोपहर होते-होते लू की शक्ल इख्तियार कर ली। मौसम विज्ञानी ने बताया कि एक द्रोणिका उत्तर प्रदेश से पूर्वी मध्य प्रदेश होते हुए उत्तरी छत्तीसगढ़ तक औसत समुद्र तल से 0.9 किलोमीटर की ऊंचाई पर स्थित है, जिसकी वजह से बादल छाए थे।

नौतपा- पांचवां दिन : कल के बाद गर्मी से राहत, 31 मई से बदलेगा मौसम

■ रातें और होंगी गर्म, रायगढ़ में पारा 46.7 डिग्री

रायपुर/नवप्रदेश। नौतपा के पांचवें दिन बुधवार को भी छत्तीसगढ़ में आसमान से आग बरस रही है। रायपुर में शाम 7 बजे के बाद भी गर्म हवाएं चल रही हैं। हालांकि आसमान में कुछ जगहों पर बादल छाए हुए हैं। यहां पारा 45 के पार पहुंच गया है। वहीं रायगढ़ 46.7 डिग्री के साथ प्रदेश में सबसे गर्म रहा। इसके बाद बलरामपुर में 45.6 डिग्री रिकॉर्ड किया गया।

मौसम विभाग के अनुसार, अगले 2 दिनों तक तापमान में विशेष परिवर्तन नहीं होगा। इसके बाद राहत मिलने की संभावना है। दूसरी ओर बिलासपुर में जहां गर्मी से फ्रिज का कंप्रेसर ब्लास्ट हो गया और घर में आग लग गई। वहीं गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले में दोपहर के बाद तेज हवाओं के साथ बारिश हुई। पेड़ गिरने से बिजली के तार टूट गए और कई गांवों में बत्ती गुल हो गई।

आज हीट वेव का यलो अलर्ट, फिर सुहानी बयार

मौसम विभाग ने कल (30 मई) के लिए हीट वेव का यलो अलर्ट जारी किया है। पश्चिम भारत से आ रही शुष्क हवाओं के कारण प्रदेश का मौसम गर्म होने लगा है। बिलासपुर, रायपुर और दुर्ग संभाग में लू चलने के साथ ही रात भी गर्म रहने की संभावना है। हालांकि रायपुर में बादल छाए रह सकते हैं और पारा 45 से 31 के बीच रहने की संभावना है। इसके बाद मौसम विभाग ने 31 मई से 2 जून के बीच गरज-चमक के साथ आंधी चलने की संभावना जताई है।

छत्तीसगढ़ में शाम 5.30 बजे तक जिलों का तापमान

- रायपुर - अधिकतम 45. 7 न्यूनतम 32. 7
- बिलासपुर- अधिकतम 45. 4 न्यूनतम 32. 4
- दुर्ग- अधिकतम 45. 5 न्यूनतम 31. 6
- जगदलपुर- अधिकतम 39. 6 न्यूनतम 26. 8
- राजनांदगांव- अधिकतम 43. 0 न्यूनतम 31. 0
- अंबिकापुर- अधिकतम 42. 2 न्यूनतम 26. 8

गर्मी से प्रदेश में दूसरी मौत

हाइवे किनारे मिली वृद्धा की लाश, हीट वेव से मौत की आशंका

रायपुर/नवप्रदेश। सिमगा में ग्राम ठेकुना के पास रायपुर बिलासपुर हाईवे के किनारे एक वृद्ध महिला की लाश मिली है। भीषण गर्मी की तपिश की वजह से 70 वर्षीय महिला की मौत होने की आशंका जताई जा रही है। सिमगा। छत्तीसगढ़ में भीषण गर्मी का कहर जारी है और पारा 46 डिग्री पार कर चूका है। बुधवार को सिमगा में ग्राम ठेकुना के पास रायपुर बिलासपुर हाईवे के किनारे एक वृद्ध महिला की लाश मिली है। भीषण गर्मी की तपिश की वजह से 70 वर्षीय महिला की मौत होने की आशंका जताई जा रही है। महिला की पहचान नहीं हो सकी है और पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

कल ही हुई है एक और महिला की मौत

दुर्ग जिले में भीषण गर्मी से एक महिला श्रमिक की मौत हो गई। मृतक महिला मनरेगा के तहत अहेरी नर्सरी में काम करती थी। काम के दौरान वह अचानक चक्कर खाकर बेहोश हो गई थी। मृतक महिला का नाम भद्रा बाई है। यह पूरा मामला नंदिनी थाने का है। जनपद सदस्य भूपेंद्र कुमार साहू ने बताया कि, महिला का रजिस्ट्रेशन मनरेगा मजदूर के रूप में है। वो अहिरी गांव में उद्यानिकी विभाग के तहत संचालित नर्सरी में काम करने गई थी। महिला के बेहोश होते ही वहां हड़कंप मच गया। आसपास काम करने वाले मजदूरों ने महिला को उठाया। इसके बाद उसे उहिरी अस्पताल ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया।

दिल्ली में गर्मी का रिकार्ड ध्वस्त 52.6 डिग्री पहुंचा पारा

नई दिल्ली (ए.)। देश के कई राज्यों में लोग भीषण गर्मी से थपड़े झेल रहे हैं। मौसम विभाग की ओर से दिल्ली समेत कई राज्यों में हीटवेव को लेकर रेड अलर्ट किया गया है। गर्मी का आलम यह है कि मंगलवार (28 मई) को दिल्ली के कुछ जगहों पर पारा 52 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया तो वहीं अधिकतर जगहों पर तापमान 45 डिग्री सेल्सियस रहा. मौसम विभाग ने बुधवार (29 मई) को दिल्ली के कई इलाकों में भीषण गर्मी और तेज गर्म हवा चलने के साथ-साथ आसमान के साफ रहने का अनुमान जताया है।

दिल्ली के कम से कम तीन मौसम केंद्रों ने मंगलवार (28 मई) को अधिकतम तापमान 49 डिग्री सेल्सियस या उससे ज्यादा दर्ज किया. आईएमडी के अनुसार मुंगेशपुर और नरेला में 49.9 डिग्री और नजफगढ़ में 49.8 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया. ये तापमान दिल्ली में अब तक का सबसे अधिक तापमान था. दिल्ली में हीटवेव को लेकर अगल दो दिनों के लिए रेड अलर्ट जारी किया गया है।

आज बेबाक

एक फिल्म आई थी आमदनी आठन्नी खर्चा रुपैया जिसमें एक ऑफिस के चपरासी का तकियाकलाम था.... गारंटी के साथ। कुछ नेताओं ने भी इन दिनों गारंटी को अपना ताकियाकलाम बना रखा है। चुनावी घोषणा पत्रों को तो पहले ही गारंटी कार्ड बना लिया था। अब गारंटी-गारंटी का पहाड़ा पढ़ रहे हैं। सभी गारंटी कार्ड लेकर घूम रहे हैं। कोई चार सौ पार की गारंटी कर रहा है तो कोई तीन सौ पार की गारंटी दे रहा है। मजे की बात यह है कि जिसकी खुद की जीत की गारंटी नहीं वह भी अपनी सरकार बनने की गारंटी कर रहा है।

अमिताभ बच्चन ने शुरू की केबीसी 16 की शूटिंग

मुबंई (ए.) । कौन बनेगा करोड़पति सीजन 16 को लेकर फैंस बेहद एक्साइटेड हैं। हर कोई बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन को फिर से इस शो में देखने के लिए बेताब है। केबीसी 16 को लेकर रजिस्ट्रेशन तो काफी पहले ही शुरू हो गए थे। हालांकि अब ऐसा लग रहा है कि बिग बी ने भी इस सीजन की शूटिंग शुरू कर दी है। बिग बी ने हाल ही में सोशल मीडिया पर एक फोटो शेयर की, जो काफी वायरल हो रही है। इस फोटो को देखकर फैंस अंदाजा लगा रहे है कि अमिताभ बच्चन ने केबीसी 16 की शूटिंग शुरू कर दी है। एक्टर ने इंस्टाग्राम पर अपनी एक लेटेस्ट तस्वीर शेयर की, जिसमें बिग बी ब्लू कलर को कोट में काफी डैशिंग लुक में नजर आ रहे हैं। कैमरे की तरफ देखते हुए एक्टर मुस्कुरा रहे हैं.

गरमा-गरम

केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट से लगा झटका

ओडिसा सीएम की तबीयत को लेकर प्रधानमंत्री मोदी ने बीजेडी को घेरा

मयूरभंज (ए.)। लोकसभा चुनाव के सातवें और आखिरी चरण के मतदान से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज मयूरभंज में एक रैली को संबोधित करते हुए राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी बीजू जनता दल (बीजद) की जमकर आलोचना की। उन्होंने बीजद पर आदिवासियों की जमीन हड़पने और खनिज संपदा को लुटने का आरोप लगाया। इस रैली के जरिए उन्होंने ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक की तबीयत को लेकर भी सवाल किया।

प्रधानमंत्री ने नवीन पटनायक के तबीयत को लेकर सवाल उठाया। उन्होंने कहा, नवीन बाबू की तबीयत खराब होने के पीछे कोई षड्यंत्र है क्या? ये ओडिशा के लोगों को जानने का अधिकार है। कहीं इसमें उस लॉबी का तो हाथ नहीं है न जो नवीन पटनायक के नाम पर पर्दे के पीछे ओडिशा में सत्ता भोग रहे हैं। इस रहस्य से पर्दा उठना जरूरी है। उन्होंने आगे कहा कि 10 जून के बाद ओडिशा में भाजपा सरकार बनने के बाद हमारी सरकार एक स्पेशल कमेटी का गठन करेगी।

पंजाब के किसानों को राहुल का बड़ा वादा

लुधियाना। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार (29 मई) को पंजाब के लुधियाना में एक रैली को संबोधित किया। राहुल गांधी ने इस दौरान किसानों से एक बड़ा वादा किया। उन्होंने इंडिया गठबंधन की सरकार बनने के तुरंत बाद किसान कर्जा माफी आयोग बनाने की बात कही। राहुल गांधी ने किसानों की कर्ज माफी का ऐलान करते हुए कहा कि जैसे ही इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी, हम किसानों का कर्जा माफ कर देंगे। उन्होंने कहा कि ठीक उसी तरह जैसी वो (बीजेपी) अरबपतियों का कर्ज माफ करते हैं।

मोदी तीसरी बार बनेंगे पीएम : साय

■ कांग्रेस और झामुमो ने आदिवासियों को हमेशा बंधुआ समझा

रायपुर/रांची/नवप्रदेश। सीएम विष्णुदेव साय ने बुधवार राजमहल लोकसभा सीट के बरहेट में भाजपा प्रत्याशी ताला मरांडी के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि नरेंद्र मोदी जी तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनकर नया कीर्तिमान रचेंगे। पीएम के रूप में तीसरे कार्यकाल में वह देश को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे। उन्होंने राजमहल सीट से भाजपा प्रत्याशी ताला मरांडी को विजयी बनाने की अपील करते हुए कहा कि उनके संसद पहुंचने पर इस क्षेत्र की आवाज बुलंद होगी। उन्होंने कहा कि झारखंड और छत्तीसगढ़ दोनों राज्य एक साथ बने, लेकिन, छत्तीसगढ़ आज झारखंड की तुलना में विकास में आगे निकल गया है। यह तब संभव हुआ, जब वहां लगातार पंद्रह साल तक भाजपा की सरकार रही। एक बार फिर वहां भाजपा की सरकार बनी और विकास को फिर से नई गति दी जा रही है। दूसरी तरफ झारखंड को राजनीतिक अस्थिरता का खामियाजा भुगतना पड़ा। उन्होंने कहा कि केंद्र में नरेंद्र मोदी जी की सरकार ने ऐसे काम कर दिखाए, जिन्हें कभी असंभव माना जाता था। कश्मीर से धारा 370 हटी और अयोध्या में भव्य राम मंदिर बना। यह मोदी सरकार के संकल्पों का परिणाम है। सीएम ने झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस पर आरोप लगाया कि ये पार्टियां आदिवासियों को केवल वोट बैंक समझती हैं। 55 साल देश में कांग्रेस की सरकार रही, लेकिन, उसने कभी आदिवासियों के हित में कोई कदम नहीं उठाया। झामुमो ने तो आदिवासी समाज के लोगों को बंधुआ बनाया। उन्होंने कांग्रेस और झामुमो को मौसेरा भाई बताते हुए कहा कि इनके नेताओं ने भ्रष्टाचार का रिकॉर्ड बनाया है।

मुठभेड़ में दो नक्सली ढेर

बीजापुर/नवप्रदेश । बुधवार को फिर पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई है। जिसमें पुलिस ने दो नक्सलियों को ढेर कर दिया है। मिली जानकारी के अनुसार मद्देड़ पीएस सीमा के अंतर्गत वन क्षेत्र में चल रही मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने दो नक्सलियों को मार गिराया है। एसपी बीजापुर जितेंद्र यादव का कहना है कि मद्देड़ पीएस सीमा के अंतर्गत वन क्षेत्र में सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। मारे गए दोनों नक्सलियों के शव और हथियार बरामद किया गया है। मिली जानकारी के ■ शेष पृष्ठ 6 पर

पांच लाख की इनामी महिला नक्सली गिरफ्तार

सुकमा जिले में पुलिस द्वारा नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत बुधवार को एक महिला नक्सली को जंगल से गिरफ्तार किया गया। नक्सली महिला के ऊपर पांच लाख का इनाम था, वहीं महिला के पास से विस्फोटक सामग्री भी जब्त की गई है। जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि केरलापाल, मलगेर एरिया कमेटी के नक्सलियों की एक मीटिंग की सूचना पर 27 मई को ■ शेष पृष्ठ 6 पर

1 जून को मतदान के बाद आएंगे आम चुनाव के एग्जिट पोल

नई दिल्ली (ए.) । लोकसभा चुनाव 2024 अब अपने अंतिम पड़ाव में है। अब तक छह चरण का मतदान हो चुका है। सातवें और अंतिम दौर की वोटिंग 1 जून को है। गुजरात की सूरत सीट से भाजपा उम्मीदवार मुकेश दलाल पहले ही निर्विरोध निर्वाचित हो चुके हैं। ऐसे में 542 सीटों के नतीजे 4 जून को घोषित किए जाएंगे। इससे पहले 1 जून की शाम को अलग-अलग मीडिया चैनलों और सर्वे एजेंसियों की तरफ से एग्जिट पोल जारी किए जाएंगे। देश में किस पार्टी की सरकार बन सकती है? किस पार्टी को कितनी सीटें मिल सकती हैं? इसका अनुमान इस पोल के जरिए लगेगा। एग्जिट पोल वोटिंग के तुरंत बाद कराया जाता है, जिसमें केवल मतदाताओं को ही शामिल किया जाता है। एग्जिट पोल में वही लोग शामिल होते हैं, जो मतदान कर बाहर निकलते हैं। एग्जिट पोल निर्णायक दौर में होता है। इससे पता चलता है कि लोगों ने किस पार्टी पर भरोसा जताया है।

बेटे समेत अनवर ढेबर पर जुर्म दर्ज

रायपुर / नव प्रदेश। छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित शराब घोटाले मीमले में आरोपी अनवर ढेबर उसके दोनों बेटे शोएब और जुएड सहित अन्य 4 लोगों के खिलाफ रायपुर के पुरानि बस्ती और सिविल लाइन थाने में चोरी, अवैध उगाही, मारपीट एवं अन्य गंभीर धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया गया है। सिटी एएसपी लखन पटले के मुताबिक पुरानी बस्ती में चोरी के मामले में चार आरोपी शामिल है। वहीं सिविल लाइन थाने में साइबर स्टॉकिंग के मामले में करीब 4 आरोपी है। पुलिस दोनों ही मामलों में जांच पड़ताल कर रही है, जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी की जायेगी।

पहला मामला सिविल लाइन थाने का है जहाँ अनवर ढेबर और उसके बेटे शोएब ढेबर के खिलाफ उन्ही के होटल में काम करने वाली एक युवती ने ढेबर बाप बेटों पर उसके साथ साइबर स्टॉकिंग समेत छेड़छाड़ और मारपीट किए जाने की शिकायत की थी जिसमे बुद्धवार को एफआईआर दर्ज ■ शेष पृष्ठ 6 पर

स्लीप प्रो गद्दा फैक्ट्री में भीषण आग, दो महिला कर्मियों की मौत

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के गोंदवारा स्थित Sleep pro कंपनी की गद्दा गोदाम में भीषण आग लग गई। आग लगने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई है। इस भीषण आग में 2 लोगों की जलकर मौत हो गई है। घटना की सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ियां मौके पर मौजूद है और आग पर काबू पाने की कोशिश कर रही है। जिला प्रशासन, पुलिस विभाग और नगर निगम की टीम है मौजूद। 3 एंबुलेंस और 2 फायर बिग्रेड मौके पर मौजूद है।

फोम फैक्ट्री में हादसे के दौरान कितने मजदूर अंदर फंसे हुए है और जान-माल का कितना नुकसान हुआ इसका अनुमान फिलहाल अफसर लगाने में जुट गए हैं। समाचार लिखे जाने तक प्रशासन के उच्चाधिकारी, पुलिस विभाग ■ शेष पृष्ठ 6 पर

छत्तीसगढ़ क्रिकेट प्रीमियर लीग सात जून से, होगी चौके-छक्के की बरसात

रायपुर/नवप्रदेश। आईपीएल की तरह अब छत्तीसगढ़ में भी छक्के-चौके की बरसात होने वाला है। छत्तीसगढ़ में भी क्रिकेट प्रीमियर लीग खेला जाएगा। छत्तीसगढ़ क्रिकेट प्रीमियर लीग (सीसीपीएल) सात जून को शुरू होने वाला है। प्रदेश के खिलाड़ियों को एक्सपोजर देने के लिए छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ ने इसकी घोषणा की है। कुल छह टीमों के बीच 18 मैच खेला जाएगा। टूर्नामेंट के ब्रांड एम्बेसडर पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुरेश रैना को बनाया गया है। इस टूर्नामेंट का आयोजन सात से 16 जून तक किया जाएगा। सभी मैच नवा रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेले जाएंगे। खिलाड़ियों के लिए टी शर्ट और लोगो 19 मई को लॉन्च कर दिया गया है। साथ ही छह टीमों के लिए कप्तानों ■ शेष पृष्ठ 6 पर

बक्सर में एनडीए और महागठबंधन के सामने बड़ी चुनौती, आनंद मिश्रा समेत तीन कैंडिडेट ने बढ़ाई टेंशन

बक्सर (ए.)। गंगा तट पर बसा बिहार का ऐतिहासिक जिला बक्सर पराक्रम और पौराणिक कर्मकांडों की धरती है। यहां की धरती बड़े-बड़े युद्धों की गवाह रही है और इतिहास के पन्ने जय-पराजय के पराक्रम से भरे हैं। इस बार का लोकसभा चुनाव भी यहां किसी युद्ध से कम नहीं है। दो प्रमुख गठबंधनों एनडीए और इंडिया की चुनौतियां तीन अलग-अलग उम्मीदवारों ने बढ़ा दी हैं। इन तीनों की वोट जुगाड़ने की ताकत भी परिणाम तय करेगी। बहरहाल, सियासी पराक्रम का दिलचस्प गवाह बनने को बक्सर बना रहा है अपना मन-मिजाज।

पौराणिक कथाओं के अनुसार यहीं विश्वामित्र का आश्रम था, जहां भगवान राम और लक्ष्मण के युद्ध कौशल का प्रशिक्षण हुआ था। वहीं, मुगल काल में हुमायू एवं शेरशाह के बीच ऐतिहासिक लड़ाई बक्सर के चौसा में लड़ी गई थी। ब्रिटिश सेना ने 23 मार्च 1764 को बक्सर शहर से लगभग छह किलोमीटर की दूरी पर स्थित कतकौली मैदान में मीर कासिम (बंगाल के नवाब), शुजा-उद-दौलाह (अवध के नवाब) व शाह आलम-द्वितीय (मुगल सम्राट) की सेना को हराया। यहां अंग्रेजों द्वारा निर्मित पत्थर का स्मारक आज भी लड़ाई के प्रतीक के रूप में कायम है। 2024 लोकसभा की लड़ाई भी यहां देशभर में चर्चा का विषय बनी हुई है।

समृद्ध खेती वाले बक्सर में देह तपा देने वाली गर्मी के साथ ही सियासी पारा भी पराकाष्ठा पर है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे का टिकट कटने पर ही यह सीट चर्चा में आ गई थी। भाजपा ने गोपालगंज जिले के बैकुंठपुर से 2015 में विधायक बने मिथिलेश तिवारी को उतारा है। वहीं, राजद के पूर्व मंत्री और विधायक सुधाकर सिंह राजद के प्रत्याशी हैं। दोनों में कांटे की लड़ाई है। वहीं, अलग अंदाज व प्रचार से निर्दलीय व पूर्व आईपीएस अधिकारी आनंद मिश्रा सुर्खियों में हैं। युवाओं के चहेते बने हुए हैं। बक्सर के डुमरांव से चार बार विधायक रहे पूर्व मंत्री ददन यादव भी निर्दलीय ताल ठोक दिए हैं।

पिछले तीन चुनावों से 80 हजार से पौने दो लाख के बीच वोट लाने वाली बसपा ने अनिल कुमार को उतारा है। बसपा का आधार वोट है। मिथिलेश बक्सर के लिये नए हैं। पर, पीएम मोदी के नाम और काम मजबूती दे रहा है। बक्सर विधानसभा के कतकौली मैदान के पास चाय चुकानदार रवींद्र पांडेय कहते हैं कि यह चुनाव प्रधानमंत्री बनाने का है और वह इसी मुद्दे पर वोट करेंगे। 25 मई को बक्सर में पीएम की सभा भी हुई थी।

सुधाकर सिंह चिर-परिचित चेहरा हैं। रामगढ़ के विधायक हैं और मंत्री रहे हैं। उनके पिता जगदानंद सिंह राजद के प्रदेश अध्यक्ष हैं जो बक्सर से सांसद व राज्य सरकार में मंत्री रहे हैं। राजद और माले का आधार वोट उनको ताकत दे रहा है। ऐतिहासिक स्थल चौसा मैदान के पास के गांव नरबतपुर के नंदकिशोर यादव कहते हैं कि इतना महत्वपूर्ण जगह होते हुए भी यहां आने के लिए सड़कें बेहतर नहीं हैं। मैदान का अधिकांश हिस्सा टूटा-फूटा है, सरकार को इस पर ध्यान देना चाहिए। वह, बताते हैं कि यहां राजद की लहर है।

निर्दलीय आनंद मिश्रा और ददन के साथ ही बसपा उम्मीदवार के वोट जीत-हार में बड़ी भूमिका अदा करेंगे। अनंत मिश्रा का युवाओं में काफी क्रेज है। बक्सर आंबेडकर चौक पर किराना दुकानदार मुकेश सिंह कहते हैं-जनता वोट बर्बाद नहीं करेगी। जीतने वाले प्रत्याशी को ही सब वोट करेंगे। बक्सर के विकास कार्यों से वह संतुष्ट हैं, पर बढ़िया अस्तपाल की कमी खलती है।

सिंचाई के लिए मोटर की जरूरत नहीं कैमूर जिले के रामगढ़ विधानसभा के बड्डा गांव के पास किसान रामाश्रय मिलते हैं। वह बताते हैं कि यहां पर आस-पास के छह-साथ गांवों में सालोंभर नहरों से की सिंचाई होती है। हम लोगों को सिंचाई के लिए मोटर की जरूरत नहीं होती है।

बक्सर लोकसभा सीट के मुख्य मुद्दे

- चौसा सुपर थर्मल पावर प्लांट का निर्माण अब तक पूरा नहीं।
- मलई बराज के लंबे समय से पूरा नहीं होने से किसान निराश।
- बक्सर में तीन रेलवे ऊपरी पुलों का निर्माण पूरा नहीं हो सका।
- केशवपुर में वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण अधूरा।

बक्सर लोकसभा में तीन जिलों के 6 विधानसभा क्षेत्र

बक्सर लोकसभा क्षेत्र में 6 विधानसभा क्षेत्र ब्रह्मपुर, बक्सर, डुमरांव, राजपुर, रामगढ़ और दिनारा शामिल हैं। तीन जिले बक्सर, कैमूर और रोहतास के क्षेत्र इसमें आते हैं।

बीजेपी कैंडिडेट हैं मिथिलेश तिवारी

अपने गृह जिले गोपालगंज के बैकुंठपुर से 2015 में विधायक बने। हालांकि, 2020 में विधानसभा चुनाव हार गए। अभी भाजपा संगठन में प्रदेश महासचिव हैं।

आरजेडी के सुधाकर सिंह

आरजेडी के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह के बेटे हैं। सुधाकर ने 2020 के विधानसभा चुनाव में रामगढ़ से जीत दर्ज की थी। वे महागठबंधन सरकार में कृषि मंत्री भी रहे थे।

लोकसभा चुनावी वॉच

बलिया में भाजपा लगा पाएगी जीत की हैट्रीक नीरज शेखर को सपा से मिल रही कड़ी टक्कर

बलिया के अंतर्गत पांच विधानसभा क्षेत्र आते हैं। सपा के पास तीन (फेफना, बैरिया और मोहम्मदाबाद) हैं जबकि भाजपा और उसकी सहयोगी सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (एसबीएसपी) के पास क्रमशः बलियानगर और जहूराबाद हैं। इस तथ्य के अलावा कि वह चन्द्रशेखर के बेटे हैं, भाजपा को नीरज के सपा के साथ पुराने संबंधों पर भरोसा है। उत्तर प्रदेश के बलिया में 1 जून को अंतिम चरण में मतदान होना है। भाजपा उम्मीदवार अपनी पारिवारिक विरासत को फिर से हासिल करने के लिए बाहर हैं, जबकि समाजवादी पार्टी (सपा) ने एक ऐसे नेता पर अपना विश्वास जताया है जो 2019 का चुनाव मामूली अंतर से हार गया था। भाजपा ने पूर्व प्रधानमंत्री चंद्र शेखर के बेटे और बलिया से दो बार के सांसद नीरज शेखर को मैदान में उतारा है, वहीं सपा के उम्मीदवार सनातन पांडे हैं, जो 2019 में इस सीट से मौजूदा भाजपा सांसद भरत सिंह से सिर्फ 15,000 से अधिक वोटों के अंतर से हार गए थे। इन दोनों के अलावा बसपा के लल्लन सिंह भी मैदान में हैं। यहां मुख्य मुकाबला सपा और भाजपा के बीच है। दोनों उम्मीदवारों ने निर्वाचन क्षेत्र के जातिगत मैट्रिक्स को ध्यान में रखते हुए अपनी अभियान रणनीतियों में बदलाव किया है। ऐसा प्रतीत होता है कि नीरज अपनी मतदाता पहुंच का विस्तार कर रहे हैं। बलिया में 18 लाख मतदाता हैं, जिनमें से ब्राह्मण और अनुसूचित जाति (एससी) लगभग 15त्न हैं, जबकि राजपूत और यादव क्रमशः 13त्न और 12त्न हैं। कुल मतदाताओं में मुसलमानों की संख्या लगभग 7त्न है। चुनाव में यह तय होने की संभावना है कि एससी और अन्य संख्यात्मक रूप से महत्वहीन लेकिन सामूहिक रूप से महत्वपूर्ण जातियां जैसे कि कुशवाह, पाल, निषाद, भूमिहार, कुर्मी और राजभर किस तरह से मतदान करते हैं। बलिया के अंतर्गत पांच विधानसभा क्षेत्र आते हैं। सपा के पास तीन (फेफना, बैरिया और मोहम्मदाबाद) हैं जबकि भाजपा और उसकी सहयोगी सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (एसबीएसपी) के पास क्रमशः बलियानगर और जहूराबाद हैं। इस तथ्य के अलावा कि वह चन्द्रशेखर के बेटे हैं, भाजपा को नीरज के सपा के साथ पुराने संबंधों पर भरोसा है। चंद्र शेखर ने 1977 और 2007 के बीच आठ बार निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया। 2007 में उनकी मृत्यु के बाद, नीरज ने एसपी उम्मीदवार के रूप में अगला उपचुनाव जीता और 2009 के चुनावों में सीट बरकरार रखी। 2014 का चुनाव हारने के बाद उन्हें सपा ने राज्यसभा के लिए नामांकित किया था। हालाँकि, बाद में, वह भाजपा में चले गए और उच्च सदन में उसके उम्मीदवार बन गए।

चुनावों में हार का ठीकरा ईवीएम पर फोड़ेंगे राहुल और अखिलेश : अमित शाह

गृह मंत्री ने यह भी कहा, चार तारीख को ये ईवीएम पर ठीकरा फोड़ेंगे। छह तारीख की इनकी टिकट बुक है। ये बैंकाक और थाइलैंड चले जाएंगे। शाह ने दावा किया, पांच चरणों में भाजपा ने 310 सीट का आंकड़ा पार कर लिया है। राहुल बाबा आपकी पार्टी 40 सीट के आंकड़े को भी पार नहीं कर पायेगी और समाजवादी पार्टी चार सीटों के अंदर ही सिमट जाएगी।

देवरिया। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को समाजवादी पार्टी (सपा) और कांग्रेस पर तंज करते हुए कहा कि इन दलों ने तय कर लिया है कि लोकसभा चुनावों में हार का ठीकरा इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) पर फोड़ना है। शाह ने यहां पार्टी के उम्मीदवार पंकज चौधरी के समर्थन में एक जनसभा को संबोधित करते हुए दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) चुनावों के पहले पांच चरणों में ही बहुमत हासिल कर चुकी है। उन्होंने कहा, चार जून को मतगणना है। चार तारीख की दोपहर को दोनों शहजादे (राहुल गांधी और अखिलेश यादव) संवाददाता सम्मेलन करेंगे और कहेंगे कि ईवीएम खराब थी इसलिए हम चुनाव हार गए। गृह मंत्री ने यह भी कहा, चार तारीख को ये ईवीएम पर ठीकरा फोड़ेंगे। छह तारीख की इनकी टिकट बुक है। ये बैंकाक और थाइलैंड चले जाएंगे। शाह ने दावा किया, पांच चरणों में भाजपा ने 310 सीट का आंकड़ा पार कर लिया है। राहुल बाबा आपकी पार्टी 40 सीट के आंकड़े को भी पार नहीं कर पायेगी और समाजवादी पार्टी चार सीटों के अंदर ही सिमट जाएगी।

देवता हैं मोदी तो मंदिर में रहें, राजनीति में क्या काम

ममता बोली जल्दी ही पूर्व पीएम होंगे मोदी

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने पीएम मोदी पर तंज कसते हुए कहा है कि यदि वह देवता हैं तो उन्हें राजनीति में शामिल नहीं होना चाहिए। इसकी बजाय उन्हें मंदिर में होना चाहिए। ममता बोलीं, 'किसी ने कहा कि जगन्नाथ देव श्री मोदी के भक्त हैं और कोई कहता है कि वह देवताओं के राजा हैं।' ऐसी स्थिति है तो फिर उन्हें राजनीति में नहीं रहना चाहिए। ममता बनर्जी ने एक रैली में कहा कि नरेंद्र मोदी गुजरात के निरंकुश मुख्यमंत्री थे और वहां दंगे करा दिए थे। यही नहीं ममता ने प्रधानमंत्री के इस बयान को 'झूठ' बताया कि वह दिल्ली से चक्रवात रेमल की निगरानी कर रहे थे।

बनर्जी ने आरोप लगाया कि अगर श्री मोदी सत्ता में लौटे तो 'धर्म और विचार की स्वतंत्रता नहीं रहेगी।' उन्होंने एक जनसभा में कहा, 'मोदी इतने निरंकुश हैं कि अगर दोबारा चुने गए तो वह कोई चुनाव नहीं होने देंगे। धर्म और विचार की कोई स्वतंत्रता नहीं होगी।' मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने कई प्रधानमंत्रियों के साथ काम किया है, लेकिन मोदी जैसा कोई नहीं देखा। उन्होंने कहा 'देश को ऐसे प्रधानमंत्री की जरूरत नहीं है और उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए।' वह कुछ ही दिनों में पूर्व प्रधानमंत्री बन जाएंगे। ममता बनर्जी ने कहा कि एनडीए की सरकार अब जा रही है।

उन्होंने कहा कि अब हर कोई कह रहा है कि देश में राजनीतिक हवा की दिशा बदल रही है। उन्होंने यह दावा करने के लिए मोदी पर निशाना साधा कि वह दिल्ली से चक्रवात रेमल की निगरानी कर रहे थे। टीएमसी अध्यक्ष ने कहा 'क्या एक पीएम को इतना झूठ बोलना शोभा देता है, झूठ बोलना किसी का भी संवैधानिक अधिकार नहीं है। मैं उनसे आग्रह करती हूं कि उन्होंने जो कहा उस पर दोबारा विचार करें।'

चक्रवात में NDRF के जुटने पर बोलीं- खर्च राज्य उठाता है

बनर्जी ने प्रधानमंत्री द्वारा चक्रवात के बाद केंद्र सरकार द्वारा संचालित राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) की तारीफ पर भी सवाल उठाया। बनर्जी ने कहा कि राज्य सरकार ही एनडीआरएफ का खर्च वहन करती है। उन्होंने 2002 के गुजरात दंगों का जिक्र करते हुए कहा, 'गुजरात का मुख्यमंत्री बनने के बाद श्री मोदी ने दंगे कराए। देश के प्रधानमंत्री बनने से पहले वह देश को नहीं जानते थे।'

यूपी लोकसभा चुनाव

आखिरी चरण में सलेमपुर में भाजपा के सामने हैट्रिक बनाने की चुनौती, समझें समीकरण

लखनऊ (ए)। यूपी में लोकसभा चुनाव के अन्तिम चरण की सलेमपुर लोकसभा सीट पर जीत के लिए भाजपा को पूरे 64 साल लग गए। भाजपा इस सीट पर पहली बार 2014 के मोदी लहर में जीती थी, जिस उसने 2019 के संसदीय चुनाव में बरकरार रखा। इस बार उसके सामने इस सीट पर हैट्रिक लगाने की चुनौती है। इस संसदीय सीट पर 1971 के लोकसभा चुनाव तक कांग्रेस का अनवरत कब्जा रहा। इसके बाद 1977 के चुनाव में यहां से जनता पार्टी विजयी हुई। इसके बाद हुए 1980 एवं 1984 के दो चुनावों में कांग्रेस ने फिर से अपनी जीत दर्ज की लेकिन उसके बाद कांग्रेस के लिए इस लोकसभा क्षेत्र पर जीत के लाले पड़ गए। 1989 से इस सीट पर कभी जनता दल तो कभी सपा। कभी समता पार्टी तो कभी बसपा का कब्जा होता रहा है।

2014 में पहली बार भाजपा का इस सीट पर खाता खुला और पार्टी ने 2019 में भी इस संसदीय क्षेत्र पर अपना कब्जा बरकार रखा। सलेमपुर संसदीय क्षेत्र का चुनावी इतिहास देखें तो आजादी के बाद हुए पहले चुनाव से 1971 में हुए लोकसभा चुनाव तक इस सीट पर कांग्रेस का कब्जा रहा। 1951 एवं 1957 में इस सीट से कांग्रेस के विश्वनाथ राय सांसद बने जबकि 1962 एवं 1967 के चुनाव में यहां से कांग्रेस के ही विश्वनाथ पाण्डे विजयी हुए। इसके बाद 1971 के आम चुनाव में भी कांग्रेस उम्मीदवार तारकेश्वर पाण्डे ने जीत दर्ज की।

40 सालों से इस सीट पर जीत नहीं सकी है कांग्रेस

आपातकाल के बाद देश में 1977 में आम चुनाव हुए, जिसमें इस निर्वाचन क्षेत्र से पहली बार विपक्षी प्रत्याशी जनता पार्टी के राम नरेश कुशवाहा ने जीत दर्ज की लेकिन यह जीत अगले चुनाव में विपक्ष बरकरार नहीं रख सका। 1980 के चुनाव में फिर से कांग्रेस ने इस संसदीय क्षेत्र पर कब्जा कर लिया। कांग्रेस के राम नगीना मिश्र इस सीट से चुनाव जीत गए। श्री मिश्र ने इसके बाद 1984 में हुए लोकसभा चुनाव में भी अपनी जीत को बरकरार रखा।

आखिरी चरण के मतदान में मौसम ढाएगा सितम

पटना। लोकसभा चुनाव 2024 के आखिरी चरण का मतदान भीषण गर्मी के बीच होने के पूरे आसार नजर आ रहे हैं। सातवें एवं आखिरी चरण में बिहार की 8 लोकसभा सीटों पर मतदान होना है, जिनमें पटना साहिब, पाटलिपुत्र, आरा, बक्सर, काराकाट, सासाराम, जहानाबाद और नालंदा शामिल हैं। मौसम विभाग के मुताबिक 1 जून तक दक्षिण बिहार में भीषण गर्मी से राहत नहीं मिलने वाली है। ऐसे में आठों सीटों पर 1 जून को मतदान के दिन हीटवेव की स्थिति रहने और झुलसाने वाली गर्मी पड़ने की आशंका नजर आ रही है। इसका प्रभाव वोटिंग प्रतिशत पर पड़ सकता है। आखिरी चरण की आठ सीटों पर मतदान से चार दिन पहले सियासी और मौसम का मिजाज दोनों तल्ख हो गए हैं। अखाड़े में जी-जान से जुटे दिग्गज उम्मीदवारों और राजनीतिक कार्यकर्ताओं की मौसम भी जैसे अग्निपरीक्षा लेने में जुटा है।

52 बनाम 9.. बिहार में मोदी-शाह सेना के सामने पस्त रहा राहुल-खड़गे का प्रचार; तेजस्वी के भरोसे कांग्रेस

पटना (ए.)। बिहार में लोकसभा चुनाव के सातवें और आखिरी चरण की आठ सीटों पर चुनाव प्रचार बंद होने में दो दिन बचे हैं। बीजेपी और कांग्रेस के बड़े नेताओं की सभाएं मोटा-मोटी खत्म लग रही हैं। आज दोनों पार्टियों का कोई बड़ा नेता बिहार नहीं आ रहा है। गुरुवार को आखिरी दिन भी किसी बड़े नेता के कार्यक्रम की अब तक कोई खबर नहीं है। अगर 28 मई तक के प्रचार को आधार बनाकर देखें तो बीजेपी के बड़े नेताओं ने कांग्रेस के बड़े नेताओं के मुकाबले 6 गुना ज्यादा सभा और रैलियां की हैं।

गठबंधन के दूसरे दलों के कैंडिडेट के प्रचार में कांग्रेस का रिकॉर्ड और भी खराब है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह के अलावा बीजेपी की टॉप लीडरशिप ने बिहार में 52 सभाएं की हैं जिसमें 20 सभा तो सहयोगी दल जेडीयू, हम, लोजपा और रालोमो के लिए हुए। वहीं कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व ने 9 सभाओं में मात्र 2 सभा सहयोगी आरजेडी और सीपीआई-माले के लिए की।

इंडिया अलायंस में गठबंधन धर्म-कर्म निभाने का जिम्मा राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव के कंधे पर है। राहुल गांधी ने भागलपुर में एक रैली 20 अप्रैल को कांग्रेस के लिए की और फिर दूसरी बार 27 मई को तीन रैलियां करने आए। राहुल ने इस बार पटना साहिब में कांग्रेस, पाटलिपुत्र में आरजेडी और आरा में सीपीआई-एमएल के लिए वोट मांगा। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे तीन बार आए और सिर्फ कांग्रेस की सीट किशनगंज, कटिहार, समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर और सासाराम में कुल पांच रैलियां की। कांग्रेस के लिए देश भर में घूम रहीं प्रियंका गांधी बिहार नहीं आईं।

एनडीए कैंप में बीजेपी ने सारे बड़े नेताओं को बिहार में खूब घुमाया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी और यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ की बिहार में अब तक 52 सभाएं हो चुकी हैं। मोदी 25 मई को चुनाव में आठवीं बार बिहार आए और कुल 15 सभाएं की। जेडीयू अध्यक्ष और सीएम नीतीश कुमार, लोजपा-आर अध्यक्ष चिराग पासवान, हम अध्यक्ष जीतनराम मांझी और रालोमो अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा समेत भाजपा के प्रांतीय नेताओं की हर रोज रैलियां अलग।

बिहार में महागठबंधन के तहत आरजेडी 23, कांग्रेस 9, वीआईपी 3, सीपीआई माले 3, सीपीआई 1 और सीपीएम 1 सीट लड़ रही है। दूसरी तरफएनडीए में बीजेपी 17, जेडीयू 16, लोजपा-आर 5, रालोमो 1 और हम 1 सीट पर लड़ रही है। ये सच है कि कांग्रेस बिहार में भाजपा से आधी सीट लड़ रही है लेकिन बिहार में कांग्रेस के प्रचार से राष्ट्रीय नेता जिस तरह से दूर चल रहे हैं, वो राज्य में पार्टी की गंभीरता का एक नमूना है। राजद और एक लेफ्ट पार्टी के लिए राहुल ने आखिरी दौर में एक-एक रैली की। तेजस्वी और मुकेश सहनी ही सबके उम्मीदवारों के लिए उड़ रहे हैं।

पीएम मोदी ने अब तक बिहार में 15 रैलियां और पटना में भाजपा के लिए एक रोड शो किया है। मोदी की 15 रैलियों में 9 रैलियां भाजपा जबकि बाकी 6 सहयोगी दलों के कैंडिडेट के लिए हुई हैं। मोदी ने नीतीश की जेडीयू के लिए पूर्णिया और मुंगेर, चिराग पासवान की लोजपा-रामविलास के लिए जमुई और हाजीपुर, हम के जीतनराम मांझी के लिए गया और रालोमो के उपेंद्र कुशवाहा के लिए काराकाट में रैली की है। भाजपा के लिए पीएम मोदी ने नवादा, अररिया, दरभंगा, मुजफ्फरपुर, सारण, पूर्वी चंपारण, महाराजगंज, बक्सर और पाटलिपुत्र में सभाएं की है।

न्यूज गैलरी

भाटापारा लोकोत्सव में लोक कला संस्था सुरता की धूम

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ी लोक कला के उन्नयन हेतु बीते 33 वर्षों से भाटापारा में सतत आयोजित लोकोत्सव 2024 में लोक कला मंच सुरता ने मनमोहक प्रस्तुति दी। लोकोत्सव में सूरता के संचालक वरिष्ठ रंगकर्मी विजय मिश्रा 'अमित' को डॉक्टर जितेंद्र आडिल स्मृति सम्मान से अलंकृत किया गया। त्रिदिवसीय लोकोत्सव में सुरता टीम के पैंतीस कलाकारों ने सुवा,करमा, ददरिया,मावलिया जश गीतों की प्रस्तुति से जनमन को मंत्रमुग्ध कर दिया।सुरता के नृत्य निदेशक नरेंद्र जलक्षत्रीय की भरपूर सराहना हुई। इस अवसर पर सभी कलाकार को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

सम्पूर्ण प्रोजेक्ट का कार्य जून अंत तक करवाने आयुक्त के निर्देश

रायपुर/नवप्रदेश।रायपुर जिला कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के आदेषानुसार आज नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त श्री अबिनाष मिश्रा ने सरोना में निरंतर जारी लीजेसी वेस्ट रेमीडिएषन के कार्य की प्रगति का प्रत्यक्ष निरीक्षण जोन 8 जोन कमिष्नर श्री अरूण ध्रुव, कार्यपालन अभियंता श्री अभिषेक गुप्ता, स्वच्छ भारत मिषन के कार्यपालन अभियंता श्री रधुमणी प्रधान, सहायक अभियंता श्री योगेष कडु, इंडिपेंडेंट इंजीनियर विभाषा साल्युषन्स के प्रतिनिधि एवं अनुबंधित ठेकेदार की उपस्थिति में करते हुए कार्य की स्थल समीक्षा की ।

आयुक्त श्री अबिनाष मिश्रा ने स्थल निरीक्षण के दौरान सरोना में लीजेसी वेस्ट रेमीडिएषन के कार्य को मषीनरी एवं संसाधन बढ़ाकर तत्काल गतिमान करवाने एवं मानसून के पूर्व अधिकतर कार्य तेजी के साथ पूर्ण करवाना प्राथमिकता से सुनिष्चित करने के निर्देष दिये है। आयुक्त ने प्रोजेक्ट का सम्पूर्ण कार्य जून माह के अंत तक हर हाल में प्राथमिकता से पूर्ण करवाना सुनिष्चित करने निर्देषित किया है।

किडनी के गंभीर रोगों पर अनुसंधान और प्रशिक्षण कार्यक्रमों की आवश्यकता

रायपुर/नवप्रदेश। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में किडनी के गंभीर रोगों (सीकेडी) पर आयोजित व्याख्यान में प्रख्यात नेफ्रोलॉजिस्ट और प्रदेश सरकार के विशेषज्ञ प्रो. विवेकानंद झा ने कहा है कि प्रदेश में सीकेडी के विषय में अभी और शोध एवं अनुसंधान की जरूरत है। साथ ही बढ़ते रोगियों की संख्या को देखते हुए चिकित्सकों और तकनीकी कर्मचारियों को बेहतर प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाना चाहिए। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के नेफ्रोलॉजी विभाग के तत्वावधान में आयोजित व्याख्यान में प्रो. झा ने कहा कि विश्व में प्रत्येक 10वां व्यक्ति किडनी रोगों से पीड़ित है। इसमें से कई किडनी रोगों के कारणों का अभी भी पता नहीं चला है।

सावरकर को पढ़ लो, दूर हो जाएगा डिप्रेशन : पेंडसे

- **महाराष्ट्र मंडल में मनाई गई स्वातंर्त्य वीर विनायक दामोदर सावरकर की जयंती**
- **अमृत काल में सरकार भी चल रही वीर सावरकर के बताए मार्ग पर: तोपलाल**

रायपुर/नवप्रदेश। गोलियां खाकर डिप्रेशन दूर करने वाले एक बार सावरकर को पढ़ लें, तो उनकी डिप्रेशन की बीमारी हमेशा के लिए दूर हो जाएगी। स्वतंर्त्य वीर विनायक दामोदर सावरकर के जीवन में ऐसी घटनाएं एक के बाद एक होते चली गईं, जो उन्होंने सोचा ही नहीं था। लगातार विफ्लताओं के बावजूद सावरकर न कभी निराश हुए और न ही अपने लक्ष्य से भटके। उनके अटूट आत्मबल, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, लेखन कौशल, सहनशीलता, बुद्धिमता, वाकपटुता जैसे अनेक गुणों से आसपास के लोग ही उनसे प्रभावित नहीं थे, बल्कि उनके विचारों से आलोचकों से लेकर ब्रिटिश शासन के अधिकारी भी उनकी अनदेखी नहीं कर पाते थे। वीर सावरकर जयंती पर उक्ताशय के विचार प्रफुल्ल पेंडसे ने व्यक्त किए।

महाराष्ट्र मंडल में सावरकर जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में अध्यक्ष अजय काले के अध्यक्षीय संबोधन के बाद मुख्य वक्ता चार्टर्ड एकाउंटेंट प्रफुल्ल पेंडसे ने कहा कि वीर सावरकर को पता था कि कौन सी घटना का प्रभाव कब तक और कितनी देर तक रहेगा। वर्ष 1905 में विदेशी कपड़ों की बड़े पैमाने पर होली जलाने की रूपरेखा उन्होंने लोकमान्य गंगाधर तिलक के विचारों से प्रेरित होकर बनाई थी। यह घटना कितनी व्यापक थी कि इससे उस जमाने में ब्रिटिश गवर्नमेंट को 3.5 करोड़ पॉन्ड का नुकसान हुआ था। इसके साथ ही बड़े पैमाने पर बाजारों विदेशी कपड़ों की बिक्री भी बंद हो गई थी। सावरकर पर लगभग 80 मिनट धाराप्रवाह बोलते हुए पेंडसे ने कहा कि जो कर (हाथ) सवार दे, वही सावरकर होता है। दुनिया में वीर सावरकर ऐसे एकमात्र व्यक्ति थे, जिन्हें दो विभिन्न प्रकरणों में 25- 25 साल के कैद की सजा हुई थी। इसके लिए उन्हें अंडमान निकोबार के सेल्यूलर जेल ले जाया गया। जहां के जेलर आइरिश नागरिकता वाले डेविड बेरी से उनका सामना हुआ। डेविड से चर्चा में सावरकर ने कहा कि इस बात की क्या गारंटी है कि मेरे 25- 25 साल के कैद में रहने तक भारत देश में ब्रिटिश सरकार बनी रहेगी। वहीं कानूनन एक मानव जीवन में कार्यावधि 25 साल का होती है और ब्रिटिश अदालत ने मुझे 25- 25 साल की दो बार सजा दी है अर्थात एक सजा मुझे इस जन्म में भुगतनी है और दूसरी अगले जनम में 7 अर्थात ब्रिटिश सरकार हिंदू धर्म की पुनर्जन्म वाली अवधारणा को मानती है।

इसी तरह सावरकर ने जेल के जमादार मिर्जा बाबू के अत्याचारों का भी जमकर विरोध किया। मिर्जा सेलुलर जेल में कैदियों को क्रूरतम सजा देने के लिए कुख्यात था। इसी दहशत के आधार पर वह कैदियों का मतांतरण भी करवाता था। सावरकर ने न केवल इसका विरोध किया, बल्कि जेल के लगभग सभी कैदियों को उनके मूल धर्म में वापस लाया। साथ ही 90 फीसदी कैदियों को शिक्षित भी किया।

प्रफुल्ल पेंडसे के मुताबिक सेलुलर जेल में सावरकर को बिना किसी औजार के नंगे हाथों से सैकड़ों नारियल छीलने होते थे। उसके बाद नारियल को कोल्हू में डालकर प्रतिदिन 30 पॉन्ड अर्थात 13 किलो नारियल तेल निकालना होता था। बैल के द्वारा किया जाने वाला यह कार्य जेल में न केवल उनसे लिया जाता था, बल्कि काम के अनुपात में भोजन नहीं मिल दिया जाता था। इसके बावजूद वीर सावरकर का आत्मबल अटूट रहा। वह अपने 7म12 के सेल में राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत 20 पंक्तियां लिखते। उसे याद करते और अगले दिन उसे मिटाकर फिर नई 20 पंक्तियां लिखते थे। अपने 10 साल के कारावास में विनायक दामोदर ने 6000 पंक्तियां न केवल लिखीं बल्कि उन्हें याद भी किया। साल 1914 में जेल से रिहा होने के बाद सावरकर जब रत्नागिरी पहुंचे, तो उन्होंने सेलुलर जेल में लिखी हुई 6000 पंक्तियों को अपनी स्मरणशक्ति से कागज पर दोबारा लिख दिया। गौरतलब है कि जेल के नारकीय जीवन में अवसाद तो उन्हें छूट तक नहीं गया था। बल्कि वे राष्ट्र भक्ति से ओतप्रोत ओजस्वी पंक्तियां लिखते थे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत संघचालक तोपलाल वर्मा ने कहा कि बाल्य काल में ही विनायक दामोदर सावरकर ने मित्र मेला समूह बनाकर आजादी के बारे में विचार करना शुरू कर दिया था।

राज्य सरकार कर रही व्यापारियों का दमन : कन्हैया अग्रवाल

- **सरकार के लूट मचाने काले कानून के खिलाफ करेंगे बड़ा आंदोलन : आनंद**

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रियल एसोसिएशन के अध्यक्ष आनंद चोपकर और कार्यकारी अध्यक्ष कन्हैया अग्रवाल ने राज्य में ई-वे बिल के प्रावधानों में दी गई छूट को समाप्त किए जाने का कड़ा प्रतिकार करते हुए कहा कि सरकार के इस निर्णय से अफसरशाही बढ़ेगी, व्यापारी परेशान होगा और भ्रष्टाचार का बोलबाला होगा ।

उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में व्यवसायियों के लिए अब जिले के अंदर भी 50 हजार रुपए मूल्य से अधिक के सामान विक्रय कर परिवहन करने पर ई-वे बिल जेनरेट करना आवश्यक होगा जिससे व्यापार में जटिलता बढ़ेगी और व्यापारियों को जबरन चोर ठहरा कर वसूली होगी ।

उन्होंने कहा कि सरकार बने अभी 06 महीने भी नहीं हुए हैं और व्यापारियों के ऊपर लगातार आफत आ रही है । पहले स्टेट जीएसटी के हजारों की संख्या में जारी नोटिस से व्यापारी घबराया हुआ था अब ई - वे बिल के रूप में एक और मुसीबत आ गई है ।

उन्होंने कहा कि सरकार व्यापारियों को प्रताड़ित करना तत्काल बंद करे । जीएसटी के नोटिस ऑन के माध्यम से जिस तरह से अधिकारी व्यापारियों को धमका रहे हैं उस पर तत्काल रोक लगनी चाहिए और जिले के अंदर पचास हजार से अधिक के प्रत्येक बिल पर लगने वाले ई वे बिल के कानून को सरकार तत्काल प्रभाव से वापस ले अन्यथा व्यापारी आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

मौसम विभाग ने जारी किया लू का अलर्ट

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में नौतपा के चलते लोगों को गर्मी की डबल मार झेलनी पड़ रही है। छत्तीसगढ़ के रायपुर, दुर्ग और बिलासपुर शहर में तापमान 44 से 45 डिग्री तक पहुँच चुका हैं। ऐसे में मौसम विभाग ने लू को लेकर अलर्ट जारी किया हैं। 30 मई तक लोगों को गर्मी से और परेशान होना पड़ सकता है। 28 मई को प्रदेश के गौरेला पेंड्रा मरवाही, बिलासपुर, मुंगेली, रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, मोहला मानपुर, अंतागढ़, अंबागढ़ चौकी, खैरागढ़ छुईखदान गंडई, बालोद, बेमेतरा और कबीरधाम जिले के एक दो स्थानों पर हीट वेव चल सकता है। मौसम विभाग ने 29 और 30 मई को प्रदेश के बिलासपुर, रायपुर और दुर्ग संभाग के लगभग अधिकांश जिलों में हीट वेव चलने की संभावना जताई है। बताया गया हैं कि आज मंगलवार को भी तापमान 45 से अधिक रहेगा।

आयुक्त ने किया कन्नौजे समाज सामुदायिक भवन का निरीक्षण

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर जिला कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के आदेषानुसार नगर निगम आयुक्त श्री अबिनाष मिश्रा नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न जोनो में जारी योजनाओं की कार्य प्रगति का प्रत्यक्ष निरीक्षण निरंतर अधिकारियों सहित कर रहे है एवं वर्षा पूर्व कार्यो को गतिमान करने अधिकारियों को आवष्यक निर्देष दे रहे है।

आयुक्त श्री अबिनाष मिश्रा ने नगर निगम जोन 5 के तहत लीली चैक पुरानी बस्ती के समीप लगभग 19 लाख की लागत से पूर्व के पुराने व जर्जर नाले की आवष्यक मरम्मत एवं सुधार के प्रगतिषील कार्य का निरीक्षण जोन 5 जोन कमिष्नर श्री विमल शर्मा, कार्यपालन अभियंता श्री लाल महेन्द्र सिंह सहित संबंधित जोन अधिकारियों की उपस्थिति में किया एवं कार्य को लेकर संतोष व्यक्त करते हुए कार्य को शीघ्र पूर्ण करवाना सुनिष्चित करने के निर्देष दिये।

आयुक्त श्री अबिनाष मिश्रा ने बंधवा तालाब के समीप लगभग 48 लाख की लागत से निर्माणाधीन नाला के कार्य की प्रगति का निरीक्षण एव कार्य पर संतोष व्यक्त करते हुए सम्पूर्ण कार्य को शीघ्र पूर्ण करवाने निर्देषित किया । आयुक्त ने मुख्यमंत्री की घोषणा के परिपालन में लगभग 25 लाख रू. की स्वीकृत लागत से कुषालपुर में बनाये जा रहे सामुदायिक भवन के कार्य की प्रगति का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। कन्नौजे समाज सामुदायिक भवन का कुषालपुर में निर्माण एवं विकास कार्य लगभग पूर्णता की ओर अग्रसर है।

सरकारी काम-काज की भाषा को सहज रूप से समझने छत्तीसगढ़ कार्यालय प्रबंधन एवं प्रशासन का प्रकाशन

रायपुर/नवप्रदेश। सरकारी काम-काज की भाषा आम लोगों की समझ से कोसों दूर रहती है। आम तौर पर सरकारी आदेश समझने में आवेदनकर्ताओं को अनेक कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। उक्त समस्या के निदान के लिए सरस्वती बुक्स प्रकाशन भिलाई दिल्ली को ने अरविंद मिश्रा की किताब का प्रकाशन कर आम लोगों को सरकारी काम-काज समझने के लिए सहजता एवं सरलता से किताब लिखी है। उक्त किताब के प्रकाशन से जनसमस्या के निदान में होने वाले सरकारी आदेशों को समझने में आवेदकर्ता को सहूलियत होगी।

अवैध कब्जों पर नजर रखें जोन अधिकारी

रायपुर/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त श्री अबिनाष मिश्रा ने नगर निगम जोन 1 कार्यालय पहुंचकर अपर आयुक्त श्री विनोद पाण्डेय, जोन 1 जोन कमिष्नर श्री हितेन्द्र यादव, कार्यपालन अभियंता श्री गजाराम कंवर, सहायक अभियंता श्री सैय्यद जोहेब सहित जोन के संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति में जोन के कार्यो की समीक्षा कर आवष्यक निर्देष दिये।

आयुक्त श्री अबिनाष मिश्रा ने जोन अधिकारियों को जोन 1 के संत कबीर दास वार्ड के गोंदवारा तालाब के सौंदर्यीकरण के प्रोजेक्ट का शेष कार्य शीघ्रता से पूर्ण करवाने के निर्देष दिये। आयुक्त ने मुख्यमंत्री की घोषणा के परिपालन में जोन क्षेत्र में निर्माणाधीन सामुदायिक भवन के कार्य सहित विभिन्न वार्डो में चल रहे विधायक निधि एवं पार्षद निधि के प्रगतिरत विकास कार्यो को सतत मॉनिटरिंग कर गुणवत्ता युक्त तरीके से शीघ्र पूर्ण करवाना सुनिष्चित करने के निर्देष दिये है। आयुक्त ने जोन 1 क्षेत्र में विभिन्न चैक चैराहों एवं मार्ग विभाजकों का सौंदर्यीकरण करवाकर उनमें पौधरोपण जन सहभागिता के माध्यम से करवाना सुनिष्चित करने के निर्देष दिये है।

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के कार्यकारी निदेशक पंकज द्विवेदी का रायपुर दौरा

रायपुर/नवप्रदेश। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के कार्यकारी निदेशक श्री पंकज द्विवेदी दो दिन के रायपुर प्रवास पर रहे। कार्यकारी निदेशक श्री पंकज द्विवेदी जी द्वारा बड़ी शाखाओं का निरीक्षण किया गया व व्यवसाय बढ़ाने के सुझाव दिये गए। उक्त प्रवास के दौरान वे विभिन्न यूनिट्स के दौरे पर गये एवं अच्छे व्यापार की संभावनाओं को तलाशने पर जोर दिया। क्षेत्रीय कार्यालय के स्टाफ सदस्यों की बैठक के दौरान उनके द्वारा विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श किया गया व शाखाओं को प्रेरित करने पर बल दिया गया। कार्यकारी निदेशक महोदय द्वारा शाखा प्रबंधकों की समीक्षा बैठक की गयी, प्रतिष्ठित ग्राहकों से मुलाकात की गई व अपने अनुभव साझा किए गए तथा भविष्य मे नए खातों को लाने का आग्रह किया गया।

इस अवसर पर बैंक द्वारा एक स्व-सहायता समूह ऋण वितरण शिविर का आयोजन ग्राम तेंदुआ, रायपुर में किया गया जिसमें ग्राम तेंदुआ के स्व सहायता समूहों की महिला उघमियों को ऋण अनुमोदन पत्र प्रदान किये गए। इसके साथ ही एक ष्टस्क्रष्ह्लद्ब1द्बह्ल4 भी आयोजित की गयी जिसके अंतर्गत स्व-सहायता समूहों को वित्तीय सहायता प्रदान की गई जिसके अंतर्गत पीकू मशीनों एवं वाटर कूलर का वितरण किया गया। कार्यकारी निदेशक महोदय श्री द्विवेदी द्वारा बताया गया कि वर्तमान में बैंक द्वारा महिला सशक्तिकरण को बढ़ाने एवं महिलाओं को श्रम रोजगार के नए अवसर देने की दिशा में सरहनीय कदम उठाए जा रहे हैं।

बीएएसएलपी पाठ्यक्रम वर्ष 2024-25 में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

रायपुर/नवप्रदेश। पंडित जवाहर लाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर के नाक, कान व गला रोग विभाग (ई. एन. टी.) के अंतर्गत संचालित बैचलर ऑफ ऑडियोलॉजी स्पीच लैंग्वेज पैथोलॉजी (बी. ए. एस. एल. पी.) पाठ्यक्रम 2024-25 में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। बी.ए.एस.एल.पी. पाठयक्रम में प्रवेश हेतु आवेदन फार्म एवं विवरणिका (प्रोस्पेक्टस) बी.ए.एस.एल.पी. पाठ्यक्रम रायपुर की वेबसाइट डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डॉट रायपुरबीएसएलपी डॉट ओआरजी से डाउनलोड कर पूर्ण रूप से भर कर भेजना अनिवार्य है। आवेदन फार्म जमा करने की प्रारंभिक तिथि 28 मई 2024 तथा अंतिम तिथि 27 जून 2024 है तथा विलंब शुल्क अतिरिक्त 100 रूपये के साथ फार्म 29 जून 2024 तक जमा किये जा सकते हैं। आवेदन किये हुए अभ्यर्थियों की मेरिट सूची दिनांक 04.07.2024 को वेबसाइट डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डॉट रायपुरबीएसएलपी डॉट ओआरजी में जारी की जाएगी। उपरोक्त जारी किए हुए मेरिट सूची में दावा आपत्ति हेतु अभ्यर्थी दिनांक 10.07.2024 तक आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त दिनांक के पश्चात् दावा आपत्ति हेतु प्रस्तुत किए गए आवेदन स्वीकार नहीं किये जाएंगे। आवेदन किए हुए अभ्यर्थियों की दावा-आपत्ति उपरांत अंतिम मेरिट सूची दिनांक 12.07.2024 को वेबसाइट डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डॉट रायपुरबीएसएलपी डॉट ओआरजी में जारी की जाएगी। बी.ए.एस.एल.पी. पाठयक्रम में प्रवेश हेतु काउंसलिंग दिनांक 15.07.2024 को आयोजित की जाएगी। आवेदन शुल्क सामान्य वर्ग 600 (छह सौ रूपये मात्र) एवं छ.ग. के अनु.जाति, अनु. जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग हेतु 350 (तीन सौ पचास रूपये मात्र) का डिमांड ड्राफ्ट बी ए एस एल पी कोर्स पं. जे. एन. एम. मेडिकल कॉलेज, रायपुर (छ. ग.) के नाम से देय होगा।

अवैध प्लाटिंग पर निरंतर कार्रवाई करने के निर्देश

रायपुर/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त श्री अबिनाष मिश्रा ने नगर निगम जोन 8 कार्यालय में अपर आयुक्त श्री विनोद पाण्डेय, अधीक्षण अभियंता श्री राजेष शर्मा, जोन 8 जोन कमिष्नर श्री अरूण ध्रुव, कार्यपालन अभियंता श्री अभिषेक गुप्ता , सहायक अभियंता श्री ईष्वर लाल टावरे सहित संबंधित जोन अधिकारियों की उपस्थिति में बैठक लेकर जोन के कार्यो की समीक्षा करते हुए आवष्यक निर्देष दिये।

आयुक्त श्री अबिनाष मिश्रा ने जोन अधिकारियों को निर्माण एवं विकास के प्रगतिरत सभी कार्यो को सतत निगरानी करते हुए शीघ्र जनहित में जनसुविधा हेतु सुरक्षा हेतु गुणवत्ता युक्त तरीके से पूर्ण करवाना सुनिष्चित करवाने के निर्देष दिये है। आयुक्त ने वार्डो में गर्मी के दौरान पेयजल संकट का त्वरित निदान करने व्यवहारिक आवष्यकता अनुसार बोर खनन के कार्य करवाने निर्देषित किया है।

16 परिवारों को मिलेगा पीएम आवास योजना का पक्का मकान

- **नगरीय प्रशासन संचालक कुंदन कुमार एवं निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने स्थल निरीक्षण किया**

रायपुर/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम रायपुर के जोन 3 क्षेत्र के तहत आने वाले दुर्गा नगर इंदिरावती कालोनी बस्ती क्षेत्र के 116 परिवार प्रधानमंत्री आवास योजना के पक्के एवं रिक्त मकानों में शीघ्र व्यवस्थापित किये जायेंगे । उक्त स्थल पर हाउसिंग बोर्ड का प्रोजेक्ट का क्रियान्वयन जनहित में जनसुविधा हेतु राज्य शासन की लोकहितैषी मंषा के अनुरूप किया जाना शासन के निर्देशानुसार शीघ्र प्रस्तावित है। राज्य नगरीय प्रषासन एवं विकास विभाग एवं हाउसिंग बोर्ड संचालक कुंदन कुमार एवं रायपुर नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने दुर्गा नगर बस्ती पहुंचकर हाउसिंग बोर्ड प्रोजेक्ट के स्थल का निरीक्षण किया।

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग और हाउसिंग बोर्ड संचालक कुंदन कुमार एवं नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने दुर्गा नगर इंदिरावती कालोनी बस्ती में प्रस्तावित हाउसिंग बोर्ड के प्रोजेक्ट का निरीक्षण जोन 3 जोन कमिष्नर सुश्री प्रिती सिंह , कार्यपालन अभियंता राजेश राठौर, उपअभियंता नरेश साहू, जोन 3 के संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति में किया एवं सर्वे के अनुसार संबंधित 116 चिन्हित परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना के रिक्त पक्के मकानों में व्यवस्थापित किये जाने का कार्य 15 जून के पूर्व करवाना सुनिष्चित करने के निर्देष दिये, ताकि व्यवस्थापित परिवारों को मानसून में किसी प्रकार की कोई असुविधा ना होने पाये। इस संबंध में नगरीय प्रषासन एवं विकास विभाग एवं हाउसिंग बोर्ड संचालक और नगर निगम आयुक्त को जोन अधिकारियों ने बताया कि संबंधित 116 परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्मित पक्के नये मकानों में व्यवस्थापित किया जाना प्रस्तावित है।

नगरीय प्रषासन एवं विकास विभाग और हाउसिंग बोर्ड संचालक और नगर निगम आयुक्त ने अधिकारियों को हाउसिंग बोर्ड के प्रोजेक्ट का शीघ्र क्रियान्वयन राज्य शासन के निर्देषानुसार करवाने संबंधित क्षेत्र के 116 चिन्हित परिवारों को व्यवस्थापित किये जाने की कार्यवाही लोकसभा निर्वाचन की आदर्ष आचरण संहिता समाप्त होने के पष्चा मानसून पूर्व सुनिष्चित करवाने के निर्देष दिये है।

राजधानी में अपराधियों के हौसले बुलंद, आधा दर्जन इलाकों में मारपीट की घटना

रायपुर/नवप्रदेश। रविवार की रात पुराने विवाद को लेकर शहर के छह अलग-अलग स्थानों में मारपीट की घटना हो गई। आरोपितों ने जान लेवा हमला करने डंडा, पाइप, हाकी स्टिक और नुकीली चीजों का जमकर इस्तेमाल किया। शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। सभी घटनाओं में शामिल आरोपित फरार हैं। पुलिस के मुताबिक पहली घटना रविवार रात 7.30 बजे छोटा रामनगर में पंडा होटल के पास घटी। कृष्णा क्षत्री व साथियों ने जितेंद्र श्रीवास (48) के साथ पुराने विवाद पर हाथ मुक्के से उसकी पिटाई कर दी। दूसरी घटना झंडा चौक,रामनगर गुढियारी में हुई।

निर्माणाधीन शास्त्री बाजार परिसर का निरीक्षण करने पहुंचे कलेक्टर

- **तीन मंजिला परिसर जून तक पूरा करने की तैयारी में जुटा है रायपुर स्मार्ट सिटी**

रायपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट तहत बन रहे तीन मंजिला शास्त्री बाजार परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान नगर निगम कमिश्नर श्री अबिनाश मिश्रा भी उनके साथ थे। कलेक्टर डॉ. सिंह ने अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसी को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रोजेक्ट के शेष निर्माण कार्य जून माह तक पूरा करें साथ ही दुकानों के आबंटन की कार्यवाही भी सुनिश्चित करें।

स्मार्ट सिटी मिशन के तहत निर्माणाधीन तीन मंजिला शास्त्री बाजार परिसर में ग्राउंड फ्लोर सहित प्रत्येक तल पर 21 दुकान निर्मित की जा रही है। पूरे परिसर में कुल 84 दुकानें तैयार होंगी। परिसर के बेसमेंट पार्किंग में 70 बाइक एवं 30 कार रखने की व्यवस्था की गई है। इस बिल्डिंग की छत में सौर पैनल लगाकर सौर ऊर्जा से परिसर को रोशन करने की योजना भी रायपुर स्मार्ट सिटी लि. ने बनाई है। लगभग 9 करोड़ रुपए की लागत से निर्माणाधीन यह परिसर जून अंत तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

निरीक्षण भ्रमण के दौरान रायपुर स्मार्ट सिटी के प्रबंध संचालक श्री अबिनाश मिश्रा ने प्रोजेक्ट से जुड़े तकनीकी पहलुओं से अवगत कराने के साथ ही दुकानों के आबंटन के संबंध में कलेक्टर को अवगत कराया। निरीक्षण भ्रमण के दौरान रायपुर स्मार्ट सिटी के मुख्य परिचालन अधिकारी श्री उज्जवल पोरवाल, महाप्रबंधक (तकनीकी) श्री पी.के. पंचायती, अतिरिक्त महाप्रबंधक (तकनीकी) इमरान खान, जोन 3 कमिश्नर प्रीति सिंह, कार्यपालन अभियंता श्री राकेश अवधिया, उप-प्रबंधक श्री संजय अग्रवाल, असिस्टेंट मैनेजर श्री योगेन्द्र साहू सहित कार्य एजेंसी की टीम उपस्थित रहीं।

सुविचार

हमारे जीवन में आने वाला कठिन समय दर्पण की तरह होता है जो हमें हमारी शक्ति का दर्शन कराता है। - अज्ञात

बंगाल में दीदी को लग सकता है झटका

लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के लिए 1 जून को बंगाल की बची हुई सीटों पर मतदान होने जा रहा है। पिछले 6 चरणों के मतदान के दौरान जहां देश के अन्य राज्यों में मतदान का प्रतिशत 60 से 65 प्रतिशत ही रहा। वहीं बंगाल में 70 प्रतिशत से ज्यादा मतदान हुआ है। जिसे राजनीतिक विश्लेषक ममता बनर्जी सरकार के खिलाफ मतदान मान कर चल रहे हैं। सातवें और आखिरी चरण में भी बंगाल में इसी तरह रिकॉर्ड मतदान होने की संभावना जताई जा रही है। यदि इस बार भी वहां 70 प्रतिशत से ज्यादा मतदान होता है तो यह साफ हो जाएगा कि इस बार के लोकसभा चुनाव में ममता बनर्जी को जोर का झटका जोर से लगने जा रहा है। बंगाल में हर चरण के मतदान के दौरान छिटपुट हिंसा की घटनाएं भी हुई थी। बंगाल की सियासत के रक्त चरित्र को दृष्टिगत रखते हुए चुनाव आयोग ने बंगाल में चुनाव के दौरान अतिरिक्त सुरक्षाबल की तैनाती कर वहां मतदान के लिए सुरक्षा के चाकचौबंद इंतजाम कराए थे। यही वजह है कि वहां इस बार अपेक्षाकृत कम हिंसा हुई और लोगों ने निर्भीक होकर मतदान में हिस्सा लिया। बंगाल में भाजपा ने अपनी पूरी ताकत झोंक रखी है। अंतिम चरण के मतदान के पूर्व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वहां जमकर प्रचार किया है। उन्होंने बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर जमकर निशाना साधा है। पीएम मोदी के अनुसार तृणमूल कांग्रेस का टेरर मॉडल अब खत्म होने जा रहा है। और भाजपा को बंगाल में सबसे बड़ी सफलता मिलने जा रही है। गौरतलब है कि 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने 42 लोकसभा सीटों में से 18 सीटें जीतने में सफल हुई थी। इसी तरह पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा ने लंबी छलांग लगाते हुए 80 सीटों पर जीत दर्ज की थी। इस बार भाजपा ने बंगाल में लोकसभा की 30 सीटें जीतने का लक्ष्य रखा है। इसमें भाजपा को कितनी सफलता मिलेगी यह 4 जून को ही पता चलेगा लेकिन यह तय माना जा रहा है कि इस बार बंगाल में भाजपा अपना पुराना रिकॉर्ड तोड़ने में सफल हो सकती है। बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष ममता बनर्जी के लिए संदेशखाली की घटना मुसीबत का कारण बन सकती है। ममता बनर्जी के कार्यकाल में वहां हुआ भ्रष्टाचार भी एक बड़ा चुनावी मुद्दा बन गया है। ऐसी स्थिति में कोई बड़ी बात नहीं की भाजपा बंगाल में इस बार तृणमूल कांग्रेस से ज्यादा सीटें जीतने में सफल हो जाए। गौरतलब है कि बंगाल में आईएनडीआईए का गठबंधन पहले ही टूट चुका है। ममता बनर्जी ने कांग्रेस और वामपंथी दलों को एक भी सीटें नहीं दी है। इसलिए वहां त्रिकोणीय संघर्ष की स्थिति निर्मित हो गई है। ममता बनर्जी को भाजपा के साथ ही कांग्रेस और वामपंथी दलों की चुनौती का भी सामना करना पड़ रहा है। जिसका ममता बनर्जी को कितना नुकसान उठाना पड़ेगा यह 4 जून को चुनावी नतीजे घोषित होने के बाद पता चलेगा।

केजरीवाल को सुको से नहीं मिली राहत

नई दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट ने 10 मई को अंतरित जमानत दे दी थी। ताकि वे चुनाव प्रचार कर सके उनकी अंतरिम जमानत की अवधि 1 जून को समाप्त हो रही है। 2 जून को उन्हें फिर से तिहाड़ जेल जाना है। अरविंद केजरीवाल ने अपने वकील अभिषेक मनु सिंघवी के जरिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की थी कि स्वास्थ्य के आधार पर उनकी अंतरिम जमानत की अवधि एक सप्ताह के लिए बढ़ा दी जाए। अरविंद केजरीवाल को उम्मीद थी कि इस बार भी सुप्रीम कोर्ट उन्हें राहत देगा किन्तु सुप्रीम कोर्ट ने उनकी याचिका पर तत्काल सुनवाई से इंकार कर दिया और उनके वकील से कहा गया कि वे इस बारे में चीफ जस्टिस के सामने ही याचिका लगाएं। वही इस पर फैसला दे सकते हैं। यहां तक कि सुप्रीम कोर्ट के दो जजों की पीठ में इस याचिका की लिस्टिंग से भी इंकार कर दिया। जाहिर है यह अरविंद केजरीवाल के लिए एक बड़ा झटका है। दरअसल अरविंद केजरीवाल चुनाव परिणाम की घोषणा होने तक जेल से बाहर रहना चाहते हैं क्योंकि उन्हें यह उम्मीद है कि 4 जून को आईएनडीआईए की सरकार बन सकती है। यदि ऐसा हुआ तो वे आईएनडीआईए की सरकार पर दबाव डालकर शराब घोटाले की जांच ही बंद करा देंगे। और इस तरह वे जेल जाने से बच जाएंगे। उनके ऐसे इरादों की भनक तो उसी समय सबको लग गई थी। जब वे नई दिल्ली में चुनाव प्रचार के दौरान यह कहते फिर रहे थे कि यदि आप लोगों ने आम आदमी पार्टी के प्रत्याशियों को चुनाव में विजयी बनाया और आईएनडीआईए की सरकार बनवाई तो उन्हें जेल नहीं जाना पड़ेगा। यही बात वे पंजाब में भी चुनाव प्रचार के दौरान कह रहे हैं। अरविंद केजरीवाल जानते हैं कि मेडिकल आधार पर भी वे सुप्रीम कोर्ट से राहत पा सकते हैं। इसीलिए उन्होंने अपने खराब स्वास्थ्य का हवाला देते हुए मेडिकल जांच कराने के लिए अपनी अंतरिम जमानत एक सप्ताह बढ़ाने की गुजारिश की थी। किन्तु सुप्रीम कोर्ट ने उनकी याचिका पर जल्द सुनवाई से इंकार कर उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। अब उन्हें 2 जून को सरंडर करना ही पड़ेगा। और तिहाड़ जेल जाना पड़ेगा। वैसे हो सकता वे अब जेल जाने से बचने कि लिए कोई और पैंतरा आजमाएं लेकिन इसमें वे शायद ही सफल हो पाएं।

मीडिया: दरकते भरोसे को बचाएं कैसे

प्रो. संजय द्विवेदी

अपने अधिकारों के लिए या अपने शहीदों के प्रति सम्मान प्रदर्शित करने के लिए सड़कों पर आना कतई गलत नहीं है और न ही यहां इसका विरोध किया जा रहा है, बल्कि कहने का आशय यह है कि एक पत्रकार जब अपना फर्ज निभाते हुए मारा जाता है तो उसकी शहादत, उस समाज से भी बदले में कुछ चाहती है,? जिसके लिए वह शहादत दी गई। बजाय इसके, हम उसके चरित्र पर सवाल उठाते हैं या उस पर हमले को जायज साबित करने की कोशिश करते हैं। कहने का आशय यह है कि अगर मीडिया और समाज के बीच विश्?वास मिट रहा है, तो इसके लिए अकेले मीडिया को ही दोषी नहीं ठहराया जा सकता। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि आखिर मीडिया भी तो हमारे समाज का ही एक हिस्?सा है, जैसा समाज हमने बीते कुछ दशकों में बनाया है, उसका असर मीडिया पर न पड़े, यह कैसे मुमकिन है। इसलिए अगर मीडिया के प्रति लोगों में, समाज में, विश्?वास की पुनर्बहाली करनी है, तो दोनों स्तर पर प्रयास करना आवश्यक हैज्व?योंकि ताली एक हाथ से नहीं बजती।

हिंदी पत्रकारिता दिवस मनाते समय हम सवालों से घिरे हैं और जवाब नदारद हैं। पं.जुगुलकिशोर शुकुल ने जब 30 मई ,1826 को कोलकाता से उदंत मार्तण्ड की शुरुआत की तो अपने प्रथम संपादकीय में अपनी पत्रकारिता का उद्देश्य लिखते हुए शीर्षक दिया - 'हिंदुस्तानियों के हित के हेत'। यही हमारी पत्रकारिता का मूल्य हमारे पुरखों ने तय किया था। आखिर क्यों हम पर इन दिनों सवालिया निशान लग रहे हैं। हम भटके हैं या समाज बदल गया है?

कुछ दिनों पहले दिनों, देश के एक प्रतिष्ठित अंग्रेजी दैनिक द्वारा आयोजित एक सम्मान समारोह में मुख्य न्यायाधीश श्री डी.वाई. चंद्रचूड़ ने कहा कि यदि किसी देश को लोकतांत्रिक रहना है, तो प्रेस को स्वतंत्र रहना चाहिए। जब प्रेस को काम करने से रोका जाता है, तो लोकतंत्र की जीवंतता से समझौता होता है। माननीय मुख्य न्यायाधीश, ऐसा कहने वाली पहली विभूति नहीं हैं। उनसे पहले भी कई बार कई प्रमुख हस्तियां प्रेस और मीडिया की स्वतंत्रता को लेकर मिलते-जुलते विचार सार्वजनिक रूप से अभिव्यक्त कर चुकी हैं। मीडिया को लोकतंत्र का चौथा स्तम्भ कहा जाता है, तो वह अकारण नहीं है। उसने समय-समय पर लोकतांत्रिक मूल्यों और सामाजिक हितों की रक्षा के लिए बहुत काम किया है और इसके लिए बड़ी कीमत भी चुकाई है। इसके बदले उसे समाज का, लोगों का भरपूर विश्वास और सम्मान भी हासिल हुआ है। लेकिन दुर्भाग्य से बीते दो-तीन दशकों में यह विश्वास लगातार दरकता गया है, सम्मान घटता गया है।

मीडिया की इस घटती प्रतिष्ठा और विश्वसनीयता के पीछे बहुत सारे कारण गिनाये जा सकते हैं। सबसे पहला तो यही है कि उदारीकरण की आंधी से पहले जिस मीडिया ने खुद को एक मिशन बनाए रखा था, उसने व्यावसायिकता की चकाचौंध में बहुत तेजी से अपना 'कॉरपोरेटाइजेशन' कर लिया और खुद को 'मिशन' की बजाए खालिस 'प्रोफेशन' बना लिया। अब जब यह प्रोफेशन बना तो इसकी प्राथमिकताएं भी बदल गईं। 'जन' की जगह 'धन' साध्य बन गया। अधिक से अधिक मुनाफा कमाने के चक्कर में मीडिया प्रतिष्ठानों ने अपने तौर-तरीके पूरी तरह बदल लिए। 'कंटेंट' की बजाय उन्होंने 'आइटम' पर ज्यादा ध्यान देना शुरू कर दिया, ताकि रीडरशिप और टीआरपी में ज्यादा से ज्यादा ऊंचाई पर पहुंचा जा सके। जितनी ज्यादा ऊंचाई, उतना ज्यादा विज्ञापन राजस्व। उसमें भी भारी घालमेल। अधिकतर अखबार और टीवी चैनल, सामग्री की गुणवत्ता की बजाए आंकड़ों की बाजीगरी में अधिक भरोसा करने लगे। लेकिन, या तो उन्होंने इस पेर ध्यान नहीं दिया, या फिर परवाह नहीं की, कि इस पूरे चक्र में वे समाज और लोगों का भरोसा खो रहे हैं।

अब स्थिति यह है कि मीडिया तो लगातार विस्तार कर रहा है, लेकिन लोगों में उसकी विश्वसनीयता लगातार कम हो रही है। आज मीडिया के बहुत सारे रूप हैं। मनोरंजन को छोड़ दीजिए, तो रेडियो ज्यादा लोग सुनते नहीं, टीवी देखते नहीं, अखबार पढ़ते नहींज अगर यह सब करते भी हैं, तो ये माध्यम उनके मन में कोई

सकारात्मकता जगा पाने में सफल नहीं हो पाते। जबकि कालांतर में ऐसे असंख्य अवसर आए हैं, जब मीडिया ने अपने सामाजिक और लोकतांत्रिक दायित्वों का भली-भांति निर्वहन किया है। विश्वसनीयता के मामले में पत्रकारिता को दो वर्गों में बांटा जा सकता है। एक, 21 वीं सदी के आरंभ से पहले की पत्रकारिता और दूसरी इसके बाद की पत्रकारिता। पहले वर्ग में वह पत्रकारिता आती है जो समाज के लिए जयप्रकाश नारायण और विश्वनाथ प्रताप सिंह जैसे नायकों को मजबूती प्रदान करती थी, भ्रष्टाचार के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करती थी, जनहित के लिए सत्ता की नाक में दम किए रहती थी। दूसरी पत्रकारिता वर्ष 2000 से बाद की पत्रकारिता है, जिसमें सनसनी है, स्टिंग हैं, मीडिया ट्रायल हैं, टीआरपी है, प्रायोजित यात्राएं हैं, निहित स्वार्थ हैं। अगर कुछ नहीं है, तो समाज का विश्वास। अब कोई मीडिया की ओर नहीं देखता। लोग उससे कोई उम्मीद नहीं रखते, उस पर भरोसा नहीं करते। उनके लिए मीडिया पर प्रसारित सामग्री मनोरंजन की चीज बन चुकी है। हालांकि अखबार अभी इस स्थिति तक नहीं पहुंचे हैं, लेकिन धीरे-धीरे बढ़ इसी राह पर रहे हैं।

इसकी दूसरी वजह पिछले दस-पंद्रह सालों में वैकल्पिक मीडिया, या डिजिटल मीडिया, का दिनोंदिन फैलता फलक हो सकती है। वैकल्पिक मीडिया ने, आम लोगों को अपनी बात सामने रखने की ऐसी सहूलियत प्रदान की है, जिसने पारंपरिक संचार माध्यमों पर उनकी निर्भरता खत्म कर दी है। अब वे अपनी समस्याएं या चिंताएं लेकर अखबारों-टीवी चैनलों के चक्कर नहीं काटते, बल्कि फेसबुक या ट्विटर पर पोस्ट करते हैं। क्योंकि इनमें उन्हें भरोसा रहता है कि अब उनकी बात बिना किसी बाधा या समस्या के उन तमाम लोगों तक पहुंच जाएगी, जिन तक पहुंचनी चाहिए।

तीसरी वजह, खुद वह समाज है जो मीडिया पर उसकी जिम्मेदारी ठीक से न निभाने का दोषारोपण तो करता है, लेकिन कभी किसी संकट के समय उसके साथ खड़ा नजर नहीं आता। 'रिपोर्टर विदआउट बॉर्डर्स' के मुताबिक वर्ष 2003 से 2022 तक, दो दशकों के दौरान दुनिया भर में 1668 पत्रकारों की हत्या हुई। यानि हर साल करीब 84 पत्रकार। इसके अलावा 'कमेटी टू प्रोटेक्ट जर्नलिस्ट्स' की 2022 की रिपोर्ट के मुताबिक इस साल एक दिसंबर तक 363 पत्रकारों को गिरफ्तार कर जेल में डाला गया। 'रिपोर्टर विदआउट बॉर्डर्स' की रिपोर्ट इनकी संख्या 533 बताती है। उनकी ताजा रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि दुनिया भर में पिछले साल 65 पत्रकारों और मीडियाकर्मियों को बंधक बनाकर रखा गया और 49 लापता हैं।

अब आप याद कीजिए कि क्या कहीं आपने किसी देश, शहर या समाज में लोगों को इस बात के लिए इकट्ठा होकर कोई सामाजिक आंदोलन या धरना प्रदर्शन करते देखा है कि अमुक पत्रकार को जेल से रिहा किया जाए, या अमुक पत्रकार के हत्यारों को गिरफ्तार किया जाए या अमुक पत्रकार, जिसका अर्से से कोई अता-पता नहीं है, उसका पता लगाया जाए। और तो और, जिन लोगों के हित के लिए पत्रकारों ने अपनी जान जोखिम में डाली है, समाज उनके परिवार की मदद के लिए भी कभी खड़ा नजर नहीं आता। वही समाज जो पानी न आने पर सड़कें जाम कर देता है, किसी सैनिक के शहीद होने पर श्रद्धांजलि यात्राएं निकालता है।

आज का इतिहास

नई दिल्ली वार्ता। 1826 में आज ही के दिन प्रथम हिंदी साप्ताहिक पत्र उदन्त मार्तण्ड का प्रकाशन हुआ था। 1909 में 30 मई को ही भारतीय हिंदी फ़िल्मों के सुप्रसिद्ध कथा, पटकथा और कहानी लेखक पण्डित मुखराम शर्मा का जन्म हुआ था।1935 में आज ही के दिन भारत के प्रख्यात सितार वादक देबू चौधरी का जन्म हुआ था। 1981 में आज ही के दिन बांग्लादेश के राष्ट्रपति जिया-उर-रहमान और उनके 8 सहयोगियों की हत्या हो गई थी और इसके बाद देश में आपातकाल लागू कर दिया गया था। 1987 में 30 मई को ही गोवा को राज्य का दर्जा मिला और यहा भारत का 26 वां राज्य बना था। 1996 में आज ही के दिन 6 वर्षीय बच्चे गेधुन चोकी नाइया को नया पंचेन लामा चुना गया था। 1998 में आज ही के दिन पाकिस्तान ने एक और (छठा) परमाणु परीक्षण किया था। 2004 में 30 मई को ही सऊदी अरब में बंधक संकट समाप्त हुआ था लेकिन 2 भारतीयों सहित 22 की हत्या हुई थी। 2007 में आज ही के दिन अंतर्राष्ट्रीय संयुक्त राष्ट्र शांति रक्षक दिवस पर 107 शांति रक्षक पुरस्कृत हुए थे। 2008 में 30 मई को ही अफ़ग़ानिस्तान में 1 ज़िले पर तालिबान ने क़ब्ज़ा किया था। 2012 में आज ही के दिन विश्वनाथन आनंद पांचवीं बार विश्व शतरंज चैंपियन बने।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

आसान राहें कब हुई

आसान राहें कब हुई किसकी मिलते हैं कांटे व पत्थर सबको राहों में सीखना होगा जीना दीये जैसे आखिरी दम तक टिमटिमाना हटाने होंगे अपने हाथों से पत्थर निकालने होंगे खुद ही चुभे काँटे ज़ख्म भी सहलाने होंगे खुद ही नहीं चलता कोई सँग किसी के आज चलना होगा आगे भी खुद ही पड़ेगा संभलना गिरने से होगा बचना थामे रखना होगा सिर्फ खुद के सत्य को नहीं आना किसी भी फरेब में नहीं फँसना किसी बेबुनियाद झूठ में

- मधुलिका शुक्ला

कोई तर्क-ए-तमन्ना

कोई तर्क-ए-तमन्ना आरज़ू भी अब नहीं बाकी। तो मेरी आँख से जुगनू भला क्यूँकर निकलता है। लगा कर दर्द का बिस्तर मैं सो जाती हूँ रातों को। सुबह आगोश में यादों के मेरा सर निकलता है।

- शोभा किरण

ख़ास पाती | तुमसे गर वास्ता नहीं होता तो मेरा

तुमसे गर वास्ता नहीं होता, तो मेरा ग़म बढ़ा नहीँ होता। गर मेरे साथ मां न होती तो, मुश्किलों से लड़ा नहीं होता। आशिक़ी का नशा न होता तो ज़िन्दगी से गिला नहीं होता। हम ग़रीबी के गीत गाते तो, पैसों का सुर चढ़ा नहीं होता। पेड़ो की सेवा करते गर दिन रात, अपनी धरती पे क्या नहीं होता। ओढ़ूं गर लव जिहाद का बुरका, तो कफ़न भी मिला नहीँ होता। गर सियासत के पैर पोछता तो, आइना पोछता नहीँ होता।

- संजय दानी

हमारा जीवन भी नौतपा की तरह है

हमारा जीवन भी नौतपा की तरह है। जितना हम तपेंगे, सफलता की बारिश उतनी ही सुंदर होगी। नौतपा का अनुताप हमें आशा देता है। यह आशा मात्र ही आपके जीवन में फुहार ला देता है कि हम जितना तपेंगे, हमारी धरती उतना ही सुनहरी होगी। प्राप्ति से अधिक आशा का महत्व हमें नौतपा बताता है। जय नौतपा। खूब तपो, विशुद्ध जीवन की तरह ही। हर ताप ताकि ठंडक की एक नई उम्मीद हो।

- पंकज कुमार झा

देखै के चीज है ,देखावै के चीज है

देखै के चीज है ,देखावै के चीज है । उल्फ़त तौ यार, निभावै के चीज है।। बेशक पैसा बहुत जरूरी , जिन्दगी जियै खातिर। इज्जत भी तौ दुनिया मा, कमावै कै चीज है ।। कै के भलाई जुरतै , काहे जतावत हव। नेकी कै के तव, भुलावय कै चीज है।। रहै न देव दफ़न ,कुछ राज सीना मा तुम। सगरिव बात भला, कोई बतावै कै चीज है।। मत करव अजय नुमाया, इबादत कै । ईश्वर तौ दिल मा , बसावै कै चीज है ।।

- अजय मिश्र अभिज्ञ

ए स्वप्न तुम हो कहां पूछती है रात

ए स्वप्न तुम हो कहां पूछती है रात निर्जन तोड़ कर दृगो के बंधन दो बता तुम हो कहां भोर सिर पर मुस्कुराई रश्मियां भी खिलखिलाई कोयलों की गुनगुनाहट है पवन में सरसराहट पथराए से नैन लिए उम्मीद बैठी वहां दो बता तुम हो कहां वल्लरी लिपटी तने से प्रीत ज्यूं सिमटी हृदय से कोंपलों ने नैन खोले प्रकृति घुघरूं पहन डोले नाचती होकर जवां दो बता तुम हो कहां धूप आंगन में उतरती द्वार भीतर आ ठिठकती है खड़ी वो वर्जिता सी दर्द पीकर रोषिता सी अर्थ ने पाए निशां दो बता तुम हो कहां मैं बांसती हूं दिवाकर द्वार तेरे खड़ा आकर अब हृदय पट खोल के रख रंग खुशियां घोल के चख इक नवल ले कारवां फिर मिलूंगा मैं वहां आज फिर से मुस्कुरा ले पहले सा ही खिलखिला ले नृत्य कर ले पागलों सा फिर बरस ले बादलों सा पाश भर कर आसमां देखना मैं हूं वहां।

- रजनी रामदेव

सागर का पानी भटक रहा है, तज कर निज

सागर का पानी भटक रहा है, तज कर निज गहराई.. गैसों का मिश्रण, आग बना, घूम रही विषैली पुरवाई... डाल-डाल सहमी पेड़ों की, बंद हुआ खग का कलरव सतरंगी रंग विधवा से लगते, तज कर सब वैभव रंग श्याम बस एक बादल में, कैसा दारुण अनुभव? सुन चीन बधाई तुझको, प्रयोग किया तूने अभिनव समझ सको तो समझो, ऌअक्लकेअंधों* बातों की गहराई ले जान सैकड़ों,रह जाओगे, तुम भी बन कर एक इकाई सागर का पानी भटक रहा है

-अल्का अग्रवाल

नदी किनारे आंखों के पोर

नदी किनारे आंखों के पोर को किनारे से टकराई लहर भिगो गई। किनारा बहने को तैयार था वह किनारे को पूरी ताकत से धकेल गई। इंतजार है किनारे को भी लहर की तरह ही लहर बन जाने का पर वह लहर कहीं लहरों में खो गई लहर जो टकराकर मेरी आंखों के पोर को भिगो गई।

- नवीन शंकर शर्मा

प्रेरक प्रसंग

न्यायप्रियता

बात 1927 की है। उस समय सरदार वल्लभभाई पटेल खेड़ा और नागपुर के सत्याग्रह आंदोलन का सफल नेतृत्व करने के बाद अहमदाबाद नगरपालिका के अध्यक्ष पद को सुशोभित कर रहे थे। उसी समय नगरपालिका में मुख्याधिकारी का पद रिक्त हुआ और उसके लिए तीन प्रत्याशी साक्षात्कार के लिए बुलाए गए। उनमें से एक श्री मोरारजी देसाई भी थे। इंटरव्यू में प्रत्याशियों को स्वयं सरदार पटेल ने ही सबसे अधिक जाँचा और मोरारजो को सबसे अधिक योग्य पाया। निदान, उन्हीं की नियुक्ति का निश्चय किया, किंतु मोरारजी विरोधी दल के प्रत्याशी थे। सरदार के सत्ताधारी दल ने मोरारजी का विरोध किया और अपने पक्ष के एक अन्य प्रत्याशी को नियुक्त कर दिया। सरदार पटेल अपने ही दल का यह अन्याय सहन न कर सके और उन्होंने नगरपालिका के अध्यक्ष पद से यह कहकर त्यागपत्र दे दिया कि न्याय के दायरे में मैं पक्षपात की दृष्टि से नहीं देख सकता। लोगों ने उन्हें इस प्रकार खतरा मोल न लेने के लिए कहा तो उन्होंने दृढ़तापूर्वक उत्तर दिया- 'जो किसी अच्छे काम में मरना चाहता है, मृत्यु उससे जल्दी बोलती नहीं।

QUIZ TIME

1) नाचने वाला हिरण भारत के किस राज्य में पाया जाता है?

2) भारत के किस राज्य में बारापानी झील स्थित है?

3) हाल ही में विश्व कछुआ दिवस कब मनाया गया?

4) सागा दावा उत्सव कहाँ मनाया जाता है?

5) हाल ही में रिकॉर्ड 30वीं बार माउंट एवरेस्ट किसने फतह किया है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) मणिपुर (2) मेघालय (3) 23 मई (4) सिक्किम (5) कामी रीता शेरपा

आज का पंचांग

सूर्योदय : 05:43, सूर्यास्त: 19:06, चन्द्रोदय: 24:25,चन्द्रास्त: 10:54, अयन उत्तरायण, ऋतु: ?? ग्रीष्म, शक सम्वत: 1946 (क्रोधी), विक्रम सम्वत: 2081 (कालयुक्त) पिंगल, संवत्सर क्रोधी, संवत्सर (उत्तर) कालयुक्त, युगाब्द (कलि संवत) 5126, मास : ज्येष्ठ, पक्ष : कृष्ण, तिथि : सप्तमी, नक्षत्र : धनिष्ठा, योग : वैधृति, प्रथम करण वणिज (13:39 तक), द्वितीय करण विष्टि (24:43 तक)।

॥ गोचर ग्रहा:॥

सूर्य : वृष, चंद्र : कुम्भ (20:03 से), मंगल : कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : मेष (उदित, पूर्व, वक्री), गुरु : वृष (अस्त, पश्चिम, मार्गी), शुक्र : वृष (अस्त, पूर्व, मार्गी), शनि : कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), राहु : मीन, केतु : कन्या

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त, राहुकाल : 15:00 से 16:30, यमगण्ड : 07:23 से 09:04, दुर्मुहूर्त : 11:58 से 12:51,अमृत काल : 21:36 से 23:08, रवियोग : 08:38 से 29:16, विजय मुहूर्त : 14:34 से 15:29, गोधूलि मुहूर्त : 19:11 से 19:31, सायाह्न सन्ध्या : 19:12 से 20:13, निशिता मुहूर्त : 23:54 से 24:34, राहुवास : दक्षिण-पश्चिम, होमाहुति : गुरु, दिशाशूल : उत्तर, अग्निवास : पाताल (13:39 से पृथ्वी), भद्रावास : पाताल (13:39 से 20:06), मृत्यु (20:06 से 24:43)।

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेष: आज के दिन संकट के बादल छटने से मानसिक रूप से शांति अनुभव करेंगे। घर में कुछ परिवर्तन अथवा तोड़ फोड़ करवा सकते है।

वृष: आज का दिन मिला जुला रहेगा। थोड़ी बहुत पेट सम्बंधित समस्याओं एवं खासी जुकाम को छोड़ सेहत भी लगभग सामान्य ही रहेगी।

मिथुन: आज दिन आपकी आशाओ के विपरीत फल देगा। प्रातः काल से ही शरीर में अकड़न सुस्ती रहने से कार्यो के प्रति गंभीरता नहीं रखेंगे।

कर्क : कल की अपेक्षा आज का दिन अच्छा बीतेगा। दिन के पहले भाग में थोड़ी परेशानियों के बाद स्थिति सामान्य बनने लगेगी।

सिंह: आज का दिन मिला जुला रहने से पल में हानि अगले ही पल लाभ वाली स्थिति रहेगी।

कन्या: आज के दिन संकट के बादल छटने से मानसिक रूप से शांति अनुभव करेंगे। घर में कुछ परिवर्तन अथवा तोड़ फोड़ करवा सकते है।

तुला: आपका आज का दिन थोड़ा परेशानी वाला रह सकता है। सोची हुई योजनाओं में विलम्ब अथवा असफलता मिलने से निराशा रहेगी।

वृश्चिक: आज के दिन संकट के बादल छटने से मानसिक रूप से शांति अनुभव करेंगे। घर में कुछ परिवर्तन अथवा तोड़ फोड़ करवा सकते है।

धनु: आज के दिन आपको पहले की अपेक्षा थोड़ी राहत मिलेगी। सेहत उत्तम रहने से कार्यो को गम्भीर होकर कर सकेंगे।

मकर: आज भी परिस्थिति आपके अनुकूल रहने से मन चाहा कार्य निर्विघ्न पूर्ण कर सकेंगे।

कुंभ: आपका आज का दिन भी प्रतिकूल रहने वाला है। सामाजिक अथवा पारिवारिक मामलो में आपकी गलत छवि बनेगी।

मीन: आज का दिन लगभग हर क्षेत्र पर संम्मान एवं सफलता दिलाएगा परन्तु स्वास्थ्य में नरमी एवं आलस्य की वृति इसमें व्यवधान भी डाल सकती है।

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य -

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. कतार, क्रम, पांत 2. लज्जत, जायका 4. कारण, वजह 7. सुंदर प्रतीत होना, सुखद होना 8. घोड़े आदि का मल 9. अक्सर, ज्यादातर 10. चक्की में पीसना, मसलना, कुचलना 12. धनुष, फौजी टुकड़ी 13. आभूषण, जेवर 15. लहरों का चक्कर, जलावर्त, भ्रमर 17. बायां, विरुद्ध 18. गाना, नगमा 19. लाचार, विवश 22. नमन, प्रणाम 25. चौकी, थाना 26. इकरार, समझौता, ठेका 27. अधिकार होना, सामर्थ्य होना (मुहा.)।

ऊपर से नीचे

1. एक प्रदेश जिसकी राजधानी चंडीगढ़ है 2. हविर्दान के समय उच्चारित एक शब्द, भष्म 3. दन-दन करते हुए 5. बलशाली, बलवाला 6. परिवर्तित करना, पहले से भिन्न हो जाना 7. चांद, चंद्रमा, रजनीश 11. अप्रिय, अरुचिकर 14. मैं का बहुवचन 15. भंगेड़ी, भंग करने वाला, झाड़ू लगाने तथा मैला साफ करने वाला 16. मातृभूमि, स्वदेश 19. मक्खन, माखन 20. बुढ़ापा, धन, ज्वर 21. टालना, हटाना, बहाना करके हटाना 23. सीमा, हद 24. सौ का पाचंवा हिस्सा 25. घोड़े के पैरों में लगाने का लोहे का टुकड़ा, पौधे आदि का डंठल।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 071 का हल

वि	ज	य		ब	नि	या		दे
वा		ती	त	र		रा	जी	व
ह	मा	म		स	प	ना		ता
	न				टा			
दा	व	त		वि	ना	श		अ
य		ह	त्या			ह	र्जा	ना
रा	ह	त		न	ज	र		व
	वा				मी		ना	श्य
दु	ला	रा		जा	न	की		क

न्यूज गैलरी

समर कैंप में विभिन्न स्कलों के140 विद्यार्थी हुए शामिल

दुर्ग/नवप्रदेश। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देश के परिपालन में आज जिला स्तरीय समर कैम्प का शुभारंभ विश्वद्वीप पब्लिक स्कूल दुर्ग में हुआ। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दुर्ग श्री अश्वनी देवांगन के मुख्य आतिथ्य में आयोजित कार्यक्रम में जिले के प्राथमिक/माध्यमिक/हाईस्कूल/हायर सेकण्डरी स्कूलों के 140 बच्चों ने समर कैम्प में अत्यंत उत्साह के साथ भाग लिये। बच्चों के साथ उनके पालक एवं शिक्षक भी उपस्थित रहे। शिक्षा विभाग के विशेषज्ञ शिक्षकों की मदद से गायन, वादन, नृत्य, रंगोली, मेहंदी तथा शतरंज और कैरम की खेल एवं अन्य गतिविधियों में विद्यार्थियों ने जोश के साथ भाग लिया। मुख्य अतिथि की आसंदी से अपने सम्बोधन में सीईओ श्री अश्वनी देवांगन ने कहा कि इस समर कैम्प का मुख्य उद्देश्य बच्चों के अंदर छिपी प्रतिभा को उभारना एवं उन्हें सही दिशा देना है।

अब तक कुल डाक मतपत्र 901 प्राप्त हुए

दुर्ग/नवप्रदेश। लोकसभा निर्वाचन 2024 में संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 07 दुर्ग के अंतर्गत सैन्य एवं केन्द्रीय सशस्त्र सेवाओं में तैनात सेवा मतदाताओं से ईटीपीबीएस के माध्यम से डाक मतपत्र मुख्य जिला दुर्ग को 27 मई 2024 तक 890 डाक मतपत्र प्राप्त हुये थे। आज 28 मई 2024 को 11 डाक मतपत्र प्राप्त हुए है, अब तक कुल 901 डाक मतपत्र प्राप्त हुए है। अब केवल सेवा मतदाताओं से प्राप्त ईटीपीबीएस के माध्यम से डाक मतपत्र मतगणना तिथि 04 जून 2024 को सुबह 7.59 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे।

9691 कृषकों को पीएम फसल बीमा क्षतिपूर्ति राशि का होगा भुगतान

दुर्ग/नवप्रदेश। जिले में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत मौसम खरीफ वर्ष 2023 में 81101 किसानों द्वारा 100396 हेक्टेयर रकबे में अधिसूचित फसलों का बीमा कराया गया है। जिसमें से कुल 9691 कृषकों को क्षतिपूर्ति राशि 38892256 रूपए का भुगतान किया जाना है। उप संचालक कृषि श्री एल.एम. भगत ने बताया कि अभी तक 9512 कृषकों को क्षर्तिपूर्ति राशि 37077396 रूपए का भुगतान किया गया है।

अवैध प्लॉटिंग का बड़ा खेल, डायवर्टेड का बोर्ड लगा कृषि भूमि की बेतहाशा बिक्री

- आसपास के सरपंचों को सब पता, सेटिंग के खेल में कृषि भूमि का रकबा घट रहा

रसमड़ा(दुर्ग)/नवप्रदेश। जिले से सटे इलाकों में लगातार अवैध तरीके से जमीन की खरीद बिक्री का जमकर खेल चल रहा है। प्रशासन भी इस पर लगाम नहीं लगा पा रहा है, शायद उनकी मजबूरी हो या कहें मौन स्वीकृति। कुछ राजस्व के भ्रष्ट अधिकारियों द्वारा साठ गांठ का खेल कर इस अवैध धंधे को बढ़ावा दिया जा रहा है।

छत्तीसगढ़ में साय सरकार द्वारा किसानों को एकमुश्त धान का पैसा देने के बावजूद लोग बेशकीमती कृषि भूमि को औने-पौने दाम पर दलालों के हाथ बेच रहे हैं।

विदित हो कि ग्राम अंजोरा (ख) खपरी रोड में कृषि भूमि की मार्किंग कर अवैध प्लाटिंग किया जा रहा है। बाकायदा मुरूम का रास्ता तैयार कर लिया गया है।

ग्रामीण बताते हैं कि इस मुरूम को भी अवैध तरीके से ही खपाया जा रहा है जिसमें आसपास के जनप्रतिनिधियों का हाथ बताया जा रहा है। ग्राम खपरी के ग्रामीणों का कहना है कि सरपंच राजकुमार साहू इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। जिसके चलते अवैध मुरूम खनन और परिवहन का कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है और उसे अवैध प्लॉटिंग करने वालों के लिए उपयोग किया जा रहा है।

आवासीय प्लॉट उपलब्ध है, लिख खेला

संबंधित जगहों पर बोर्ड टांग दिया गया है कि आवासीय प्लाट उपलब्ध है जबकि उक्त भूमि कृषि भूमि है। कॉल करने पर अपोलो कॉलेज अंजोरा के पीछे डायवर्टेड प्लॉट बताया जाता है। जानकार बताते हैं कि दोनों जगह एक ही गिरोह और भूमाफिआओं का हाथ है।

उक्त मामले पर राजनीतिक पहुंच का हवाला देकर ऐसे कृत्यों को बड़े पैमाने पर अंजाम दिया जा रहा है, कृषि भूमियों को लगातार अवैध तरीके से खरीद फरोख्त करने का काम दुर्ग जिले से सटे इलाकों में बड़े पैमाने पर हो रहा है जिस पर प्रशासन आंख मूंद कर बैठा है। शिकायत के बावजूद राजस्व विभाग कार्रवाई करने में नाकाम है।

सीबीएसई बारहवीं बोर्ड में छत्तीसगढ़ की टॉपर

- साक्षी सिरमौर को अगासदिया सम्मान 2024
- दुर्ग के एडीशनल एस.पी. वेदव्रत सिरमौर की सुपुत्री है साक्षी

भिलाई/नवप्रदेश। दसवीं-बारहवीं बोर्ट के मेरिट होल्डर मेधावी दुर्ग जिले के विद्यार्थियों को सम्मानित करने के क्रम में 28-05-2024 को समारोह पूर्वक साक्षी सिरमौर को अगासदिया डॉ. खूबचंद बघेल प्रतिभा सम्मान प्रदान किया गया । साक्षी सिरमौर ने सी.आई.एस.सी.ई. बोर्ड की बारहवीं की बोर्ड परीक्षा में छत्तीसगढ़ में प्रथम स्थान प्राप्त किया उसने यह कीर्तिमान 97.50त्न अंक अर्जित कर रचा । साक्षी सिरमौर दुर्ग के एडीशनल एस.पी. वेदव्रत सिरमौर एवं डॉ. नम्रता सिरमौर की बेटी है । छत्तीसगढ़ मनवा कूर्मि समाज के पूर्व केन्द्रीय अध्यक्ष रहे स्व. डॉ. रामकुमार सिरमौर की नातिन है साक्षी सिरमौर । उसे सम्मान पत्र, शाल-श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह देकर अगासदिया ने सम्मानित किया । इस अवसर पर डॉ. परदेसीराम वर्मा ने कहा कि दुर्ग जिले के मेरिट होल्डर खेतिहर किसान और श्रमिक परिवारों से जुड़े हुए हैं । कई बच्चों के माता-पिता श्रमिक भी हैं । उनके घरों से मेरिट होल्डर बच्चे निकले हैं । डॉ. खूबचंद बघेल और छत्तीसगढ़ के पुरखों ने जो सपना देखा था उसे आगामी पीढ़ी पूरा करेगी यह हम भरोसा कर सकते हैं । सम्मान सत्र का संचालन कलाकार महेश वर्मा ने किया । राजेन्द्र साहू ने छत्तीसगढ़ महतारी वंदना प्रस्तुत किया । साहित्यकार बद्री प्रसाद पारकर प्रसिद्ध बाल गीतकार कमलेश चंद्राकर तथा साक्षी की माँ डॉ. नम्रता सिरमौर इस अवसर पर उपस्थित थी । कमलेश चंद्राकर ने आभार व्यक्त किया ।

35 जगहों से हटाया सड़क किनारे से अतिक्रमण

- दोबारा अतिक्रमण करने पर कार्यवाही की दी चेतावनी

दुर्ग/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम क्षेत्र अंतर्गत कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के आदेश पर आज निगमायुक्त लोकेश चन्द्रकर मोती कॉम्पलेक्स से होते हुए मान होटल से तकिया पारा तक यातायात में बाधक बन रहे ठेला-खोमचे के खिलाफअभियान शुरू की। आयुक्त लोकेश चंद्राकर की मौजूदगी में अतिक्रमण अधिकारी दुर्गेश गुप्ता की टीम ने दुकान के सामने सजाकर समान रखने व दुकान के बाहर साइन बोर्ड एवं ठेला और पसरा को हटाकर जब्त किया। आयुक्त लोकेश चन्द्राकर द्वारा सभी दुकानदारों को दुकान के बाहर समान व सड़क पर साइन बोर्ड नही रखने की सख्त चेतावनी दी।सड़क दुर्घटनाएं रोकने व ट्रैफिक जाम से नागरिकों को बचाने निगम द्वारा अवैध कब्जाधारियों, ठेला, खोमचा एवं चलित होर्डिंग्स के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। आज निगम व जिला प्रशासन तथा ट्रैफिक पुलिस द्वारा संयुक्त अभियान चलाया गया।अवैध कब्जेधारियों, ठेले, खोमचो के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए हटाया गया तथा चेतावनी दी गई।आयुक्त ने अधीनस्थ अधिकारियों के साथ इंदिरा मार्केट बाजार क्षेत्र जा पहुंचे जहां उन्होंने सड़क किनारे सामान फैलाकर सड़क पर 35 जगहों से व्यवसाय करने वाले अतिक्रमणकारियों को हटाया गया। साथ ही दोबारा अतिक्रमण करने पर कड़ी कार्यवाही की चेतावनी दी।

सीएस अदिति और समता शुक्ला द्वारा निर्मित पेंटिंग प्रदर्शनी उद्घाटित

भिलाई/नवप्रदेश। इस्पात संयंत्र के जनसंपर्क विभाग द्वारा संचालित, इंदिरा प्लेस, सिविक सेंटर स्थित नेहरू आर्ट गैलरी में, सुश्री सी एस अदिति और श्रीमती समता शुक्ला द्वारा निर्मित पेंटिंग्स की युगल प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन, 28 मई 2024 को संध्याकाल मुख्य अतिथि, मुख्य महाप्रबंधक (आरईडी) सुधीर कुमार द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

सुधीर कुमार ने अपने परिवार जनों के साथ इस प्रदर्शनी का आनंद लिया। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक (परियोजनाएं) मानस गुप्ता, महाप्रबंधक (सम्पर्क प्रशासन एवं जनसंपर्क) जेकब कुरियन, महाप्रबंधक (परियोजनाएं) व्ही सी शेखर, महाप्रबंधक (जनसंपर्क) प्रशांत तिवारी, उपमहाप्रबंधक (कांट्रेक्ट सेल-वर्क्स) सुश्री रेनू गुप्ता, सहायक महाप्रबंधक (परियोजनाएं) पुनीत कुमार वर्मा, जनसंपर्क विभाग के अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों सहित आर्ट क्लब के सदस्य, कलाकारों के परिवार जन तथा भिलाई के नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे। मुख्य अतिथि, श्री सुधीर कुमार ने पेंटिंग्स में रूचि लेते हुए आगंतुक पुस्तिका में लिखा ÷यह पेंटिंग्स की एक श्रेष्ठ और मनोरम संग्रह की प्रदर्शनी है।÷ उन्होंने इसकी सराहना करते हुए कलाकारों से भी प्रदर्शित पेंटिंग्स के बारे में चर्चा की। ललित कलाओं में रूचि रखने वाली सुश्री आदिति ने प्रयाग संगीत समिति, इलाहाबाद से ललित कला में सीनियर डिप्लोमा प्राप्त किया है।

निधन

श्रीमती इंद्रवती सोनी

दुर्ग/नवप्रदेश। श्रीमती इंद्रवती सोनी पति स्व. नंदराम सोनी उम्र 99 वर्ष, सिंधिया नगर दुर्ग निवासी का दिनांक 29 मई 2024 की शाम 5 बजे निधन हो गया। वे स्व. विनोद सोनी, भिलाई स्टील प्लाट के सेवानिवृत्त कर्मचारी भैयालाल सोनी व दुर्गेश सोनी की मां थी व अमित गुप्ता व पत्रकार सुमित कुमार गुप्ता की नानी थी। उनका अंतिम यात्रा दिनांक 30 मई 2024 को शाम 4 बजे निवास स्थान सिंधिया नगर दुर्ग से हरनाबांधा मुक्तिधाम के लिए रवाना होगी।

राजकुमार ताम्रकार

दुर्ग। तमेरपारा निवासी राजकुमार ताम्रकार 72 वर्ष का मंगलवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार हरनाबांधा मुक्तिधाम में किया गया। वे श्रीमती प्रेम कुमारी (प्रेमु) के पति, गैंदलाल, शिव, बिरेश ताम्रकार के भाई, डाली, रुचि के पिता तथा अनिल , सुनील के चाचाजी थे।

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

पंजी. नं. 202405100600071/ अ-2/ वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्व आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती पल्लवी राय पिता/पति श्री सुभाष चंद्र राय निवासी रेल्वे लाइन कोटा रायपुर तह. व जिला रायपुर के द्वारा ग्राम अमलेश्वर प.ह.न. 03 तहसील पाटन जिला दुर्ग स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 690/26 रकबा 0.0230 हें/ 2300 वर्गफीट भूमि पर आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन किए जाने हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 के तहत् प्रस्तुत किया है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को उक्त भूमि के संबंध में आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से 15 दिवस के भीतर न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आवेदन में कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 28/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी पाटन जिला, दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

पंजी. नं. 202405100600033/ अ-2/ वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्व आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती डिम्पल सोनी पिता/पति श्री आलोक कुमार सोनी निवासी वार्ड नं. 32 ब्राम्हणपारा दुर्गा मंदिर चौक दुर्ग तह. व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम पाटन प.ह.न. 35 तहसील पाटन जिला दुर्ग स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 406 रकबा 0.0100 हें/ भूमि पर वाणिज्यिक प्रयोजन में डायवर्सन किए जाने हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 के तहत् प्रस्तुत किया है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को उक्त भूमि के संबंध में आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से 15 दिवस के भीतर न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आवेदन में कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 22/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी पाटन जिला, दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

पंजी. नं. 202405100600046/ अ-2/ वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्व आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री रविन्द्र चंद्राकर आ. श्री श्यामलाल चंद्राकर निवासी सिविक सेंटर भिलाई तह. व जिला दुर्ग के द्वारा अपने भूमिस्वामी की भूमि ग्राम पतोरा प.ह.न. 24 तहसील पाटन जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1223/4 रकबा 0.01050 हें/ की आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन किए जाने हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 के तहत् प्रस्तुत किया है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को उक्त भूमि के संबंध में आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से 15 दिवस के भीतर न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आवेदन में कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 27/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी पाटन जिला, दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

पंजी. नं. 202403100600102/ अ-2/ वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्व आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री निलचंद गेन्ड्रे पिता श्री महेश राम गेण्ड्रे निवासी नया मंगल बाजार गुढियारी रायपुर तह. व जिला रायपुर के द्वारा ग्राम सांकरा प.ह.न. 06 तहसील पाटन जिला दुर्ग स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 1692/4 रकबा 0.0088 हें/ 1000 वर्गफीट भूमि पर आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन किए जाने हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 के तहत् प्रस्तुत किया है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को उक्त भूमि के संबंध में आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से 15 दिवस के भीतर न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आवेदन में कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 28/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी पाटन जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

पंजी. नं. 202405100600022 /अ-2/ वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्व आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक रामेश्वर प्रसाद बांधे पिता श्री कुमार बांधे निवासी ग्राम देमार तह. पाटन जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम अमलेश्वर प.ह.न. 03 तहसील पाटन जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 656/65 रकबा 0.0160 हें/ भूमि पर आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन किए जाने हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 की सहपठित धारा 59 के तहत् पुर्ननिर्धारण किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को उक्त भूमि के संबंध में आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से नियत दिनांक 31.05.2024 को न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आवेदन में कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 16/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी पाटन जिला, दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

पंजी. नं. 202405100600048/ अ-2/ वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्व आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री देवेन्द्र कुमार टांक आ. श्री महेशचंद्र टांक निवासी वैशालीनगर दुर्ग तह. व जिला दुर्ग के द्वारा अपने भूमिस्वामी की भूमि ग्राम पतोरा प.ह.न. 24 तहसील पाटन जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1390/3 रकबा 0.01000 हें/ की आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन किए जाने हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 के तहत् प्रस्तुत किया है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को उक्त भूमि के संबंध में आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से 15 दिवस के भीतर न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आवेदन में कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 27/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी पाटन जिला, दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

पंजी. नं. 202405100600047/ अ-2/ वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्व आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री अमित कुमार राय पिता श्री सुषाभचंद राय निवासी अमित प्रणव निवास रेल्वे लाइन कोटा रायपुर तह. व जिला रायपुर के द्वारा ग्राम अमलेश्वर प.ह.न 03 तह. पाटन जिला दुर्ग स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 239/15 रकबा 0.0238 हें/ 2369 वर्गफीट भूमि आवासीय प्रयोजन में डायवर्सन कराने हेतु डायवर्सन किए जाने के लिए आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 के तहत प्रस्तुत किया है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को उक्त भूमि के संबंध में आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से 15 दिवस के भीतर न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आवेदन में कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 28/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी पाटन जिला, दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

पंजी. नं. 202405100600047/ अ-2/ वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्व आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री अमित कुमार साहू पिता श्री अशोक कुमार साहू निवासी बाजार चौक भिलाई-3 तह. भिलाई-3 जिला दुर्ग के द्वारा अपने भूमिस्वामी की भूमि खसरा नंबर 1109/2 रकबा 0.0096 हें/ भूमि ग्राम करसा प.ह.न. 12 तह. पाटन जिला दुर्ग पर व्यवसायिक प्रयोजन हेतु डायवर्सन किए जाने हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 एवं धारा 59 पुर्ननिर्धारण के अधीन प्रस्तुत किया गया है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को उक्त भूमि के संबंध में आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से नियत दिनांक 27.06.2024 को न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आवेदन में कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 27/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी पाटन जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

पंजी. नं. 202404100600015 /अ-2/ वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्व आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक कमल कुमारी देवांगन पति श्री पवन कुमार देवांगन निवासी पाटन तह. पाटन जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम पाटन प.ह.न. 35 तहसील पाटन जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 561/4 रकबा 0.0600 हें/ भूमि पर प्रयोजन हेतु डायवर्सन किए जाने हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 की सहपठित धारा 59 के तहत् पुर्ननिर्धारण किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को उक्त भूमि के संबंध में आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से नियत दिनांक 31.05.2024 को न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आवेदन में कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 14/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी पाटन जिला, दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

पंजी. नं. 202405100600045/ अ-2/ वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्व आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री देवेन्द्र कुमार टांक आ. श्री महेशचंद्र टांक निवासी वैशालीनगर दुर्ग तह. व जिला दुर्ग के द्वारा अपने भूमिस्वामी की भूमि ग्राम पतोरा प.ह.न. 24 तहसील पाटन जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1223/5 रकबा 0.01060 हें/ की आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन किए जाने हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 के तहत् प्रस्तुत किया है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को उक्त भूमि के संबंध में आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से 15 दिवस के भीतर न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आवेदन में कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 27/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी पाटन जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

पंजी. नं. 202404100600012 /अ-2/ वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्व आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक लक्ष्वंतीन साहू आ./पति श्री लवणकिशोर साहू निवासी ग्राम कानीडबरी तह. व जिला धमतरी के द्वारा ग्राम गातापार प.ह.न. 53 तहसील पाटन जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 311/1 रकबा 0.4700 हें/ भूमि पर प्रयोजन हेतु डायवर्सन किए जाने हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 की सहपठित धारा के तहत् पुर्ननिर्धारण किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को उक्त भूमि के संबंध में आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से नियत दिनांक 24.04.2024 को न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आवेदन में कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 09/04/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी पाटन जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

पंजी. नं. 202405100600041 /अ-2/ वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्व आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक प्रभात कुमार गुप्ता आ./पति श्री आर.एल. गुप्ता निवासी ग्राम रामनगर कवर्धा तह. व जिला कवर्धा के द्वारा ग्राम सांकरा प.ह.न. 06 तहसील पाटन जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 1590/6 रकबा 0.0250 हें/ भूमि पर प्रयोजन हेतु डायवर्सन किए जाने हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 की सहपठित धारा के तहत् पुर्ननिर्धारण किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को उक्त भूमि के संबंध में आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से नियत दिनांक 06.06.2024 को न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आवेदन में कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 22/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी पाटन जिला, दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

पंजी. नं. 202405100600023/ अ-2/ वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्व आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक लोकेन्द्र सिंह देवांगन पिता श्री पवन कुमार देवांगन निवासी राजीव चौक पाटन तह. व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम पाटन प.ह.न. 35 तहसील पाटन जिला दुर्ग स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 402/61 रकबा 0.0348 हें/ भूमि पर वाणिज्यिक प्रयोजन में डायवर्सन कराने हेतु डायवर्सन किए जाने हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 के तहत् प्रस्तुत किया है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को उक्त भूमि के संबंध में आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से 15 दिवस के भीतर न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आवेदन में कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 15/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी पाटन जिला, दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

पंजी. नं. 202405100600035 /ब-121/ वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्व आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री शरद अग्रवाल पिता बी.एन. अग्रवाल, निवासी-बैरन बाजार सिविल लाईन रायपुर, तहसील व जिला रायपुर, (छ.ग.) के द्वारा न्यायालय के रजिस्ट्रीकरण क्रमांक 04/अ-89/12-13 के द्वारा आदेश में कॉलोनाईज़र लायसेंस जारी किया गया था, जिसे नवीनीकरण रजिस्ट्रीकरण क्रमांक 202403100600101 अ/89 (13) वर्ष 2023-24 है। ग्राम सांकरा में ख.नं. 21/1 एवं ग्राम पाहंदा 2068/1 कुल रकबा 1.55 हे. में सांई सिटी फेज़ 01 भूखण्ड को बंधक रखा गया है, जिसके बंधक से मुक्त करवाने एवं कार्य पूर्णता प्रमाण-पत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। कॉलोनाईज़र द्वारा सड़क, बिजली, पानी (पानी टंकी), नाली, गार्डन एवं बाऊंड्रीवाल का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। कॉलोनाईज़र द्वारा सड़क, बिजली, पानी (पानी टंकी), नाली, गार्डन एवं बाऊंड्रीवाल का कार्य पूर्ण कर लिया गया है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को उजर दावा आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से नियत दिनांक 06/06/2024 तक न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। नियत दिनांक के पश्चात् प्राप्त आवेदन में कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 20/05/2004 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी पाटन जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई के न्यायालय में मामला

क्रमांक: 202405100400061/अ-6/सन्- 2023-24

मामले की श्रेणी-राजस्व

कोहका प.ह.न. 00045 हे.

पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार -हितेश कुमार देवांगन/अनावेदक पक्षकार- छ.ग.शासन

ईश्तहार

आवेदक हितेश कुमार देवांगन पिता गनपत सिंह देवांगन उम्र 38 वर्ष निवासी मकान नपं. 234/डी, रिसाली सेक्टर भिलाई तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कोहका, प.ह.नं. 45 स्थित खसरा नं. 1946/90 रकबा 0.010 हे. जो कि आवेदक के नाम पर राजस्व अभिलेख में भूमिस्वामी हक में दर्ज है किंतु आनलाईन के खसरा, बी-01 में अपना नाम हितेष कुमार के स्थान पर मुकेश कुमार त्रुटिपूर्ण रूप से प्रदर्षित हो रहा है का लेख करते हुए नाम सुधार कर रिकार्ड अद्यतन किये जाने बाबत् आवेदन पत्र अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग के नयायालय में प्रस्तुत किया गया है। जो जाँच हेतु इस न्यायालय में प्राप्त हुआ है।

अतएव इस संबंध में किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 10.06.2024 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयवधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 22/05/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर — अति. तहसीलदार भिलाईनगर (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-6/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक धनुषराम देवांगन पिता स्व. कामता प्रसाद देवांगन निवासी भानपुरी मौजा भानपुरी प.ह.न. 36 रा.नि.मं. अण्डा तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 228, 235, 353, 720, 722 एवं 113 रकबा 0.39, 0.28, 0.18, 0.14, 0.51, 0.28 हे. कुल रकबा 06 रकबा 1.78 हे. स्व. कामता प्रसाद के नाम पर दर्ज है, भूमिस्वामी की मृत्यु दिनांक 05.02.2024 को हो जाने के कारण वारिसानों का नाम दर्ज करने आवेदन पेश किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 20.06.2024 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि समाप्त होने पर कोई आपत्ति या दावा पर विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 29.05.2024 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार जामगांव (आर) के न्यायालय में मामला

क्रमांक: 202403101700119/अ-6/सन्- 2023-24

मामले की श्रेणी-राजस्व

बोरवाय प.ह.न. 00050 हे.

पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार - सालिकराम, लक्ष्मी साहू/ अनावेदक पक्षकार - सालिक राम

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्राम बोरवाय प.ह.नं. 50 तहसील पाटन, जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदिका लक्ष्मी साहू पति स्व. कोमल साहू निवासी कांटेक्टर कालोनी सुपेला भिलाई द्वारा ग्राम बोरवाय प.ह.नं. 50 तहसील पाटन जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं (रकबा) 303/1 (0.1100 है.), 303/7 (0.3700 है.), 394/2 (0.1800 है.), 394/6 (0.3100 है.), 411/3 (0.1100 हे.) में दर्ज भूमिस्वामी सालिकराम पिता बनवाली का दिनांक 21.11.2021 को तथा उनके पुत्र कोमल साहू का दिनांक 24.01.2021 को फौत होने से उनके वारिसानों के नाम फौती नामांतरण किये जाने हेतु शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, वर्तमान भू-अभिलेख, अधिवक्ता प्रपत्र, तलवाना सहित अधिवक्ता के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत आवेदन आधार पर प्रकरण न्यायालय में विचारधीन है।

अतः उपरोक्तानुसार नामांतरण की कार्यवाही मे जिस किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण मे सुनवाई तिथि 07.06.2024 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 07/03/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार जामगांव आर (छ.ग.)

आम-सूचना

यह कि मैं ज्योति आहूजा पुत्री श्री नानक भगवान दास आहूजा पूर्व में निवासी 13/5 नेहरुनगर भिलाई तह. व जिला दुर्ग छ.ग. 490020 दिनांक 22.05.1998 को मेरी विवाह के पश्चात मैं ज्योति भागवानी पति पवन भागवानी, वर्तमान निवासी मकान नंबर 548/24 संत कंवर नगर सिंधी कालोनी दुर्ग तह. व जिला दुर्ग छ.ग. 491001 है। अत: उपरोक्त कथित पता ही मेरा स्थायी पता है और किसी भी संदर्भ संपर्क करने के लिए उक्त स्थायी पते पर ही संपर्क करें।

अत: उपरोक्त मेरे द्वारा दी गई जानकारी पूर्ण रुप से सही है और कोई भी तथ्य या जानकारी छुपाई नहीं गई है।

तदानुसार सूचना जाने।

स्थान-दुर्ग

दिनांक-29/05/2024

एस भागवानी
अधिवक्ता- जिला न्यायालय
प्लाट नं. 20 पेट्रोल पंप के पास न्यू आदर्श नगर
तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)
मो. 9302838684

आम-सूचना

मैं अपने पक्षकार से प्राप्त अधिकार व निर्देशानुसार सर्व साधारण को सूचित करता हूँ कि मेरे पक्षकार दुष्यंत देवांगन पिता स्व. श्री एस.के. देवांगन उम्र 53 वर्ष, निवासी दुर्गा चौक, शंकर नगर दुर्ग, तह. व जिला दुर्ग छ.ग. का निवासी है, कि मेरे पक्षकार के पुत्र के आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र एवं समस्त शैक्षणिक दस्तावेजो मे मेरे पक्षकार के पुत्र का नाम रौनक देवांगन दर्ज है, जिसे परिवर्तित कराकर मेरे पक्षकार अपने पुत्र का नाम धीरज देवांगन रखना चाहता है। यह कि मेरे पक्षकार अपने पुत्र के नाम को परिवर्तित अपने पुत्र के समस्त दस्तावेजो मे उसका परिवर्तित नाम धीरज देवांगन दर्ज करना चाहता है। अत: इस आज सूचना के प्रकाशित होने के उपरांत मेरे पक्षकार के पुत्र का परिवर्तित नाम धीरज देवांगन से लिखा पढा व जाना पहचाना जावेगा।

तदानुसार सूचना जाने।

स्थान-दुर्ग

दिनांक-29/05/2024

ओमप्रकाश साहू
अधिवक्ता- जिला न्यायालय
दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)
मो. 8827581801

तेज धूप से बचने में होम्योपैथी है कारगर : डॉ. उत्कर्ष त्रिवेदी

■ धूप में जाने से पहले होम्योपैथिक दवाई खाने से लू लगने से बचा जा सकता है

रायपुर/नवप्रदेश। गर्मी के दिन आते ही लू लगना एक आम बात होती है। लू को हीट स्ट्रोक भी कहते हैं। धूप में जाने पर लू लगने का खतरा बना रहता है। इसे साधारण नहीं समझना चाहिए, बल्कि तुरंत उपचार कराना चाहिए क्योंकि ज्यादा होने पर व्यक्ति के प्राण भी जा सकते हैं। होम्योपैथी से न सिर्फ लू से बचाव किया जा सकता है, बल्कि धूप में जाने से पहले होम्योपैथिक दवाई खाने से लू लगने से बचा भी जा सकता है।

डॉ. उत्कर्ष त्रिवेदी ने बताया कि धूप में जाने पर पसीना अधिक आने से शरीर में नमक और पानी की कमी हो जाती है। मौसम का तापमान बढ़ने से शरीर का संतुलन बिगड़ जाता है। इस बिगाड़ का शरीर पर आंतरिक दुष्प्रभाव है लू। तेज बुखार, बेचैनी, असहनीय सिर दर्द, पेशाब न होना, शरीर में जलन, मुंह और गले में सूखापन, तीव्र अवस्था में बेहोशी इसके मुख्य लक्षण हैं। अगर लू लग ही जाए तो होम्योपैथी में इसके असरकारी उपाय हैं।

बाहर से आने पर क्या न करें

मौसम में परिवर्तन हो रहा है। अतः सर्दी-खांसी और बुखार होने की संभावना बनी रहती है। इस मौसम में जब भी बाहर से घर आएं तुरंत ना तो ठंडा पानी पीना चाहिए और न ही एसी या पंखा चलाना चाहिए। थोड़ी देर आराम करने के बाद ही नार्मल पानी पीएं अथवा पंखा चलाएं। ऐसा नहीं करने पर सिर दर्द होने की संभावना रहती है। गर्म धूप और गर्म हवा से लू लगने की संभावना रहती है। गर्म हवा से आते ही पसीने को सूखने दें उसके बाद ही नहाएं।

बाहर निकलने से पहले क्या करें

लू से बचने के लिए घर से बाहर निकलने के पहले भोजन कर लें। खाली पेट लू लगने की संभावना बढ़ जाती है। पानी ज्यादा पीएं। साथ ही मौसमी रसदार फलों का सेवन करें।

ये है होम्योपैथिक उपचार

धूप में जाने पर पसीना अधिक आने से शरीर में नमक और पानी की कमी हो जाती हैं। चूंकि यह दवा नमक से बनती है इसलिए इससे शरीर में नमक की पूर्ति हो जाती है। दिन में 10/11 बजे ज्यादा बढ़ती है। सिरदर्द होता है। कमजोरी लगती है। आँखों में जलन होती है। प्यास अधिक लगती है। ब्लड-प्रेशर कम हो जाता है। इसे धूप में जाने से पहले खाने से लू नहीं लगती है।

ये हैं लू लगने के लक्षण

शरीर का तापमान बढ़ जाना, तेज सिरदर्द होना, उल्टी होना, बुखार होना, पैर के तलवे में जलन होना, पसीना कम आना, कमजोरी लगना, हाथ-पैर कांपना, सांस लेने में तकलीफ, भ्रम की अवस्था, कॉमा, घबराहट होना, उल्टी होना, पतली-दस्त, उल्टी होना।

ग्लोनाईन (Glonine)

चक्कर आते हैं। धूप में जाने पर सिरदर्द होता है। बुखार और घबराहट होती है। सिर में गर्मी लगती है। शरीर का तापमान बहुत अधिक बढ़ जाता है। जी मचलाये। तेज गर्मी से होने वाली तकलीफ, तकिये पर सिर नहीं रखा जाता। धड़कन बढ़ जाती है। सांस लेने में तकलीफहोती है। ब्लड-प्रेशर बढ़ जाता है।

बेलाडोना (Belladona)

त्वचा गर्म सूखी और लाल होती है। बेचैनी रहती है। बहुत तेज सिरदर्द (माथे में) रहता है। प्यास बहुत लगती है। गाल बहुत गर्म और लाल होते हैं। चक्कर आते हैं।

राइस मिल कर रहा था जलाशय के पानी को प्रदूषित

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने राइस मिल बंद करने दिए निर्देश

राजनांदगांव/नवप्रदेश। धीरी जलाशय में राइस मिल्स के गंदे पानी को रोकने के लिए विधानसभा अध्यक्ष एवं क्षेत्र के विधायक डॉ. रमन सिंह ने पहल की है। इसके तहत कलेक्टर व पीएचई के अधिकारियों को तत्काल राइस मिलों से निकलने वाले प्रदूषित जल को रोकने का निर्देश देते हुए राइस मिल्स को बंद करने का निर्देश दिए हैं।

गौरतलब है कि धीरी जलाशय से 24 गांवों को जल प्रदाय होता है, जिसमें एक राइस मिल का प्रदूषित पानी धीरी जलाशय के इंटकवेल में जा कर पानी को प्रदूषित कर रहा है, जिससे ग्रामीणों में आक्रोश है। इसकी जानकारी विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को होने पर उन्होंने त्वरित संज्ञान लिया। उन्होंने कलेक्टर संजय अग्रवाल एवम पीएचई के कार्यपालन अभियंता को तुरंत राइस मिल से निकलने वाले प्रदूषित पानी को रोकने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। ऐसा नहीं करने पर राइस मिल को ही बंद करने का निर्देश दिया है। उसके तहत अनुविभागीय अधिकारी एवं पीएचई के अधिकारी आवश्यक कार्रवाई के लिए जलाशय पहुंचे।

पानी का उपयोग नहीं करने कराई गई थी मुनादी

उल्लेखनीय है कि धीरी जलाशय में राइस मिल के प्रदूषित पानी के मिलने से 24 गांवों को मिलने वाला पानी अत्यधिक प्रदूषित हो गया था। गांवों में पानी को नहीं पीने की मुनादी भी करा दी गई थी, जिसकी जानकारी मिलते ही विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने राइस मिल्स को बंद कर ग्रामीणों को स्वच्छ पानी प्रदाय हो इसके लिए भी समुचित व्यवस्था करने अधिकारियों को निर्देश दिये हैं।

शब्दाक्षर की शाम, मातृ शक्ति के नाम पर कवियों ने पेश की रचनाएं

■ राष्ट्रीय साहित्यिक संस्था शब्दाक्षर की प्रदेश इकाई ने वृंदावन हॉल में काव्य संध्या रखी

रायपुर/नवप्रदेश। कवि छविलाल सोनी ने शब्द शब्द को जोड़- जोड़.. कर करते हम रचनाएं हैं.. अक्षर ने इतिहास रचा है.. शब्दाक्षर ही कविताएं हैं.. इन पंक्तियों के साथ तालियां बटोरीं ...अवसर था राष्ट्रीय साहित्यिक संस्था शब्दाक्षर की छत्तीसगढ़ प्रदेश इकाई द्वारा रायपुर शहर के वृंदावन हॉल में आयोजित काव्य संध्या का! जिसमें कार्यक्रम अध्यक्ष पद की गरिमा बढ़ाई हिन्दी की सेवानिवृत प्राध्यापक डॉ. अर्चना श्रीवास्तव ने।

मुख्य अतिथि समाज सेवा में अग्रणी कवयित्री मंजू यदु जी तथा सुप्रसिद्ध कवयित्री शब्दाक्षर की साहित्य मंत्री मधु सक्सेना जी ने मंचासीन होकर मंच को समृद्ध किया। मंचासीन अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के पश्चात रत्ना पांडेय ने सुमधुर सरस्वती वंदना का गायन मां शारदे के आव्हान के साथ सभागार को संगीतमय कर गया। स्वागत उद्बोधन संयोजिका एवं शब्दाक्षर की प्रदेश अध्यक्ष नीता श्रीवास्तव द्वारा किया गया।

संस्था को 25 राज्यों तक ऊंचाइयां दी

शब्दाक्षर संस्था की स्थापना से लेकर 25 राज्यों तक ऊंचाइयों तक पहुंचाने वाले संस्थापक अध्यक्ष रविप्रताप द्वारा स्थापित शब्दाक्षर के इस कार्यक्रम को प्रवाह दिया मीना शर्मा जी ने अपने कुशल संचालन से। तत्पश्चात शुरू हुई काव्य गोष्ठी जिसमे शहर के स्थापित और चर्चित कवि-कवयित्रियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया और देर शाम तक काव्य गंगा प्रवाहित होती रही।

अंत में कवयित्री लतिका भावे ने आभार प्रकट करते हुए कार्यक्रम के समापन की घोषणा की। कार्यक्रम में नीलिमा मिश्रा, दिलीप बरवंडकर, चंद्रकांता अग्रवाल, आलिम नकवी, सुरेश तिवारी, ब्रिगेडियर प्रदीप यदु, मंजू यदु, चंद्रकला त्रिपाठी, छविलाल सोनी,के पी सक्सेना, लतिका आरडी अहिरवार, लतिका भावे, सिद्धार्थ श्रीवास्तव, डॉ. चितरंजन कर, माधुरी कर, अनिल श्रीवास्तव, सुदेश मैहर, शशि दुबे, सुनीता-विनय वर्मा, आशा मानव, गीता भट्टाचार्य सहित शहर के कवि कवयित्रियों ने शामिल होकर कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई।

राज्यपाल को योग शिक्षक संघ ने सौंपा ज्ञापन

अर्जुनी-भाटापारा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ योग शिक्षक संघ ने राजभवन में राज्यपाल विश्व भूषण हरिचंदन को छत्तीसगढ़ राज्य पात्रता परीक्षा (ष्टत्न-स्थ्रञ्ज) में योग विषय शामिल करने की मांग का ज्ञापन सौंपा। वर्तमान में योग विषय की पढ़ाई छत्तीसगढ़ के विभिन्न विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में स्वतंत्र विषय के रूप में उपाधि प्रदान की जा रही है जिसमें स्नातक स्तर पर बी.ए., बी.एस.सी. एवं स्नातकोत्तर स्तर पर एम.ए. एम.एस.सी. तथा पी.एच.डी. की पढ़ाई हो रही है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग नई दिल्ली द्वारा योग विषय की प्रासंगिकता और योग विषय में उच्च शिक्षा गुणतत्ता स्थापित करने के लिए वर्ष 2017 से तष्ट-हश्वञ्ज में योग को शामिल किया गया है। विगत वर्ष से यह रूक्क स्थ्रञ्ज परीक्षा में भी योग विषय शामिल किया गया है जिसका उल्लेख राज्य पात्रता परीक्षा प्रकोष्ठ, मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग के विज्ञापन क्रमांक 1 सेट परीक्षा 2023 दिनांक 8 जनवरी 2023 में दर्ज है। मध्यप्रदेश में वर्तमान में दूसरी बार हाल ही में पुनः राज्य पात्रता परीक्षा के लिए विज्ञापन क्रमांक 1 सेट 2024 के माध्यम से 15 मार्च 24 से आवेदन आमंत्रित किया है। जिसमें योग विषय 20 ये नंबर पर अंकित है लेकिन वर्तमान में छत्तीसगढ़ में योग विषय में एम ए और एमएससी के हजारों छात्र-छात्राएं योग विषय को सीजी सेट में शामिल नहीं होने के कारण उच्च शैक्षणिक संस्थानों में रोजगार तथा अनुसंधान क्षेत्र में अवसर से उपेक्षित हो रहे हैं।

योग शिक्षक संघ के अध्यक्ष अनिल चंद्राकर ने राज्यपाल को पत्र सौंपा। ज्ञापन सौंपने वालों में छत्तीसगढ़ योग शिक्षक संघ के अध्यक्ष- अनिल चन्द्राकर, कोषाध्यक्ष- योगेश्वर साहू, विशेष सदस्य - आदित्य टंडन, कुलेश्वर गायकवाड़, कोमल सिंह तारम उपस्थित थे।

छ.ग. जन चिकित्सा कल्याण समिति की नई कार्यकारिणी गठित

भिलाई/नवप्रदेश । इस्पात नगरी भिलाई में छ.ग. जन चिकित्सा कल्याण समिति का प्रदेश स्तरीय मिटिंग का आयोजन सन मैरिज पैलेश कैलाश नगर भिलाई में 26 मई दिन रविवार को आयोजित किया गया। जिसमें पुराने पदाधिकारियों का 3 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर आगामी 3 वर्षो के लिए नये पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी का गठन किया गया।

कार्यक्रम के शुभारंभ में पूर्व महासचिव डॉ. भुनेश्वर साहू द्वारा प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया एवं अपने कार्यकाल का अनुभव उपस्थित चिकित्सकों के समक्ष रखा गया तत्पश्चात् वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. बी.एल. साहू ने संगठन एवं इलेक्ट्रो होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति पर प्रकाश डालते हुए संगठन को और आगे मजबूती प्रदान करने हेतु उपस्थित चिकित्सकों को प्रेरित किए उपाध्यक्ष डॉ. वी. एस. राजपूत ने भी संगठन एवं पिछले कार्यकाल की समीक्षा करते हुए डॉक्टरो को संबोधित किए एवं डॉ. डी. आर. सिन्हा धमतरी द्वारा एसोसिएशन की पिछले कार्यकाल एवं पदाधिकारियों कार्य प्रणाली पर संतुष्टि जाहिर करते हुए इलेक्ट्रो होम्योपैथी के क्षेत्र में और अधिक प्रचार-प्रसार पर जोर दिया।

तत्पश्चात् कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में एसोसिएशन द्वारा त्रैवार्षिक निर्वाचन की प्रक्रिया को संपन्न कराने हेतु डॉ. बी. एल. साहू को निर्वाचन अधिकारी नियुक्त करते उपस्थित चिकित्सकों से सुझाव लिया गया जिसमें सभी पदाधिकारी सर्व सम्मति से निर्विरोध चुनाव सम्पन्न कराया गया नवनिर्वाचित पदाधिकारी के रूप में अध्यक्ष डॉ. निलेश थावरे (अध्यक्ष डॉ वी एस राजपूत (उपाध्यक्ष), डॉ डी आर सिन्हा (महासचिव), डॉ. भुनेश्वर साहू (कोषाध्यक्ष), डॉ. विजय चंद्राकर (सहसचिव) डॉ. अवधेश शर्मा (उपसचिव), डॉ. हरिश कुराहे (संगठन सचिव), सचिव), डॉ. कौशल देशमुख (प्रचार सचिव), डॉ. वाय. के. शरवानी (प्रवक्ता), डॉ. रमेश सोनसायटी (मिडीया प्रभारी), डॉ. बी. एल. साहू (संरक्षक) नियुक्त किए गए।

नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को डॉ. निलेश थावरे द्वारा बधाई सम्प्रेषित कर एसोसिएशन को एकजुट होकर कार्य करने के लिए प्रेरित किया एवं बधाई सम्प्रेरित करते हुए महासचिव डॉ. डी. आर. सिन्हा धमतरी द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया उपरोक्त कार्यक्रम में निम्न चिकित्सक उपस्थित थे ।

पलारी ब्लाक के जारा और बलौदी में डायरिया का प्रकोप

■ जारा के 16 लोग पीड़ित, 4 अस्पताल भर्ती शेष का घर में उपचार

पलारी/नवप्रदेश। पलारी के कुछ गांवों में डायरिया फैला हुआ है। अभी जारा गांव में ज्यादा प्रकोप है। इसके पहले बलौदी फैला था। जारा में 16 लोग पीड़ित हैं। इनमें से चार का पलारी अस्पताल में इलाज चल रहा है। वहीं 12 लोगों का घरों में ही इलाज किया जा रहा है। स्थिति नियंत्रण में है। जारा में उप स्वास्थ्य केंद्र भी है जहां की टीम इलाज में लगी हुई है। बलौदी में पांच साल के बच्चे और जारा में एक युवक की मौत हो चुकी है। बलौदी में शादी में देर रात तक बासी भोजन करने से हुआ डायरिया। सबसे ज्यादा मामले बलौदी से आया था। डायरिया से पीड़ित बच्चे को उसकी जानकारी ही नहीं मिली। देर से अस्पताल पहुंचा। बच्चा रात भर उल्टी दस्त करता रहा और सुबह उसकी मौत हो गई। उसकी मां भी पीड़ित थी जो उपचार से ठीक हो गई।

इनका घर में ही चल रहा है इलाज

मुकवाओ माई धीवर (64), श्याम जायसवाल (63), केशु राम कमल (28), देवदत्त बर्मा (40), यमनी यादव (24), संतोष धीवर (35), खूबचंद जायसवाल (24), ओमप्रकाश धीवर (47), नेहा निषाद (23), हिमांशु जायसवाल (12), संतोष श्रीगर (35), तेगवानी जायसवाल (4) शामिल हैं।

जारा गांव के ये पीड़ित अस्पताल में भर्ती परोदा जायसवाल, मेडन निर्मलकर (45), राजू जायसवाल (42), नंद कुमार जायसवाल (60), प्रदीप सागर (18) और दुर्णत जायसवाल (27) शामिल हैं।

डायरिया संक्रामक बीमारी है, सफाई पर ध्यान दें: सीएमएचओः सीएमएचओ डॉ एमपी महेश्वर ने बताया कि स्थिति नियंत्रण में है। टीम गांव जाकर स्थिति में नजर बनाए हुए हैं। चिंता की बात नहीं हैं जो दो मौत हुए वो विलंब से उपचार कराने तथा समय पर अस्पताल नहीं पहुंचने के कारण हुए है। गर्मी अधिक है लोग डिहाइड्रेशन का शिकार हो रहे हैं। दूषित भोजन करने से बचें। डायरिया संक्रामक बीमारी है। साफ सफाई का भी ध्यान रखें।

जब स्वास्थ्य विभाग की टीम पहुंची तो पता चला कि दूषित भोजन और डिहाईड्रेशन के वजह से लोग शिकार हुए हैं । और इलाज में विलंब की वजह से दो लोगों की मौत हो गई। यही अधिकांश लोग तालाब में उगने वाली करमता भाजी और ढेंस की सब्जी खाए थे।

कलेक्टर ने पेट्रोल कंपनियों के स्टेट कोआर्डिनेटर को एजेंसी खोलने लिखा पत्र

बलौदाबाजार:भाटापारा/नवप्रदेश। जिला मुख्यालय में स्थित मेसर्स बम्लेश्वरी गैस एजेंसी (इंडेन कंपनी) की मोनोपल्ली होने से बलौदाबाजार के आम नागरिक बेहद ही परेशान हैं। आये दिन उक्त एजेंसी के खिलाफ लगातार शिकायतें मिलती रहती हैं। शिकायतों के आधार पर कलेक्टर के.एल.चौहान ने आम लोगों को बेहतर सुविधा उपलब्ध हो सके इसके लिए एचपीसीएल एवं बीपीसीएल के स्टेट लेवल कार्डिनेटर को जिला मुख्यालय में एजेंसी खोलने को पत्र लिखा है। पत्र में उल्लेख किया गया कि वर्तमान में एक मात्र गैस एजेंसी मेसर्स बम्लेश्वरी गैस एजेंसी बलौदाबाजार के नाम से इंडेन कंपनी का संचालित है। जिसमें जिला मुख्यालय एवं आस पास के समीपवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में 20,000 से अधिक परिवार निवासरत हैं।

प्रथम पृष्ठ का शेष

मौसम विभाग ने कहा- 30 मई ...

केसीजी, कोरबा, महासमुंद, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी, मुंगेली, रायगढ़, रायपुर, राजनांदगांव में अलग-अलग स्थानों पर लू चलने की संभावना है। 25 मई को नौतपा शुरू होने के साथ प्रदेश में भीषण गर्मी है। पिछले चार दिनों में प्रमुख शहरों में अधिकतम तापमान पांच से सात डिग्री बढ़ा है। 25 मई को रायपुर में अधिकतम तापमान 40.4 डिग्री था जो 28 मई को 45.8 डिग्री पहुंच गया है। इसी तरह पेंड्रारोड में पारा 38.7 डिग्री था। मंगलवार को 45 डिग्री रिकॉर्ड किया गया

मुठभेड़ में दो नक्सली...

अनुसार, पुलिस को सूचना मिली कि थाना मद्दे? के तहत कोरंजे?-बन्देपारा के जंगलों में मद्दे? एरिया कमेटी एसीएम बुचन्ना, विश्वनाथ, बामन एवं अन्य 15-20 सशस्त्र माओवादियों की उपस्थिति है। जानकारी मिलने के बाद डीआरजी बीजापुर की टीम को 27 मई को रवाना किया गया था। इस बीच आज बुधवार को पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई।

पुलिस ने एक महिला और एक पुरुष नक्सली को मार गिराया। साथ ही मौके से हथियार, वायरलेस सेट, विस्फोटक व नक्सली सामाग्री तथा रोजमर्रा के सामान बरामद किए गए हैं। इस मुठभेड़ में पुलिस को बढ़ी सफलता मिली है मुठभेड़ में एक टॉप लीडर महिला नक्सली भी मारी गई है जिस पर पर आठ लाख रुपये का ईनाम घोषित है। हालांकि इस बात की पुष्टि पुलिस की तरफ से अब तक नहीं कि गई है।

पांच लाख की इनामी ...

थाना केरलापाल से जिला बल, डीआरजी सुकमा, डीआरजी बस्तर का बल 206 वाहिनी कोबरा का बल संयुक्त पार्टी ग्राम सिमेल, गोगुण्डा, गड़गड खुंडूशपारा व आस-पास क्षेत्र की ओर भेजा गया।

28 मई को सिमेल के जंगल-पहाड़ी से एक हार्डकोर महिला नक्सली बारसे मुये पिता बारसे देवा (दरभा डिवीजन मेडिकल टीम प्रभारी एवं मलगेर एरिया कमेटी सदस्या जिस पर पांच लाख का इनाम था को गिरफ्तार किया गया है ।

महिला ग्राम पोटाली, उरपलपारा थाना अरनपुर जिला दंतेवाड़ा की निवासी थी, महिला नक्सली के पास से 1 नग टिफिन बम, 5 नग डेटोनेटर, 5 नग बैटरी, 9 नग नक्सल साहित्य, मेडिकल किट व अन्य नक्सली सामग्री बरामद किया गया।

बेटे समेत अनवर ...

कर ली गई है। वहीँ दूसरा मामला रायपुर के ही पुरानी बस्ती थाना का है जहाँ अनवर ढेबर के यहाँ सुपरवाइजर का काम करने वाले इरफ़ान मेग्जी ने अपने घर का टाला तोड़ कर चोरी किए जाने की शिकायत की थी जिसपर पुलिस ने अनवर ढेबर , पापा , सोहिल और निखिल खत्री के खिलाफ धरा 380 , 34 के तहत अपराध दर्ज क्र लिया है लेकिन अभी तक किसी भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

अनवर बोला सारा सामान उठा लाओ

इमरान ने पुलिस को बताया कि उसे जानकारी मिली कि उसके फ्लैट में सोहेल ढेबर, पापा और निखिल खत्री मौजूद है इस दौरान अनवर ढेबर वीडियो कॉल पर मौजूद था आरोपियों से घर का सारा सामान उठा लाने के लिए कह रहा था। जिसके बाद आरोपियों ने पीड़ित इमरान के घर से करीब 20 हजार कैश, उनकी पत्नी के सोने के कुछ गहने और बच्चों के कॉलेज के सर्टिफिक्रेट और कई डॉक्यूमेंट भी ले गए।

पीड़िता के मोबाइल से जानकारी चाहते थे आरोपी

पुरानी बस्ती मामले में पीड़ित इमरान ने पुलिस को बताया की वह ढेबर सिटी भाटागांव के में सुपरवाइजर की नौकरी करता था। इस दौरान उसके माध्यम से अनवर ढेबर, शोएब ढेबर, जुनैद और अन्य आरोपियों ने एक महिला से सायबर स्टॉकिंग करवाया, जिसमे आरोप है कि उन्होंने महिला के मोबाइल से जानकारी निकलवाने के लिए छेड़छाड़ की। फिलहाल इस मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

2 हज़ार करोड़ के शराब घोटाले के मुख्य आरोपी पर मात्र 20 हज़ार की चोरी का आरोप

रायपुर पुलिस ने जिस अनवर ढेबर पर पुरानी बस्ती थाने में सिर्फ 20 हज़ार रूपए की चोरी के आरोप में एफ़आईआर दर्ज की है। दरसल वो आरोपी ढेबर छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित 2 हज़ार करोड़ रूपए के शराब घोटाले के मामले में मुख्य आरोपी है। और लंबे समय से रायपुर सेंट्रल जेल में बंद था, फिर उसे मेडिकल ग्राउंड में बेल पर छोड़ा गया था।

मिली जानकारी के अनुसार यह मामला पीड़ितों को धमका कर ईडी में दर्ज कराए गए उनके बयान को पलट कर ढेबर के पक्ष में गवाही देने के लिए आरोपी शोएब एवं अन्य आरोपियों द्वारा दबाव बनाए जाने का बताया जा रहा है , जिसकी शिकायत करने दोनों पीड़ित और मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गवाह मंगलवार की दोपहर ईओडब्लू दफ्तर पहुंचे थे जहाँ से उन्हें रायपुर के अलग अलग थानों में आरोपियों के खिलाफ शिकायत करने भेज दिया गया।

स्लीप प्रो गद्दा फैक्ट्री ...

के अफसर समेत फैक्ट्री संचालक नहीं पहुँच पाए थे। लेकिन दमकल विभाग और संबंधित थाना क्षेत्र की पुलिस समेत आसपास रहने वाले मौके में मदद के लिए जुटे हुए हैं। आग लगने के कारणों और किसी भी तरह की चूक का मामला जाँच के बाद ही सामने आएगा।

श्री गुरुनानक मैट्रेस स्लीप प्रो कम्पनी में गोंदवारा में फोम फैक्ट्री में आग लगी थी। जिसमे 7 कर्मचारी काम कर रहे थे, जिसमे से 5 को बचाया गया, सरोरा निवासी 2 महिलाओं यमुना और रामेश्वरी की जलने से मृत्यू हो गई है । पुलिस और शासन के अधिकारी मौके पर मौजूद है। दमकल की गाड़ी मौके पर अभी आग बुझ गई है।

छत्तीसगढ़ क्रिकेट प्रीमियर...

की भी घोषणा कर दी गई है।

इन टीमों के बीच होगा मुकाबला

छत्तीसगढ़ क्रिकेट प्रीमियर लीग में रायपुर राइनोज, बिलासपुर बुल्स, सरगुजा टाइगर्स, रायगढ़ लायन्स, राजनांदगांव पैंथर्स और बस्तर बाइसन टीम के बीच मैच खेला जाएगा। मैच में आईपीएल की तरह छक्के-चौंके की बरसात होगी। खेल प्रेमी मैच का आनंद लेंगे।

छह टीमों के बीच 18 मुकाबला

बीते 19 मई को टूर्नामेंट का अनावरण सुरेश रैना ने किया। टूर्नामेंट में छह टीमों के बीच कुल 18 मुकाबला खेले जाएंगे। प्रत्येक दिन दो मुकाबला होगा। बता दें कि बीसीसीआई की अनुमति से छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ की ओर से टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है।

न्यायालय नायब तहसीलदार उपतहसील देवरबीजा

मामले की श्रेणी- राजस्व

संदर्भः जिला बेमेतरा तहसील बेरला प.ह.नं. 00001 घोटमर्रा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी 202324452030004

ईश्तहार

तहसील बेरला के प.ह.नं. 00001 के अंतर्गत ग्राम घोटमर्रा के वर्तमान भूमिस्वामी मुन्नी बाई वे अभेराम जागेश हर्षा डेजी किरण आरती मोनिका नाबा.पिता/पति अभेराम पता- सा. डंगनिया के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 220(0.4600), 308/2 (1.2000), 237/2(0.3200) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता मुन्नीबाई बे अभेराम जागेश हर्षा डेजी किरण आरती मोनिका पिता/पति स्व. अभेराम पता- के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 18.06.2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय नायब तहसीलदार उप तहसील देवरबीजा पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/ आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकता है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 24/05/2024 को जारी किया जाता है।

सील | **नायब तहसीलदार देवरबीजा**

न्यायालय नायब तहसील उपतहसील देवरबीजा

मामले की श्रेणी : राजस्व

संदर्भः जिला बेमेतरा तहसील बेरला प.ह.नं. 00012 बहेरधट ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी 20232452030430001

ईश्तहार

तहसील बेरला के प.ह.नं. 00012 के अंतर्गत ग्राम बहेरधट के वर्तमान भूमिस्वामी नेतराम पि मिठू पिता/पति पता-सा बहेरघट के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 1093(0.0900) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता लक्ष्मी चौहान पिता/पति विष्णु चौहान पता- निवासी ग्राम -बहेरघट उपतहसील देवरबीजा जिला बेमेतरा (छ.ग.) के नाम पर पंजीयन/ फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 11/06/2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/ आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 24/05/2024 को जारी किया जाता है।

सील | **नायब तहसीलदार देवरबीजा**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पलारी जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.मा.क्र. 202405214700006
अ/2 वर्ष 2023-2024
ग्राम पलारी प.ह.नं. 22 तहसील पलारी
जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम पलारी प.ह.नं. 22 तहसील पलारी जिला बलौदाबाजार-भाटापारा को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय का रा.मा.क्र. 202405214700006 अ/2 वर्ष 2023-24 आवेदक संजय बघेल पिता लेनदास बघेल जाति सतनामी निवासी ग्राम गदहीडीह तहसील पलारी जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) द्वारा ग्राम पलारी प.ह.नं. 22 तहसील पलारी स्थित भूमि खसरा नं. 967/3 रकबा 0.021 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक द्वारा उक्त भूमि को आवासीय योजना के लिए छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 59 (2) के तहत व्यपवर्तित कर छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 172(2) के तहत पुर्ननिर्धारण करने हेतु बी-01, पी-02 खसरा नक्शा ब्लू प्रिंट सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त आवेदित भू के संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त आवेदित भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु परिवर्तित करने में जिस किसी व्यक्ति या कोई संस्था को दावा/आपत्ति यदि कोई हो तो पेशी दिनांक 14/06/2024 को मेरे न्यायालय में स्वतः उपस्थित होकर या अपने वैध प्रतिनिधि के माध्मय से दावा आपत्तियां प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं होगी।

आज दिनांक 16/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

सील | **अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पलारी**

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202405210100020
अ/21 वर्ष 2023-24, ग्राम- सुरजपुरा प.ह.नं. 04

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक घनश्याम लाल चवरे पिता स्व. श्री पुलस्त्य चवरे निवासी बजरंग वार्ड भाटापारा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार- भाटापाा छ.ग. के नाम पर ग्राम सुरजपुरा प.ह.नं. 04 तहसील भाटापारा में स्थित खसरा नंबर क्रमशः 460/1/ज/1 एवं 460/1/ज/2 रकबा क्रमशः 0.953, 0.292 हे. कुल खसरा नंबर 2 कुल रकबा 1.245 हे. भूमि को अनावेदक विनय कुमार मल पिता विजय मल निवासी शंकर वार्ड भाटापारा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार- भाटापारा छ.ग. को आपसी सौदा मूल्य 12,50,000/- रुपए अक्षरी बारह लाख पचास हजार रुपए प्रति एकड़ की दर से भूमि विक्रय करने का सौदा किया है तथा बयाना राशि 80,000/-रुपए अक्षरी अस्सी हजार रुपए प्राप्त किया गया है। उक्त भूमि को विक्रय करने की अनुमति मिलने बाबत छ.ग.भू.राजस्व संहिता 1959 की धारा 165(7-ख) के तहत कलेक्टर महोदय बलौदाबाजार-भाटापारा छ.ग. के समक्ष भूमि बिक्री मंजूरी हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है, जो जांच प्रतिवेदन हेतु अनुविभागीय अधिकारी रा. महोदय भाटापारा के माध्यम से इस न्यायालय में प्राप्त हुआ है। तत्संबंध में इस न्यायालय अ-21(4) वर्ष 2023-24 विचाराधीन है तथा सुनवाई हेतु दिनांक 05.06.2024 को नियत है।

उक्त भूमि का अनावेदक विनय कुमार मल पिता विजय मल निवासी शंकर वार्ड भाटापारा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा को 12,50,000/- रुपए अक्षरी बारह लाख पचास हजार रुपए प्रति एकड़ में विक्रय करने की अनुमति प्रदान किए जाने के संबध में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना है तो सुनवाई हेत नियत दिनांक 05.06.2024 तक स्वयं या अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से नियत समय व स्थान में दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 21/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर जारी किया गया।

सील | **अतिरिक्त तहसीलदार भाटापारा**

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सरोरा रोड उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर प्रथम तल, अग्रदूत बिल्डिंग, रजबंधा मैदान, रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक - चन्द्रशेखर धोटे, फोन : 0771-3526755,626218899 9, डाक पंजीयन क्रमांक CG/RYP/DN/ 40/2019-2021

खाद्य विभाग की बम्लेश्वरी गैस एजेंसी में दबिश

■ **स्टॉक में मिली गड़बड़ी, निर्धारित मूल्य से अधिक राशि वसूलने की शिकायत**

बलौदाबाजार - भाटापारा/नवप्रदेश। जिला मुख्यालय में लगातार गैस न मिलने की शिकायतों के आधार पर कार्रवाई करते हुए कलेक्टर के.एल.चौहान के निर्देश पर मुख्यालय स्थित बम्लेश्वरी गैस एजेंसी (इंडेन) में बलौदाबाजार एसडीएम के नेतृत्व में खाद्य विभाग की संयुक्त टीम ने दबिश दी। इस दौरान स्टॉक में बड़ी गडबड़ी मिली है। घरेलू एवं कामर्शियल गैस सिलेंडर भरे एवं खाली के भौतिक सत्यापन में लगभग 356 नग की अनियमितता पायी गई है। इसके अतिरिक्त गैस एजेंसी के गोदाम में डिफेक्टिव (14.2 कि.ग्रा.) के 44 नग सिलेंडर एवं खाद्य प्रकरण में जब्त किया गया फर्म की सुपुर्दगी में किया गया। विभिन्न प्रकार के अलग-अलग कंपनीयों का 54 नग (14.2 कि.ग्रा.) का सिलेंडर भौतिक सत्यापन में प्राप्त हुआ। फर्म द्वारा मौके पर प्राप्त जांच दिनांक को जांच समय तक आवक जावक के संबंध में कोई दस्तावेज बिल बिजक, होम डिलीवरी एवं कैश एण्ड कैरी के तहत प्रदाय रिफलिंग के सबंध में कोई भी दस्तावेज बिल बिजक प्रस्तुत नहीं किया गया है। स्टॉक एवं मूल्य प्रदर्शक बोर्ड का प्रदर्शन नहीं किया जाना पाया गया। मौके पर जप्त सभी सिलेंडरों को फर्म के मैनेजर वात्सल्य दीक्षित से जप्त कर उन्हीं के सुपुर्दगी में रखा गया है। जांच के समय उपस्थित हितग्राही शिकायतकर्ता त्रिलोचन सिंह ध्रुव ने बताया कि उनके द्वारा आनलाइन 17 मई को बुकिंग कराया था। परन्तु 21 मई तक उन्हें सिलेंडर प्राप्त नहीं हुआ। इससे परेशान होकर आनलाईन बुकिंग कैसिंल करवाकर एजेंसी कार्यालय में पर्ची कटवाकर गैस प्राप्त किया। उनके द्वारा यह भी बताया गया कि एजेंसी के संचालक द्वारा होम डिलीवरी की सुविधा प्रदान नहीं की जाती है।

इसी तरह अन्य शिकायतकर्ता रवि कंसारी ने बताया कि उनके द्वारा पिछले दो महीनों से कार्यालय में आकर लाइन लगाने के बाद कर्मचारियों द्वारा सिलेंडर खत्म होने

की बात कही गई, उसके बाद रवि कंसारी के द्वारा गोदाम जाकर देखने पर सिलेंडर उपलब्ध पाया गया। रवि कंसारी द्वारा गैस सिलेण्डर की मांग की गई। परन्तु कर्मचारी द्वारा 1 हजार रुपए देने की बात कही गई। साथ ही उन्हें कभी भी घर पहुंच सुविधा प्रदान नहीं की गई है। इसी तरह अनिल पंजवानी द्वारा बताया गया कि उनके द्वारा 27 फरवरी 24 को रिफिल कराया गया जिसके लिये उन्हें 885 रुपए शुल्क लिया गया। दिनांक 27 मई को उसके द्वारा रिफिल हेतु आया गया परन्तु एजेंसी संचालक द्वारा स्टॉक खत्म होना बताया गया।

जांच के समय उपस्थित नरेश गनशानी ने बताया कि उनकी माता श्रीमती मोहनी गनशानी के नाम पर उपभोक्ता क्रमांक 1124190 पंजीकृत है। जिनके द्वारा ऑनलाईन बुकिंग करने पर 10-15 दिन विलंब से बार-बार कहने के उपरांत भी सिलेंडर प्रदान किया जाता है। कई बार सेल्स आफिसर से शिकायत की गई। एजेंसी के शो-रूम से होम डिलीवरी का चार्ज लेकर अधिक राशि लेकर जानबूझकर अतिरिक्त लाभ लेकर कैश एंड कैरी पद्धति से सिलेंडर प्रदाय किया जाता है एवं दुर्व्यवहार किया जाता है। हरीश चन्द्र साहू, जयसूर्या पटेल, प्रेमलाल यादव, अनिल पंजवानी, स्वाति किशोर बाजपेयी एवं गोवर्धन यादव के द्वारा भी इसी तरह की शिकायतें की गई।

मैनेजर ने स्वीकारी गड़बड़ीः एजेंसी के मैनेजर वात्सल्य दीक्षित पिता मधुकांत दीक्षित कृष्णा विहार कालोनी निवासी ने बताया कि विगत एक वर्ष से प्रबंधक (मैनेजर) के पद पर कार्य कर रहा हूँ एवं समस्त दस्तावेज का संधारण, होम डिलीवरी, कैश डिलीवरी, स्कंध प्रबंधन इत्यादि एजेंसी के समस्त कार्य मेरे द्वारा किया जाता है। उनके द्वारा यह भी बताया गया कि घरेलू एलपीजी सिलेण्डर का रिफिलिंग दर 854 रुपए है परन्तु मेरे द्वारा प्रति सिलेण्डर (14.2 कि.ग्रा.) रिफिलिंग दर 885 रुपए शुल्क लिया जा रहा है एवं 883 रुपए रसीद पावती उपभोक्ताओं को प्रदान की जाती है। पूर्व दिनांक में आनलाईन बुकिंग किये गये उपभोक्ताओं को रिफिलिंग प्रदान न किया जाकर मेरे द्वारा कार्यालय में ही तत्काल नगदी रिफिलिंग प्रदान किया जाता है जिससे पूर्व में आनलाईन बुकिंग उपभोक्ताओं को समय पर रिफिल प्राप्त नहीं होता है। गैस एजेंसी के मैनेजर द्वारा यह भी बताया कि गैस एजेंसी के मेन रोड स्थित आफिस कम शो-रुम में उपभोक्ताओं को उनके मांग अनुसार 885 रुपए लेकर सिलेण्डर की रिफिलिंग की जाती है जबकि मैं उन्हें उनके घर पर पहुँचाकर नहीं देता। मौके पर उनके द्वारा दिनांक 25 मई 2024 से दिनांक 27 मई .2024 तक कुल प्रदाय सिलेण्डर की सूची उनके द्वारा प्रदाय नहीं किया गया एवं मेरे समक्ष यह कहा गया कि ऑनलाईन सर्वर कंपनी का कार्य न करने के कारण सूची प्रदान नहीं कर पा रहा हूँ। मौके पर उनके द्वारा कोई भी स्टॉक रजिस्टर, वितरण रजिस्टर नहीं प्रस्तुत नहीं किया गया। जिससे स्पष्ट होता है कि स्टॉक के संधारण में गंभीर लापरवाही एवं अनियमितता बरती गई है। जिस कारण उक्त एजेंसी को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। उक्त कार्रवाई द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस (प्रदाय और वितरण विनियमन) आदेश 2000 की कण्डिका 3 (3), 6, 7.1 (क) (ख) (ग), 8, 9, 10 (क) (ख) एवं अनुसूची-1 का खंड 3 (4), 10 का स्पष्ट उल्लंघन है। जो आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 की धारा 3 सहपठित 7 के द्वारा की गई एक दण्डनीय अपराध है।

कलेक्टर के निर्देश पर भाटापारा मंडी में हुई अतिरिक्त मजदूरों की व्यवस्था

भाटापारा/नवप्रदेश। कृषि उपज मण्डी समिति भाटापारा में वर्तमान में ग्रीष्मकालिन फसल धान की बम्फर आवक के कारण कि8सानों को हो रही तकलीफको ध्यान में रखते हुए कलेक्टर के एल चौहान के निर्देश पर मंडी प्रशासन ने 65 अतिरिक्त मजदूरों की व्यवस्था की है,विदित हो कि मंडी में वर्तमान अव्यवस्था के संबंध में लगातार खबर प्रकाशन के बाद कलेक्टर ने इसे संज्ञान मे लेकर कड़ी नाराजगी जाहिर की थी।

विदित हो कि भाटापारा मण्डी में ग्रीष्म कालीन धान की भरपूर आवक हो रही है जिसे वर्तमान में मंडी प्रशासन सही ढंग से संभाल नहीं पा रहा है।जिसके कारण गाड़ियों की जहा लंबी कतार लगी हुई है वही किसानों को भरी दोपहर में अपनी बारी का इंतजार करते सड़को पर देखा जा रहा है।बताया जाता है कि वर्तमान में कृषि उपज मण्डी समिति भाटापारा में विपणन कार्य व्यवस्था हेतु श्रमिको में तौलैया 50,हमाल 142 रेजा हमाल 156 कांटा हमाल 180 अनलोडिंग हमाल 200 अर्थात् कुल 728 श्रमिक मण्डी प्रांगण में कृषि उपजो के तौलाई भराई लोडिग का कार्य कर रहे है। मण्डी प्रांगण में बंपर आवक को देखते हुये मण्डी प्रशासन को कलेक्टर के एल चौहान द्वारा अतिरिक्त मजदूर लगाने के निर्देश दिए गए है। जिस पर मंडी प्रशासन द्वारा अतिरिक्त लोडिंग चिल्हर 15 हमाल एवं 50 अनलोडिंग मजदूरों की व्यवस्था की गई है।

■ न्यूज गैलरी

जिला अस्पताल में विशेष कैंसर जाँच शिविर आज

बलौदाबाजार-भाटापारा/नवप्रदेश। कलेक्टर के. एल.चौहान के निर्देश अनुसार जिला अस्पताल बलौदाबाजार में माह के दूसरे और चौथे गुरुवार को विशेष कैंसर जाँच शिविर का आयोजन किया जाता है । इस माह चौथे गुरुवार को शासकीय अवकाश होने के कारण उक्त जाँच अब गुरुवार आज 30 मई को होगी। इस बारे में जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉक्टर राजेश कुमार अवस्थी के अनुसार जाँच के लिए रायपुर के बड़े निजी अस्पताल की कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉक्टर नेहा जायसवाल अपनी सेवा देंगी। यह जाँच सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तो उपलब्ध रहेगी।अंतर मासिक रक्तस्राव ,शरीर के किसी छिद्र से रक्तस्राव,वजन कम होना ,माहवारी बंद होने के बाद रक्तस्राव ,दुर्गन्धियुक्त स्राव,पेट के निचले हिस्से में गांठ एवं दर्द,मुँह या त्वचा में घाव या अल्सर,आवाज़ में बदलाव ,लगातार खाँसी और भोजन निगलने में कठिनाई ये कुछ ऐसे लक्षण हैं जो कैंसर के खतरे को प्रकट करते हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एम पी महिस्वर ने अस्पताल में उपलब्ध इस निःशुल्क सुविधा का लाभ लेने की अपील की है ।

जिला जेल में बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण

धमतरी/नवप्रदेश। जिला जेल धमतरी में बुधवार 29 मई को एक दिवसीय आयुर्वेद स्वास्थ्य शिविर लगाकर बंदियों के स्वास्थ्य की जांच की गई। सहायक जेल अधीक्षक ने बताया कि इस दौरान आयुर्वेद चिकित्सक डॉ.अवध पचौरी सहित आयुर्वेद अमले ने 22 बंदियों की जांच कर औषधी वितरित की। इसके अलावा जिला जेल में एक दिवसीय मानसिक तनाव दूर करने, आत्महत्या से बचाव व अवसाद से मुक्ति पाने के संबंध में भी शिविर लगाया गया। इस दौरान जिला चिकित्सालय धमतरी की क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट श्रीमती प्रीति चाण्डक द्वारा जेल परि? 237 बंदियों को मानसिक तनाव दूर करने के संबंध में बारिकी से जानकारी दी गई।

महिलाओं की सेहतमंद जिंदगी का आधार हैं माहवारी स्वच्छता

■ **माहवारी स्वच्छता दिवस के मौके पर किया गया जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन**

बेमेतरा/नवप्रदेश। महिलाओं की सेहतमंद जिंदगी का आधार है माहवारी स्वच्छता÷ हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस आज 28 मई को ज़िले में मनाया गया। महिलाओं व किशोरियों में मासिक धर्म (माहवारी) से संबंधित भ्रांतियों को दूर करने, मासिक धर्म के प्रति चुप्पी तोड़ने, इसके प्रति जागरूकता बढ़ाने व नकारात्मक सामाजिक मानदंडों में बदलाव के उद्देश्य से हर साल 28 मई को माहवारी स्वच्छता दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस वर्ष ''टूगेदर फॉर अ पीरियड फ्रैंडली वर्ल्ड'' की थीम पर कलेक्टर रणबीर शर्मा के निर्देशानुसार एवं जिला पंचायत सीईओ टेकचंद अग्रवाल के मार्गदर्शन में बेमेतरा जिलें के ग्राम पंचायतों में विश्व मासिक धर्म (माहवारी) स्वच्छता दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य विभाग के स्वास्थ्य कार्यकर्ता एवं मितानिनों द्वारा स्वास्थ्य सम्बंधित जानकारी एवं स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के कर्मचारियों द्वारा स्वच्छता संबंधित जानकारी दी गई। इस अवसर पर ग्राम पंचायत के सरपंच सचिव, स्व-सहायता समूह की महिलाएं, मितानिन, किशोरी बालिकाएं सहित गांव के महिलाएं उपस्थित थे।

मासिक धर्म महिलाओं व किशोरियों के सेहतमंद जिंदगी व महिला सशक्तीकरण के महत्वपूर्ण पहलुओं में से एक है। बावजूद इसके अभी भी माहवारी से जुड़े सुरक्षात्मक उत्पाद व स्वच्छता प्रबंधन तक महिला व किशोरियों की पहुंच बेहद सीमित है। शिक्षा की कमी, पारंपरिक सोच व गलत धारणाओं के साथ-साथ स्वच्छता संबंधी बुनियादी इंतजामों का अभाव आज महिला व किशोरियों के शिक्षा, सेहत व सामाजिक स्थिति को गंभीर रूप से प्रभावित कर रहा है। कार्यक्रम के दौरान जानकारी दी गई कि माहवारी के समय आधी आबादी मानसिक पीड़ा सहन करने के साथ ही जानकारी की अभाव होने पर संक्रमण की चपेट में आ जाती हैं, यह कोई बीमारी नहीं है। माहवारी के समय थोड़ी सावधानी बरतकर महिलाएं संक्रामक बीमारियों में चपेट में आने से बच सकती हैं। प्रजनन आयु की किशोरी व महिलाओं के लिये मासिक धर्म एक सामान्य शारीरिक प्रक्रिया है।

तहसील साहू समाज नगरी, सिहावा का चुनाव संपन्न

कवल साहू बने अध्यक्ष, सभी पदाधिकारियों ने ली शपथ, नव निर्वाचित -38

नगरी/नवप्रदेश। तहसील साहू समाज नगरी, सिहावा के लिए नए कार्यकारणी अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव सहित अन्य पदों के लिए चुनाव सम्पन्न हुआ, बीते 26 मई को नगरी तहसील के 9 परिक्षेत्र में चुनाव संचालन समिति के अध्यक्ष हेमराज साहू परिक्षेत्र बेलरगांव, मन्नूलाल साहू कोषाध्यक्ष नगरी, ओंकार साहू सचिव,सांकरा किशन लाल साहू सहसचिव बेलर, बलराम साहू घठुला, सोमन साहू घटुला, धर्मेंद्र साहू फरसियां, थानेश्वर साहू, चुन्नूलाल साहू सांकरा नेहरू राम साहू बिरगुड़ी, कृष्ण कुमार साहू,दशरथ साहू, शिवप्रसाद साहू मावलीपारा, पुकेश साहू, सुरेश साहू परसापानी, लालेश्वर साहू, गोपीचंद साहू सिरसिदा और रामगोपाल साहू नगरी ने चुनाव संपन्न कराया, जिसमें समाज के लोगों ने अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए मतदान किया, लिहाजा सभी परिक्षेत्रों में मतदान प्रतिशत बढ़िया रहा।

मतदान की प्रक्रिया सम्पन्न होने के बीते बीते कल यानी सोमवार को साहू सदन नगरी में मां कर्मा माता और भगवान श्री कृष्ण के पूजा आरती के पश्चात् मतगणना प्रारंभ हुई, चुनाव के परिणाम आने के बाद पुनित राम साहू निवासी डीही पारा सेमरा परिक्षेत्र बिरगुड़ी को सर्वसहमति से संरक्षक चुने गए, वहीं कंवल राम साहू निवासी नवागांव परिक्षेत्र बेलरगांव तहसील साहू समाज नगरी सिहावा के नए अध्यक्ष के पद पर निर्वाचित हुए, उपाध्यक्ष महिला भुनेश्वरी साहू घटुला उपाध्यक्ष पुरूष योगेंद्र कुमार साहू सांकरा, उपाध्यक्ष महिला भुनेश्वरी साहू घटुला, सचिव पदुमलाल साहू मोदे, नगरी, सहसचिव लव कुमार साहू सांकरा और पेमंत साहू डोंगरडुला, कोषाध्यक्ष गौतम चंद साहू नगरी, अंकेक्षक अनराज साहू डोंगरडुला, हृदय साहू छिपली, भुनेश्वर प्रसाद साहू खम्हरिया, लेखराज साहू गोरेगांव, मिडिया प्रभारी गीतेन्द्र कुमार साहू सिरसिदा, विधिक सलाहकर रुद्रप्रकाश साहू घुटकेल, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष भूपेंद्र, सोनू साहू नगरी, युवा प्रकोष्ठ उपाध्यक्ष रोशन साहू करैहा, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष हेमलता साहू सांकरा, उपाध्यक्ष कांति साहू, सचिव अल्का साहू नगरी, कर्मचारी प्रकोष्ठ अध्यक्ष लोमश प्रसाद साहू फरसियां, उपाध्यक्ष कौशल प्रसाद साहू नगरी, सचिव यशपाल साहू बेलरगांव, व्यापारी प्रकोष्ठ अध्यक्ष जन्मेजय साहू सांकरा, उपाध्यक्ष हरिशचंद साहू नगरी, सचिव भूषण साहू सिरसिदा, संचालक मंडल अध्यक्ष अनिरुद्ध साहू नगरी, सचिव भारत लाल साहू नगरी चुने गए।

मतगणना काम में लगे सभी अधिकारियों, कर्मचारियों अभ्यार्थियों,अभिकर्ताओं को लेनी होगी गोपनियता की शपथ

कवर्धा/नवप्रदेश। राजनांदगांव लोकसभा के अंतर्गत कबीरधाम जिले में निर्वाचन 2024 की मतगणना की तैयारियों के संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री जनमेजय महोबे ने आज यहां जिला कार्यालय के सभा कक्ष में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक ली। बैठक में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों की विस्तार से जानकारी दी। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री संदीप अग्रवाल, उपजिला निर्वाचन अधिकारी गीता रायस्त, पंडरिया एवं कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के सहायक रिटर्निंग अधिकारी श्री संदीप अग्रवाल, श्री अनुपम टोप्पो, सहसपुर लोहारा एसडीएम सुश्री आकांक्षा नायक, सहित भाजपा, कांग्रेस सहित अन्य राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री जनमेजय महोबे ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए जारी कार्यक्रम के अनुसार 4 जून 2024 को मतगणना की कार्यवाहीं सुबह 8 बजे से शुरू की जाएगी। मतगणना स्थल कृषि उपज मंडी प्रांगण को बनाया गया है,जहां आवश्यक तैयारियां की जा रही है। स्ट्रांग रूम सुबह 7 बजे अभ्यार्थियों द्वारा प्रतिनधियों को उपस्थित होने की सूचना दी जाएगी। मतगणना स्थल के 100 मीटर की परिधि के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र को पैदल क्षेत्र घोषित किया गया है, इसकी सूचना अभ्यार्थियों एवं प्रतिनिधियों का दी जा रही है।

अवैध शराब पर कार्रवाई में कच्ची शराब व 90 किलो लाहन जप्त

राजनांदगांव/नवप्रदेश। जिले में अवैध मदिरा विक्रे ताओं एवं परिवहन करने वालों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। सहायक आयुक्त आबकारी यदुनंदन राठौर ने बताया कि जिले में अवैध शराब बेचने वाले, भण्डारण और अवैध मदिरापान कराने वालों एवं परिवहनकर्ताओं के विरूद्ध धर-पकड़ अभियान चलाया जा रहा है।

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार कार्रवाई अभियान के तहत आबकारी विभाग की टीम ने आबकारी उप निरीक्षक नेहा सिंह एवं टीम ने ग्राम खोभा शासकीय भूमि में 7 बल्क लीटर महुआ निर्मित कच्ची शराब एवं 90 किलोग्राम महुआ लाहन जप्त किया गया। अवैध मदिरा विक्रय की रोकथाम हेतु होटल ढाबों एवं मदिरा दुकानों का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है।

कलेक्टर ने सभी वृत्त प्रभारियों को वृत्त क्षेत्र में लगातार गश्त करने और अवैध मदिरा विक्रय के विरूद्ध प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। सहायक आयुक्त आबकारी ने बताया कि जिले में अवैध शराब बेचने, भण्डारण एवं परिवहन करने वालों पर लगातार कार्रवाई जारी रहेगी।

भाजपा प्रवक्ता चोपड़ा ने किसानों की समस्याओं के संबंध में एसडीएम से की चर्चा

महासमुंद/नवप्रदेश। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक डॉ. विमल चोपड़ा ने बुधवार 29 मई को भाजपा नेता देवीचंद राठी, मोहन साहू, पवन साहू, जितेंद्र साहू, महेंद्र सिक्का, सुरेंद्र महाराज, गुड्डा सिन्हा ,हाफिज कुरैशी आदि के साथ अनुविभागीय अधिकारी एवं तहसीलदार कार्यालय में उपस्थित होकर जिन लोगों की समस्याओं के संबंध में चर्चा कर अधिकारियों के माध्यम से समस्याओं के निपटारे का प्रयास किया। आसपास के क्षेत्र के दर्जनों लोगों ने डॉ. चोपड़ा से मिलकर अपनी समस्याओं की जानकारी दी एवं हल करने का निवेदन किया। खैरा ग्राम के बंदोबस्त त्रुटि को लेकर लभरा के किसान महेश चंद्राकर उपस्थित हुए। 20-25 वर्ष पुरानी इस

समस्या को 15 - 20 दिनों में निराकरण का आश्वासन मिला । उसी प्रकार अनेक सीमांकन एवं अन्य समस्याओं पर भी चर्चा हुई, जिस पर चुनाव की व्यस्तताओं के कारण देर होने की बात कह कर शीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया गया। चर्चा के दौरान पिछले वर्ष झलप - पटेवा एवं महासमुंद जिले के अन्य क्षेत्रों में हुई ओलावृष्टि क्षति की राशि वितरण की मांग डॉ. चोपड़ा द्वारा की गई जिस पर अनुविभागीय अधिकारी ने बताया कि आप लोगों के आंदोलन के पश्चात राशि की मांग शासन को भेजी गई थी उसे भाजपा शासन में स्वीकृत कर भेज दिया गया है जिसका वितरण आचार संहिता के पश्चात 6 जून को कर दिया जाएगा।

यूनियन बैंक | Union Bank of India

BRANCH BEMETARA (C.G.)

नीलामी सूचना

विशेष कर गिरवी कर्ता एवं सामान्य जनता को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित खाता में रखे गये सोने के आभूषण को सार्वजनिक नीलामी यूनियन बैंक, शाखा बेमेतरा (छ.ग.) द्वारा दिनांक 10.06.2024 को सुबह 11.00 बजे से किया जायेगा । हम ऐसे डिफाल्टर ग्राहकों के सोने के आभूषणों की नीलामी करने जा रहे हैं जिन्होंने रजिस्टर्ड पत्र द्वारा सूचित किये जाने के बावजूद अपने लोन की रकम नहीं चुकाई है । गिरवीकर्ता को यह सूचित किया जाता है कि दिनांक 09.06.2024 को या उससे पहले देनदारी और अन्य शुल्कों का भुगतान कर अपने गिरवी आभूषण को मुक्त करा सकते हैं अन्यथा 10.06.2024 को शाखा में नीलाम किया जायेगा ।

क्र.	ऋण की तिथि	ऋण नम्बर	ऋणी का नाम एवं पता
1.	28.02.2023	680406540000032 680406540000026 680406540000055	श्री सागर चक्रधारी पुत्र- लक्ष्मी नारायण चक्रधारी, 196, पथरिया, दुर्ग (छ.ग.)

इच्छुक बोलीकर्ता अधिक जानकारी हेतु यूनियन बैंक, शाखा बेमेतरा (छ.ग.) के प्राधिकृत अधिकारी, कुलदीप सिंह, मो. 9512670562 से संपर्क करें ।

दिनांकः 29.05.2024 — प्राधिकृत अधिकारी, यूनियन बैंक

Chola Enter a better life

चोलामण्डलम इन्वेस्टमेंट एण्ड फायनेंस कम्पनी लिमिटेड

कार्पोरेट कार्यालयः चोला क्रेस्ट, सी-54 एवं 55, सुपर बी-4, थिरु वी का, इंडस्ट्रियल स्टेट, गुइंडी, चेन्नई- 600032.
शाखा कार्यालयः सातवीं मंजिल, करेंसी टावर, वीआईपी चौक, जी.ई.रोड,तेलीबांधा, रायपुर, छत्तीसगढ़-492001.

प्रति,
1. चंद्रशेखर साहू पिता स्व. गोकुल राम साहू, 2. अनुसुइया साहू पति चंद्रशेखर साहू, 3. शकुन्तला साहू पति गोकुल राम साहू, 4. मीना साहू पता- 25/792, काली नगर, पण्डरी, रायपुर (छ.ग.), 5. कैदांशु साहू पिता चंद्रशेखर साहू, 6. माँ भवानी सेल्स, सभी का पता -C -15, गायत्री नगर, जगन्नाथ मंदिर के पास, शंकर नगर रायपुर (छ. ग.), 7. गायत्री साहू पिता स्व. श्री गोकुल राम साहू, 83 गाँधी चौक, सांकरा बोयली धमतरी (छ. ग.)

सन्दर्भः- बंधक सम्पति - मकान/ प्लाट नंबर C-15, क्षेत्रफल 1500 वर्गफीट, खसरा न. 697, नया खसरा न. 697/5, प.ह.न. 63, गायत्री नगर, महर्षि वाल्मीकि, वार्ड न 28 आर. आई. सी. शंकर नगर रायपुर ,तहसील व जिला रायपुर (छ. ग.), जिसका भौतिक आधिपत्य दिनांक 22/05/2024 को चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एन्ड फाइनेंस कंपनी लिमिटेड के द्वारा लिया गया है, में से सामान हटाने के सम्बन्ध में।

लोन खाता क्रमांकः- XDHERRH00003173813 एवं HE02RRH0000004395

महोदय जी,

निवेदन है कि दिनांक 22/05/2024 को चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एन्ड फाइनेंस कंपनी लिमिटेड के द्वारा, उसके पास आपके द्वारा लिए गए ऋण के एवज में बंधक रखे गए सम्पत्ति, जिसका विवरण ऊपर दिया गया है, का भौतिक आधिपत्य, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग कर, माननीय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट महोदय रायपुर के द्वारा प्रकरण क्रमांक 05/2023, में पारित आदेश दिनांक 21/06/2023 को निष्पादित कर प्राप्त कर लिया गया है। कृपया अधिक विवरण के लिए कब्जा नोटिस दिनांक 22/05/2024 देखें। यंहा यह उल्लेखनीय है कि बंधक शुदा उक्त सम्पति एक रिहायशी मकान है, जंहा की घरेलु उपयोग में आने वाले अनेक सामान रखा हुआ है जिसकी सूची कब्जे की सूचना दिनांक 22/05/2024 के साथ आपको प्रेषित की गई है। कृपया ध्यान दे कि उक्त कंपनी उल्लेखित बंधक सम्पति पर रखे हुए चल वस्तुओं की देखभाल करने की स्थिति में नहीं है और न ही देखभाल करने हेतु जिम्मेदार ही हैं। इसके अलावा यंहा यह भी उल्लेखनीय है कि कब्जा लिए जाने के पश्चात् ऊपर वर्णित सम्पति का उक्त कंपनी के द्वारा विधिवत नीलाम कार्यवाही भी किया जाना है ।

अतः इस पत्र के माध्यम से, हम आपसे अनुरोध करते हैं कि कृपया इस पत्र की प्राप्ति की तारीख से 10 (दस) दिनों के भीतर ऊपर वर्णित बंधक संपत्ति में रखे हुए समस्त सामान को अपनी सुरक्षा में लेकर स्थानांतरित कर लेवें। आगे आपसे यह भी अनुरोध है कि आप नीचे हस्ताक्षरकर्ता प्राधिकृत अधिकारी को सामान को स्थानांतरित करने की तारीख 3 (तीन) दिन पहले सूचित करें, ताकि सामान को आसानी से हटाने की सुविधा मिल सके। कृपया ध्यान दें, 10 दिनों की अवधि बीतने के बाद, हम उक्त बंधक संपत्ति में रखे हुए सामान के निपटान के लिए उचित कार्रवाई करेंगे, जिस पर आने वाले तमाम हर्जों और खर्चों के लिए आप जिम्मेदार होंगे । कृपया यह भी ध्यान रखें कि उपरोक्त अवधि बीतने के बाद, हम न तो पत्राचार या किसी भी संचार के लिए न तो उत्तरदायी होंगे, और न ही किसी भी प्रकार के नुकसान या क्षति के दावे के लिए जिम्मेदार होंगे।

स्थान- रायपुर
दिनांकः- 27/05/2024

प्राधिकृत अधिकारी
चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एन्ड फाइनेंस कंपनी लिमिटेड

न्यायालय नजूल अधिकारी कबीरधाम (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र.ई.पंजी/202405082200037
अ-6/ वर्ष 2023-24

आवेदक कैलाश पाली पिता झाडूराम पाली साकिन कवर्धा जिला कबीरधाम द्वारा नजूल नगर कवर्धा स्थित शीट क्र. 20 बी, भूखण्ड क्र. 46/1 क्षेत्रफल 838.00 व.मी. जो नजूल संधारण खसरा में भोला, जानकी आ. खोरबहरा, फुलकुंवर पति खोरबहरा, कैलाश, कलीबाई आ. झाडूराम, विष्णु, किशनु, कौशिल्या, गुड्डी आ. पुन्नूराम, शांति पति पुनूराम, सुनीता, गौरी, गोदावरी आ. पंचुराम, ढेलाबाई पति पंचुराम के नाम पर दर्ज है। उक्त भूखण्ड को मूल धारकों में से फुलकुंवर, जानकी, कलीबाई, कौशिल्या, गुड्डी, शांति के द्वारा शेष धारकों के पक्ष में पंजीकृत हकत्यागनामा दिनांक 16.01.2024 निष्पादित किए जाने से हकत्यागकर्तागणों का नाम विलोपित कर शेष नाम नजूल अभिलेख में यथावत रखे जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव नामांतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति एवं संस्था को उजर अथवा आपत्ति हो वे इस न्यायालय में दिनांक 07.06.2024 तक स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर मान्य नहीं किया जायेगा। आज दिनांक 28.05.2024 को इस न्यायालय के पद मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया है।

जारी दिनांक 28/05/2024
पेशी दिनांक 07/06/2024

सील — नजूल अधिकारी कबीरधाम

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रमांक-10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
Email: rmczone10@gmail.com

ईश्तहार

नामंतरण प्र.क्र. 11119 दिनांक 15.05.2024
वार्ड का नाम - 52 - डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 52 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. RPR446L00042 जो की निगम अभिलेख श्री /श्रीमती RAJAT BUILDTECH PVT LTD DWARA MRINAL GOLECHHA पिता/पति श्री/श्रीमती MAHAVIR KUMAR GOLECHHA के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती Abha Verma पिता/पति श्री/श्रीमती Nidhish Verma ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/पंजीकृत विक्रय विलेख/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे

श्री दिनेश कोसरिया
(जोन कमिश्नर)
जोन (10)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार पलारी जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. अ/74 वर्ष 2023-24
पक्ष. रामाधार पिता दुखुराम कुर्मी
मौजा ग्राम चुचरूंगपुर प.ह.नं. 03
रा.निमं. व तहसील पलारी

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक रामाधार पिता दुखुराम जाति कुर्मी निवासी ग्राम चुचरूंगपुर तहसील पलारी जिला बलौदाबाजार- भाटापारा छ.ग. के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि आवेदक के पिता दुखुराम पिता गोवर्धन का मृत्यु दिनांक 15/06/2007 को ग्राम चुचरूंगपुर में हुआ है। जिसकी मृत्यु दिनांक का पंजीयन नहीं करा पाया है। इसलिए आवेदक द्वारा अपने पिता के मृत्यु दिनांक का पंजीयन किए जाने हेतु आवेदन मय शपथ पत्र, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र सहित प्रस्तुत किया गया है। जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उक्त भूमि के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 07.06.2024 तक दाव आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियात बाद दावा आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं होगी।

आज दिनांक 17/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की सील मोहर द्वारा ईश्तहार जारी किया गया।

सील — तहसीलदार पलारी

न्यूज गैलरी

निशक्तजनों के बीच जन्मदिन मनाना सौभाग्य- योगेश

बेमेतरा/नवप्रदेश। शहीद स्मारक भवन भवन में सोमवार को प्रतिभावान निशक्तजनों का सम्मान समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम सर्व हिंदू सनातन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं भाजपा नेता योगेश तिवारी के नेतृत्व में संपन्न हुआ। राज्य स्तरीय दिव्यांग क्रिकेट प्रतियोगिता में दिव्यांगों ने ट्राई साइकिल में क्रिकेट खेली। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने प्रतिभावान निशक्तजनों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर निशक्तजनों को ट्राई साइकिल का भी वितरण किया गया। प्रदेश के कैबिनेट मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, दयालदास बघेल, सांसद सुनील सोनी, पश्चिम विधायक मोतीलाल साहू, भाजपा प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव, भाजपा प्रदेश महामंत्री रामू रोहरा, पूर्व विधायक देवजी भाई पटेल, पंडित अशोक चतुर्वेदी ने कार्यक्रम को संबोधित किया। यह आयोजन भाजपा नेता योगेश तिवारी के जन्मदिन पर अवसर पर आयोजित हुआ। वरिष्ठ नेताओं सहित पूरे प्रदेश के कार्यकर्ताओं ने आयोजन में शामिल होकर भाजपा नेता को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर भाजपा नेता तिवारी ने निशक्तजनों के बीच केक काटकर अपना जन्मदिन मनाया। जन सरोकार का कार्य करने वाले लोगों को हमेशा रखा जाता है याद - कैबिनेट मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जो लोग अपने जीवनकाल में जन सरोकार का कार्य करते हैं, उनके जाने के बाद भी लोग उन्हें याद करते हैं। उन्हीं का जो जीवन हैं सही मायने में जीवन है। भाजपा नेता ने कहा कि निशक्तजनों के बीच अपना जन्मदिन मनाने का जो सौभाग्य मिला है ये मेरे जीवनकाल में बेहद खुशी का क्षण है।

पपा संयुक्त मोर्चा ने संयुक्त संचालक को सौंपा ज्ञापन

बेमेतरा/नवप्रदेश। प्रधान पाठक संयुक्त मोर्चा ने संयुक्त संचालक दुर्ग को ज्ञापन सौंपा। मोर्चा के प्रदेश संयोजक त्रिभुवन वैष्णव एवं बसंत कौशिक ने अपने बयान में कहा कि राज्य स्तरीय (प्रशिक्षित स्नातकोत्तर प्राथमिक प्रधानपाठक एवं शिक्षक ई संवर्ग के वरिष्ठता सूची जो संचालनालय रायपुर द्वारा जारी किया गया है, उसमें नव पदोन्नत प्राथमिक प्रधानपाठकों को शामिल नहीं किया गया हैं, जोकि शिक्षक भर्ती एवं पदोन्नति राजपत्र 2019 के नियमों का पालन नहीं किया गया है। राजपत्र के अनुसूची-दो (नियम 6) के सरल क्रमांक 22 व्याख्याता भर्ती पदोन्नति में साफ उल्लेखित है कि कुल पदों के 50% सीधी भर्ती से तथा 50% पदोन्नति से भरा जाएगा, पदोन्नति के कुल पदों में से 50% पदों को ई संवर्ग के पदोन्नति से तथा 50% पदों को ई एलबी संवर्ग से भरे जाएंगे। हम सब को ज्ञात है कि प्रधानपाठक प्राथमिक/पूर्व माध्यमिक ये पद पूर्णतः ई संवर्ग के पद हैं, इसलिये नव पदोन्नत प्राथमिक प्रधानपाठकों को वरिष्ठता के लिए ई संवर्ग के साथ ही शामिल किया जाना चाहिए। लेकिन उन्हें व्याख्याता के पदोन्नति हेतु जारी ई संवर्ग वरिष्ठता सूची से पृथक रखा गया है, जो कि शासन के द्वारा बनाया गया शिक्षक भर्ती एवं पदोन्नति राजपत्र के नियमों का पालन नहीं हुआ है। इस सम्बंध मोर्चा के संयोजक त्रिभुवन वैष्णव एवं बसंत कौशिक, कमलेश सिंह बिसेन, अशोक कुमार ध्रुव, अनिल जांगड़े, शिवकुमार ध्रुव ने आज संयुक्त संचालक दुर्ग के समक्ष दावा आपत्ति प्रस्तुत किया गया। यदि समस्या का समाधान नहीं हुआ तो आगामी समय में लोक शिक्षण संचनालय रायपुर को ज्ञापन एवं बातचीत किया जाएगा। यहां भी यदि समाधान नहीं निकला तो न्यायालय जाने के लिए समस्त प्रधान पाठक बाध्य होंगे, ऐसा बयान दोनों प्रदेश संयोजक त्रिभुवन वैष्णव एवं बसंत कौशिक ने अपने बयान में कहा।

सीई ने किया जल जीवन मिशन के कार्यों का निरीक्षण

बेमेतरा/नवप्रदेश। जिले में चल रहे जल जीवन मिशन के कार्यों का निरीक्षण मुख्य अभियंता आरके गुप्ता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग परिक्षेत्र रायपुर द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अमलडीहा समूह जल प्रदाय योजना के संबंध में स्थल निरीक्षण एवं साइट पर उपस्थित ठेकेदार मेसर्स कावेरी इंजीनियरिंग प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड हैदराबाद के इंजीनियर और साइट सुपरवाइजर को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने इंटेकवेल, इन्फ्राक वितरण वाहिनिया, राव वाटर पंपिंग मेन आदि निर्माण कार्यों का निरीक्षण भी किया। ज़िले के नवागढ़ विकासखंड ग्राम गोढ़ीखुर्द में पानी की विकराल समस्या रहती थी वहां के ग्रामीणों को पेयजल एवं निस्तारी के लिए दूर से पानी लाना पड़ता था। जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत ग्राम गोढ़ी खुर्द में एकल नल जल प्रदाय योजना अंतर्गत उच्चस्तरीय जलागार (40कि ली) एवं घरेलू नल कनेक्शन 142 प्रस्तावित हैं। जिसमें जलागार के माध्यम से 132 घरेलू नल कनेक्शन के माध्यम से पेयजल की आपूर्ति की जा रही हैं, शेष 10 घरेलु कनेक्शन को शीघ्र ही पूर्ण कर लिया जाएगा। इसमें कार्यपालन अभियंता बेमेतरा के मार्गदर्शन में कार्य किया गया, जिससे ग्राम की योजना को सफलतापूर्वक पूर्ण कर परीक्षण के पश्चात ग्राम पंचायत को हस्तान्तरित किया जाना है, तत पश्चात् मध्यांतर में मुख्यालय बेमेतरा में मुख्य अभियंता परिक्षेत्र रायपुर की अध्यक्षता मे लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी कार्यपालन अभियंता आरके धनंजय, सहायक अभियंता एसके नायक, श्री लोनारे, एसआर नारनौरे, दाऊराम बंजारे, रूद्र कुमार ध्रुव एवं उपभियंता तथा अन्य कर्मचारीटीपीआई की उपस्थिति में बैठक ली गई तथा बैठक में जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा की गई, इसमें कार्य योजना बनाकर प्राथमिकता में अप्रारम्भ कार्य को अतिशीघ्र प्रारम्भ करने, कार्य में रूचि ना लेने वाले ठेकेदारों के विरुद्ध कार्यवाहि करने एवं अगामी वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए अप्रारम्भ उच्च स्तरीय जलागार को प्रारम्भ करने के निर्देश दिए तथा जिला समन्वयको के सहयोग से योजना के क्रियान्वयन को द्रुत गति से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

चार दिन बाद भी फैक्ट्री से लापता आठ लोगों का नहीं मिला सुराग

प्रशासन को डीएनए रिपोर्ट का है इंतजार

बेमेतरा/नवप्रदेश। कंडरका पुलिस चौकी में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज की है। इसके अलावा ब्लास्ट के बाद मलबे से शरीर के अंग मिले हैं जिसे रायपुर के मेडिकल कॉलेज में भेजा गया है। लापता हुए लोगों के परिजनों का डीएनए कराया जाएगा।

बेमेतरा जिला में बीते 25 मई शनिवार की सुबह 7.57 बजे स्पेशल ब्लास्ट लिमिटेड कंपनी के फैक्ट्री में ब्लास्ट हो गया था। यह फैक्ट्री बेरला थाना क्षेत्र के ग्राम पिरदा (बोरसी) में है। घटना में अब तक एक की मौत सात घायल हुए हैं। घायलों का उपचार रायपुर के मेडिकल कॉलेज में चल रहा है। जिस यूनिट में यह ब्लास्ट हुआ है वहां पर काम कर रहे आठ श्रमिकों का अब तक कोई पता नहीं चल सका है।

इस मामले में पुलिस ने कंडरका पुलिस चौकी में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज की है। इसके अलावा ब्लास्ट के बाद मलबे से शरीर के अंग मिले हैं जिसे रायपुर के मेडिकल कॉलेज में भेजा गया है। लापता हुए लोगों के परिजनों का डीएनए कराया जाएगा। इसे लेकर दो दिन पहले ही परिजनों से बाल व ब्लड का सैंपल लिया गया है। दूसरी ओर इस घटना के बाद रविवार से फैक्ट्री के सामने छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना व परिजनों द्वारा प्रदर्शन किया जा रहा है जो कि बीते चार दिन से जारी है।

इन लोगों की मांग है कि 50 लाख रुपये मुआवजा, सरकारी नौकरी व फैक्ट्री बंद कराने की है। घटना के बाद अब तक फैक्ट्री प्रबंधन पर एफआईआर दर्ज नहीं की गई है। इसे लेकर कांग्रेस के नेताओं ने बेमेतरा एसपी रामकृष्ण साहू को ज्ञापन सौंपा है। बेमेतरा के पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने किहा कि इस गंभीर हादसे के मामले में कंपनी संचालक/फैक्ट्री संचालक के विरुद्ध अब तक किसी भी प्रकार का थाने में प्रकरण दर्ज नहीं हुआ है। स्पेशल ब्लास्ट लिमिटेड कंपनी संचालक एवं कंपनी के जिम्मेदार पदाधिकारियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करवाने की मांग की गई है। चेतावनी दी कि अगर शीघ्र एफआईआर दर्ज होकर निष्पक्ष जांच नहीं हुई तो कांग्रेस पार्टी आंदोलन किया जाएगा। वहीं इस मामले में मजिस्ट्रियल जांच शुरू कर दी है। 45 दिन में जांच रिपोर्ट जिला प्रशासन को सौंपनी है।

नहीं मिला यात्री प्रतीक्षालय, बस स्टैंड में धूप में भटकते फिरते हैं यात्री

नवागढ़/नवप्रदेश। नगर पंचायत से नगर पालिका की ओर बढ़ रहे नवागढ़ में आज भी कई ऐसी मूलभूत सुविधाएं है जो मुहैया नहीं हो पाई है। जो एक सामान्य नगर पंचायत में होनी चाहिए। वैसे तो नवागढ़ को नगर पंचायत बने दो दशक से भी ज्यादा समय हो गया लेकिन आज भी यहां के बस स्टैंड में एक स्थाई यात्री प्रतीक्षालय नहीं बन पाया है।

45-46 डिग्री की भीषण गर्मी के बीच बड़ी तादाद में बस यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। यहां यात्रियों के लिए बैठने कुर्सियां नहीं है न छाया के लिए प्रतीक्षालय है और न ही बस स्टैंड परिसर में पीने के लिए पानी की सुविधा है। इस कारण यात्रियों, राहगीरों सहित बस स्टैंड के दुकानदार व ग्राहकों को बेहद परेशानी उठानी पड़ रही है। वही सालों से जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी जल्द ही यात्री प्रतीक्षालय बनाने का आश्वासन देकर जिम्मेदारियों से पल्ला झाड़ते आ रहे हैं। सालों से नवागढ़ नगर वालो को अधिकतर सुविधा तो मिली ही नहीं लेकिन बाहरी यात्रियों के लिए भी यात्री प्रतीक्षालय नहीं बनाया गया। उल्लेखनीय है कि नवागढ़ विधानसभा का मुख्यालय है जिसके चलते नवागढ़ के आसपास के सैकड़ो गांवों का केंद्र होने के कारण प्रशासनिक एवं व्यापारिक दृष्टिकोण से काफी महत्वपूर्ण शहर है। नवागढ़ में एसडीएम, जनपद पंचायत, तहसील, नगर पंचायत, बैंक, रजिस्ट्रार, अस्पताल, स्कूल, कालेज, सहित कई शासकीय दफ्तर, बाजार एवं बड़े व्यापिरक प्रतिष्ठान स्थित है। जिसके चलते प्रतिदिन यहां हजारों लोगों का आवागमन रहता है किंतु यात्री प्रतीक्षालय न होने से यहां ठहरने का पर्याप्त स्थल, पेयजल का साधन व शौचालय की व्यवस्था सहित अन्य साधन मौजूद नही है। उल्लेखनीय है कि नवागढ़ विधानसभा का सबसे बड़ा बस स्टैंड है। यहां से रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, भाठापारा, कवर्धा, मुंगेली, बेमेतरा जैसे लोकल शहरों के साथ-साथ प्रयागराज, बनारस, हैदराबाद, पुणे, नागपुर आदि बड़े शहरों के लिए भी बसें संचालित है। जिसके कारण क्षेत्र की बड़ी आबादी नवागढ़ बस स्टैंड पर निर्भर है। यहाँ रोज़ाना सैकड़ो यात्री अक्सर बस स्टैंड में देखे जाते है फिर भी नगर पंचायत ने यात्री प्रतीक्षालय को लेकर कोई विशेष रुचि नहीं दिखाई है। प्रतीक्षालय नहीं होने से यात्रियों को खासी परेशानी उठाना पड़ती है। सर्दी, गर्मी और बारिश में लोग धूप व बारिश में ठेलों एवं दुकानों के छपरी पर खड़े होकर बसों का इंतजार करते हैं। कुछ लोग होटल व दुकानों की शरण लेते है। इसमें भी यात्रियों को दुकानदारों के गुस्से का अलग शिकार होना पड़ता है। इस दौरान महिलाएं बच्चे व वृद्ध लोगों की फजीहत हो जाती है। नवागढ़ बस स्टैंड परिसर में यात्रियों के लिए पीने की भी उचित व्यवस्था नहीं है। यात्रियों को पानी के लिए या तो बॉटल खरीदना पड़ता है या वहा होटल या अन्य दुकानों से पानी मांग कर पीना पड़ता है। जिससे दुकान दार भी परेशान रहते है और यात्री भी इतने सालो में यह कोई व्यवस्था नहीं कि जा सकी। जिससे लोगों को पेयजल मिल सके। पानी के अभाव में यात्री मजबूरन सूखे कंठ लेकर चलते बनते हैं। नगरवासियों का कहना है कि पिछले कई सालो में नेता बदले, शासन बदला, अधिकारी बदले लेकिन किसी ने नवागढ़ बस स्टैंड पर प्रतीक्षालय बनाने की ओर ध्यान ही नहीं दिया। यहां के अधिकारी व जनप्रतिनिधि सिर्फ अपनी सुविधाओं में लगे रहे। उन्हें नगरवासियों या बाहर से आए यात्रियों के बारे में जरा सा भी चिंता नहीं है कि वे कैसे इस समस्या से निपट रहे है।

पारा चढ़ने के साथ बढ़ा हीट-स्ट्रोक का खतरा, सीएमएचओ ने किया सचेत

बेमेतरा/नवप्रदेश। ग्रीष्म ऋतु में तेज धूप और गर्म हवाओं का असर दिखने लगा है। पारा चढ़ने के साथ लू का भी खतरा बढ़ रहा है। इसे देखते हुए स्वास्थ्य विभाग सीएमएचओ डॉ संतराम चुरेंद्र एवं जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक कुमार बसोड़ ने लोगों से शरीर में पानी की कमी न होने देने की अपील की है। ज्यादा गर्मी के कारण शरीर में पानी की कमी या डिहाइड्रेशन की समस्या हो सकती है, इसका सेहत पर बुरा असर पड़ता हैं। आमतौर पर लोग इस समस्या को गंभीरता से नहीं लेते। स्वास्थ्य विभाग ने लू से बचाव और इसके प्रबंधन हेतु व्यापक जन-जागरूकता के लिए विस्तृत जानकारी प्रसारित की हैं।

लू के लक्षण - सिर में भारीपन और दर्द का अनुभव होना, तेज बुखार के साथ मुंह का सूखना, चक्कर और उल्टी आना, कमजोरी के साथ शरीर में दर्द होना, शरीर का तापमान अधिक होने के बावजूद पसीने का न आना, अधिक प्यास लगना, पेशाब कम आना, भूख न लगना और बेहोशी लू लगने के लक्षण हैं। लू से बचाव के उपाय - लू लगने का प्रमुख कारण तेज धूप और गर्मी में ज्यादा देर तक रहने के कारण शरीर में पानी और खनिज, मुख्यतः नमक की कमी होना हैं। इससे बचाव के लिए सावधानी रखना आवश्यक है। बहुत अनिवार्य न हो तो गर्मी में घर से बाहर न जाएं। धूप में निकलने से पहले सिर व कानों को कपड़े से अच्छी तरह से बांध लें।लू से बचने के लिए पानी अधिक मात्रा में पिएं ख़ाली पेट न रहे। अधिक समय तक धूप में न रहें। गर्मियों में मुलायम सूती के कपड़े पहनना चाहिए ताकि हवा और कपड़े पसीने को सोखते रहें। अधिक पसीना आने पर ओआरएस का घोल पिएं। चक्कर या मितली आने पर छायादार स्थान पर आराम करें। शीतल पेयजल, जूस, लस्सी, मठा इत्यादि का सेवन करें। लू लगने पर यह करें - लू लगने पर प्रारंभिक सलाह के लिए 104 आरोग्य सेवा केन्द्र से निःशुल्क परामर्श ले सकते हैं। उल्टी, सिरदर्द या तेज बुखार होने पर नजदीकी अस्पताल या स्वास्थ्य केन्द्र में जाकर जरूरी सलाह लें।बुखार पीड़ित व्यक्ति के सिर पर ठंडे पानी की पट्टी लगाएं।

कलेक्टर ने मतगणना स्थल का निरीक्षण किया

कवर्धा/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री जनमेजय महोबे ने कृषि उपज मंडी परिसर अंतर्गत मतगणना स्थल की तैयारियों का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र अंतर्गत जिले के विधानसभा क्षेत्र 71 पंडरिया और 72 कवर्धा के लिए होने वाली मतगणना के लिए यहां की जा रही तैयारियों का अवलोकन किया। इसके साथ ही स्ट्रांगरूम की सुरक्षा व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने मतगणना स्थल पर सीसीटीव्ही कैमरे तथा तैनात सुरक्षा बल, मतगणना तथा डाक मतपत्रों की गणना की तैयारियों के संबंध में विस्तार से जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री महोबे ने विधानसभावार मतगणना हॉल पर आधार भू-संरचना, प्रस्ताव के आधार पर 21 टेबल की तैयारी, मतगणना स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था, मीडिया सेंटर में आवश्यक सुविधाएं व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए। मतगणना दिवस के दिन मतगणना कार्य में लगे अधिकारियों सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं में लगे सभी कर्मचारियों को पास जारी करने के निर्देश दिए। मतगणना कक्ष पर राजनीतिक दलों के एजेंटो के लिए समुचित बैठक व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए। लोकसभा निर्वाचन की मतगणना कड़ी सुरक्षा के बीच 04 जून को प्रातः 8 बजे से आदर्श कृषि उपज मंडी तालपुर में शुरू होगी। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ श्री संदीप कुमार अग्रवाल, रिटर्निंग अधिकारी विधानसभा-71 पंडरिया श्री संदीप ठाकुर, विधानसभा-72 कवर्धा श्री अनुपम टोप्पो सहित निर्वाचन से जुड़े अधिकारी उपस्थित थे।

नौतपा में कबीरधाम जिले में 44 डिग्री तापमान, लू जैसी लहर, अलर्ट जारी

कवर्धा/नवप्रदेश। ग्रीष्म ऋतु से बचाव एवं तैयारियों के लिए बैठक ली गई । नौतपा में बढ़ती गर्मी और लू जैसे लहरों से बचाव के उपाय करने के लिए अलग-अलग विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा- निर्देश दिए।

उल्लेखनीय है कि नौतपा का मौसम चल रहा हैं। इस मौसम में लगातार गर्मी बढ़ती जा रही है। इधर मौसम विभाग ने अलर्ट जारी करते हुए प्रदेश के बीस जिलों में बुधवार और गुरुवार को लू जैसी स्थिति से अलर्ट करने के लिए कहा है। कबीरधाम जिले में बुधवार दोपहर एक से दो बजे के बीच में 44 डिग्री तापमान दर्ज की गई है। कलेक्टर ने अधिकारियों की बैठक लेकर कहा कि जलवायु परिवर्तन एवं वैश्विक तापमान में औसत रूप से हर वर्ष वृद्धि दर्ज हो रही है। जिसके कारण माह अप्रैल, से जून के दौरान भीषण गर्मी पड़ने और लू जैसी हलात बनने लगी है।

बड़े तामपान से जनसाधारण को स्वास्थ्य संबंधी गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ता है, विशेषकर ग्रीष्म ऋतु में बच्चों को भी गांवों में खेलते हुए देखा जा रहा है। खेल-कूद स्वास्थ्य के लिए बहुत अच्छा होता है, लेकिन हमे ग्रीष्म ऋतु से लू से बचने की भी जरूरत है। इसी प्रकार वृद्धजनों, दैनिक श्रमिको-मजदूरों एवं बसों में परिवहन करने वाले आमजनों को भी लू से बचने की जरूरत है। कलेक्टर श्री महोबे ने सभी नगरीय निकायों के प्रमुख चौक चौराहों, और पंचायत एवं ग्रामाण विकास को जिले के प्रमुख मार्गो में स्थित चौक-चौराहो पर शीतल पेयजल की व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग, उर्जा, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, पशुपालन चिकित्सा, गृह, परिवहन, शिक्षा, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, वन विभाग, अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएं, जल संसाधन नगरीय निकाय, श्रम एवं रोजगार, कृषि, खाद्य, समाज कल्याण, खनिज, जिला एवं उद्योग के अधिकारियों को ग्रीष्म ऋतु के बचाव एवं राहत के लिए अलग-अलग दायित्व दिए गए है। साथ ही कलेक्टर ने जिले के आमजनों से आग्रह करते हुए कहा कि चुकि मौसम विभाग ने भी प्रदेश के बीस जिलों सहित कबीरधाम जिले में लू जैसी हालात निर्मित होने के लिए अलर्ट जारी किया है।

मोदी के खिलाफ टिप्पणी रिपोर्ट लिखाने पहुंचे भाजपाई

धमतरी/नवप्रदेश। नारायणपुर में शासकीय चिकित्सक के रूप में पदस्थ डॉक्टर बृजनंदन बनपुरिया द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निजी जीवन एवं सनातन धर्म के आस्था व श्रद्धा को ठेस पहुंचाने वाली परमात्मा जैसे शब्दों पर टिप्पणी करते हुए दुर्भावनावश, कुत्सित व्यवहार को लेकर आक्रोशित भाजपा के शहर मंडल अध्यक्ष विजय साहू एवं महामंत्रीद्वय निलेश लूनिया, अखिलेश सोनकर के नेतृत्व में सिटी कोतवाली पहुंचकर थाना प्रभारी को लिखित आवेदन सौंपा। प्रदेश महामंत्री जगदीश रामू रोहरा ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के खिलाफ बोलने वाले के ऊपर कार्यवाही तय है,शासकीय पद पर होते हुए आचार संहिता के बीच इस तरह का बयान बिलकुल भी बर्दाश्त नही किया जाएगा। शहर मंडल अध्यक्ष विजय साहू ने कहा है कि अंतिम चरण के मतदान से पूर्व जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र भी शामिल हैं की गई टिप्पणी निष्पक्ष लोकतंत्र में चुनाव को प्रभावित करने के लिए दुषित मानसिकता प्रतीत हो रही है जिसकी जितनी निंदा की जाए वह कम है। महामंत्री निलेश लुनिया द्वारा शासकीय सेवक के सार्वजनिक दिए गए बयान को लोकतांत्रिक मर्यादा को कलंकित करने वाला। महामंत्री अखिलेश सोनकर देश के प्रधान सेवक पर की गई टिप्पणी को विकृत मानसिकता का परिचायक बताया।

जेल में बंदी की मौत पर परिजनों ने उठाए सवाल, जेल प्रशासन बोला-नशे का आदी

बालोद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बालोद जिला जेल में बंदी लुकेश सिन्हा की इलाज के दौरान मौत हो गई। उसे आबकारी एक्ट के तहत जेल में भेजा गया था। बंदी लुकेश सिन्हा की मौत होने के बाद परिजनों ने मारपीट का आरोप लगाया है और न्यायिक जांच की मांग की है।

उप जेल बालोद में विचाराधीन कैदी की हुई मौत के बाद मामला गरमा गया है। मृतक देवरी थाना के अंतर्गत ग्राम फरदफोड का निवासी था उप जेल प्रशासन द्वारा पिछले दो दिन से स्वास्थ्य उपचार हेतु जिला अस्पताल बालोद ले जाया गया। जहां पर उपचार के बाद पुनः उपजेल में लौटा दिया गया। इसके बाद कल शाम उसकी मृत्यु हो गई। इस संदर्भ में उपजेल के जेलर ने न्यायिक जांच के लिए पत्राचार जारी कर दिया गया है। जिसके बाद वास्तविक स्थिति शीघ्र ही सामने आ जाएगी। पारिवारिक जनों ने इस मामले में जांच की मांग की है। सहायक जिला जेल अधीक्षक एस शोभा ने बताया कि, 25 मई को लुकेश सिन्हा जेल दाखिल हुआ था। बैरक में वह तरह-तरह की हरकतें कर रहा था और नशे का आदि था। इस वजह से उसे अस्पताल उपचार हेतु भेजा गया था और उपचार के दौरान तीन दिनों बाद उसकी मौत हो गई।

परिजनों ने लगाया मारपीट का आरोप

बंदी लुकेश सिन्हा की मौत होने के बाद परिजनों के बीच में काफी आक्रोश देखने को मिल रहा है। उन्होंने जेल प्रबंधन पर आरोप लगाया है कि, उनके बेटे की मौत सामान्य मौत नहीं है। उनका कहना है कि, मारपीट के दौरान ही मौत हुई होगी।

गिधपुरी पटवारी पर रिश्वत मांगने का आरोप

ग्रामीणों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

पलारी/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत गिधपुरी के ग्रामीणों ने कलेक्टर बलौदाबाजार से पटवारी के स्थानांतरण करने की मांग का ज्ञापन सौंपा है। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम गिधपुरी हल्का नंबर 15 में पटवारी संतोष कुमार यादव पदस्थ हैं, जो कभी कभी हल्का मुख्यालय आते हैं। आये दिन कार्यालय बंद रहता है। जिसके कारण पढ़ाई करने वाले बच्चों के साथ साथ किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। पटवारी द्वारा छोटे-छोटे कार्य को करने से मना कर दिया जाता है। आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र बनाने के लिए बच्चों को काफी इंतजार करना पड़ता है। पटवारी द्वारा नवीन पर्ची, नामांतरण, सीमांकन, नक्शा खसरा बटांकन सहित आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र में हस्ताक्षर करने के लिये पैसों की मांग की जाती है। पैसे नहीं देनेवालों के साथ दुर्व्यवहार किया जाता है। पटवारी के उक्त व्यवहार से ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। ज्ञापन सौंपने के दौरान चोवा राम, जोगी राम, कार्तिक राम, जीतू साहू, महेश, दुलार दास, नरेंद्र, मुनेश कुमार, डोमेश, प्रकाश लहरी, प्रदीप यादव, गोरेलाल यादव, धर्मेंद्र, लेखराम यादव, श्यामू यादव, बंशीलाल, सुरेंद्र कुमार साहू, रोहित कन्नौज, कौशल्या साहू, सुखवती यादव, संतोष, वसंती, जीवराखन, ओंकार, कौशल, राधे शंकर, खेलावन आदि शामिल है।

मतगणना स्थल पर प्रवेश पास अनिवार्य

बेमेतरा/नवप्रदेश। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 संसदीय क्षेत्र 7- दुर्ग के अन्तर्गत ज़िले की तीनों विधानसभा क्षेत्र 68 साजा, 69 बेमेतरा और 70 नवागढ़ की आगामी 4 जून को की जाने वाली मतगणना संबंधी कार्य, प्रक्रिया की जानकारी आज यहां कलेक्ट्रेट के दृष्टि सभाकक्ष में कलेक्टर एवं ज़िला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को दी। कलेक्टर ने बताया कि बेमेतरा ज़िले की तीनों विधानसभा क्षेत्र साजा, बेमेतरा व नवागढ़ की मतगणना का कार्य आगामी 4 जून को प्रातः 8 बजे से कृषि उपज मण्डी परिसर बेमेतरा में किया जाएगा। जिसके लिए स्ट्रांग रूम प्रातः 7 बजे अभ्यर्थी/राजनीतिक दलों की उपस्थिति में खोला जाएगा। उन्होंने बताया कि मतगणना कार्य के लिए ज़िले की प्रत्येक विधानसभा के लिए 14 टेबल लगायी जायेगी। हर टेबल पर एक -एक गणना पर्यवेक्षक, गणना सहायक एवं माइक्रो आब्जर्वर नियुक्त किए गये है। मतगणना अभिकर्ता की नियुक्ति अभ्यर्थी अथवा उनके निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा प्रारूप -18 में टेबलवार 14+1 किया जा कर सूची मतगणना तारीख़ से तीन दिवस पूर्व शाम 5 बजे तक रिटर्निंग ऑफिसर के समक्ष प्रस्तुत किया जाये।

अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई में 26 ठेला गुमठी हटाए

राजनांदगांव/नवप्रदेश। जी.ई.रोड फ्लाई ओव्हर के नीचे साफ सुथरा कर व्यवस्थित रखने एवं सु-व्यवस्थित पार्किंग के लिये नगर निगम तथा यातायात की टीम सुनियोजित अभियान चला रही है, अभियान के तहत गत सोमवार को फ्लाई ओव्हर के नीचे गुरूद्वारा चौक से महावीर चौक तक अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गयी और आज पोस्ट आफिस चौक से भगत सिंह चौक तक 26 ठेला व गुमठी हटाया गया तथा खडे वाहन हटाने वाहन मालिकों को समझाईश दी गयी।

उल्लेखनीय है कि जी.ई.रोड फ्लाई ओव्हर के नीचे पूर्व वर्षो में नगर निगम द्वारा साफ सुथरा कर सौदर्यीकरण किया गया था तथा शहर आने वाले लोगों व शहर के अंदर मार्केटिंग हेतु आने जाने वाले लोगों के लिये सुगम पार्किंग करने प्रक्रिया की गयी थी, किन्तु बेतरतीब खडे वाहनों तथा अव्यवस्थित रखे ठेला खोमचा के कारण फ्लाई ओव्हर के नीचे साफ सफाई नहीं हो पाई और वहा गंदगी व्याप्त हो गयी। शहर के जी.ई.रोड में फ्लाई ओव्हर निर्मित होने के कारण अन्य शहरों व प्रदेश से लोगों का आना जाना लगा रहता है, लेकिन गंदगी होने व बेतरतीब वाहन ठेला रखे रहने से गंदगी के कारण शहर के प्रति अच्छी धारणा नहीं बन रही थी, साथ ही शहर में यातायात का दबाव भी बढ़ रहा है, उक्त बातों को ध्यान में रखते हुये जिलाधीश श्री संजय अग्रवाल के निर्देश पर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने निगम में गठित अतिक्रमण तोड़ दस्ता को यातायात विभाग के साथ मिलकर फ्लाई ओव्हर के नीचे अतिक्रमण मुक्त करने अभियान चलाने कहा गया। जिलाधीश एवं आयुक्त के निर्देश पर निगम एवं यातायात का अमला फ्लाई ओव्हर के नीचे अतिक्रमण मुक्त करने अभियान शुरू किया और सोमवार को गुरूद्वारा चौक से महावीर चौक तक ठेला खोमचा हटाया गया और कुछ वाहन हटाकर वाहन मालिकों को अपने वाहन हटाने समझाईश दी गयी। इसी कड़ी में आज निगम व यातायात की टीम पोस्ट आफिस चौक से भगत सिंह चौक तक अभियान चलाकर 26 ठेला व गुमटी हटाये, जिनमें से 21 ठेला स्वयं के द्वारा हटाया गया।

5 ठेला जप्ती की गयी। साथ ही वाहन हटाये गये तथा वाहन मालिकों से अपने वाहन हटाने समझाई दी गयी। इसके अलावा भगत सिंह चौक में पोल गढ़ाया गया।

मेहनत की मिसाल है सरकारी स्कूल का यह तरणताल

प्रवेश शर्मा

पेंड्रा/नवप्रदेश। आज के दौर में स्कूल में छात्रों से श्रमदान कराने पर शिक्षकों के ऊपर केस दर्ज हो जाते हैं। वहीं अभिभावकों के गुस्से का भी सामना करना पड़ता है। वहीं दूसरी ओर 1960-65 के दशक में पेण्ड्रा के मल्टीपर्पस हायर सेकेण्डरी स्कूल के प्राचार्य के दिए प्रोजेक्ट को पूरा करने स्कूल के 500 से भी ज्यादा छात्रों ने अपनी मेहनत, लगन और बेजोड़ कारीगरी की मिसाल कायम करते हुए तीन साल में श्रमदान से अंतरराष्ट्रीय स्तर का स्वीमिंग पुल तैयार कर दिया था।

यहां बता दें कि छात्रों के श्रमदान से बनाया गया यह भारत देश का एकमात्र स्विमिंग पुल है, जो कि मेहनत, लगन और बेजोड़ कारीगरी की मिसाल है। छात्रों के श्रमदान से बनाया गया स्विमिंग पुल देश और दुनिया में पेण्ड्रा के अलावा कहीं और देखने को नहीं मिलेगा, इसलिए इस स्विमिंग पूल के गेट पर श्रमदानी छात्रों के सम्मान और याद में आज भी लिखा हुआ है कैंपस वर्क प्रोजेक्ट। यहां मार्च 2024 में राज्यस्तरीय प्रतियोगिता भी हो चुकी है। पुल बनाने वाले छात्रों का दावा है कि छात्रों के श्रमदान से बनाया गया यह पुल प्रदेश के साथ देशभर में इकलौता है। इसे बनाने में शासन का एक रुपए भी नहीं लगा, बल्कि स्कूल स्टाफ के साथ पेण्ड्रा के लोगों ने इसमें सहयोग किया है। वर्तमान में इसका सौंदर्यीकरण और जीर्णोद्धार होने के बाद पेण्ड्रा और आसपास के छात्र, बच्चे, युवक, युवतियां यहां तैराकी सीखने बड़ी संख्या में आते हैं।

दरअसल, 1960 से 65 के दशक में पेण्ड्रा के मल्टीपर्पस हायर सेकंडरी स्कूल के प्राचार्य डब्ल्यू पी कुर्चानिया रहे। उन्होंने बड़े शहरों में स्वीमिंग पुल देखा था। ऐसे में उनकी इच्छा थी कि उनके कैंपस में भी स्वीमिंग पूल की सुविधा हो जाए तो बच्चों की प्रतिभा में तैराकी का हुनर भी बढ़ जाएगा। उन्होंने शासन से सहयोग मांगा, लेकिन उन्हें आर्थिक मदद नहीं मिली। फिर क्या था, प्राचार्य ने स्वीमिंग पूल बनाने की सोच को साकार करने हर मुश्किल से लड़ने की ठान ली। जब शासन से उन्हें निराशा हाथ लगी तो बच्चों को हुनरमंद बनाने और अपनी सोच को साकार करने उन्होंने अपने स्कूल के छात्रों को स्वीमिंग पूल बनाने का कैंपस वर्क प्रोजेक्ट दे दिया। छात्रों ने भी प्राचार्य के इस प्रोजेक्ट को पूरा करने ठान लिया और प्राचार्य के मार्गदर्शन में इसे पूरा करने में जुट गए।

प्राचार्य ने खुद बनाई ईंट, बच्चों ने किया सहयोग

छात्रों ने स्कूल परिसर में ही ईंट भट्ठा बना स्वयं ईंट बनाई और स्वीमिंग पूल के लिए गड्ढा खोद डाला। इसके बाद प्राचार्य की अपील पर स्टाफ समेत पेण्ड्रा के लोगों ने आर्थिक मदद करनी शुरू की। इससे सीमेंट, छड़, गिट्टी, रेत समेत अन्य सामाग्री खरीदी गई। फिर प्राचार्य के निर्देशन में ढलाई कर 85 फीट लंबा और 40 फीट चौड़ा स्वीमिंग पूल तैयार किया गया। ईंट की जोड़ाई कर चारों ओर बाउंड्री बनाई गई और साथ ही भव्य प्रवेश द्वार भी बनाया गया। स्वीमिंग पूल में पानी भरने स्कूल के कुएं से पूल तक पाइपलाइन बिछाई गई और आउट गोइंग के लिए भी स्वीमिंग पूल में पाइप बिछाया गया। साथ ही स्टैण्डर्ड मापदण्ड का जंपिंग पाइंट भी बनाया। जंपिंग प्वाइंट के पास स्वीमिंग पूल की गहराई 15 फीट गहरी रखी, ताकि भविष्य में बड़ी प्रतियोगिता के दौरान इसका बड़े स्तर पर उपयोग किया जा सके। अपनी कड़ी मेहनत और लगन से छात्रों ने अंतरराष्ट्रीय मापदंड का स्वीमिंग पूल बनाकर दिखा दिया, जो अपने आप में मिसाल बन गया, जिसका दूसरा उदाहरण प्रदेश समेत देशभर में शायद ही देखने को मिले।

नपा अध्यक्ष ने वाटर फिल्टर प्लांट व शेड का कराया निर्माण

इसके बाद वर्तमान नगर पालिका अध्यक्ष राकेश जालान ने भी स्वीमिंग पूल के लिए शासन से आर्थिक सहयोग लेकर वाटर फिल्टर प्लांट व शेड का निर्माण कराया, जिससे अब रात दिन के अलावा बरसात में भी स्विमिंग पूल चालू रहता है। वहीं नगर पालिका अध्यक्ष राकेश जालान ने स्विमिंग पूल परिसर के सौंदर्यीकरण का काम भी कराकर बच्चों के लिए झूला इत्यादि लगवाया साथी साथ अच्छी लाइटिंग की व्यवस्था स्विमिंग पूल में ट्रेनर की व्यवस्था हमारे वर्तमान अध्यक्ष जी ने करवाई जिससे परिसर की सुंदरता बढ़ गई है।

35 साल तक बंद के कारण इस तरह खंडहर में तब्दील हो गया था स्विमिंग पूल, फिर जीर्णोद्धार के बाद बदली तस्वीर।

इन छात्रों ने किया था श्रमदान

स्वीमिंग पूल बनाने श्रमदान करने वाले छात्रों में पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी, पूर्व मंत्री डॉ. भंवर सिंह पोर्ते, डॉ. सीताराम गोयनका, हरजीत सिंह कुकरेजा, राजकुमार गौतम, द्वारिका सोनी, शंकर केडिया, गोविंद सोनी, सरोज सालोमन, निर्मल सिंह सरदार, वीरेंद्र उपाध्याय, द्वारिका गुप्ता, देवदास मानिकपुरी, तुलसी जायसवाल, जगतपाल शर्मा, अबू बकस, नारायण दुबे सहित लगभग 500 छात्रों ने 3 साल श्रमदान किया था। उस समय के श्रमदानी छात्र दिनेश सिंह पवार ने बताया कि छात्रों के श्रमदान और शासन का एक रुपए लगे बिना देश का यह इकलौता पूल है। श्री ओमप्रकाश सतुवाला ने बताया हाई स्कूल कैंपस में हम सब ने मिलकर ईटा भट्ठा बनाया था उसमें एट पीकर फिर बच्चों की लाइन में 1,1,2 एट कर स्विमिंग पूल तक पहुंचने सारे बच्चे और सारे मित्र गण मिलकर रेट गिट्टी और भी अधिक सारी चीज लेकर जाते और स्विमिंग पूल में लगाते ऐसे ही हमारे बच्चों और मित्र गणों के परिश्रम से यह स्विमिंग पूल हमने तैयार किया था।

मुख्य अतिथि बनने का गौरव मुझे मिला-सोनी

रिटायर्ड शिक्षक द्वारिका प्रसाद सोनी स्विमिंग पूल बनाने के श्रमदानी छात्र रहे हैं। इन्होंने बताया कि इस ऐतिहासिक धरोहर के जीर्णोद्धार के लिए तत्कालीन नगर पंचायत अध्यक्ष अरुणा गणेश जायसवाल ने उन्हें मुख्य अतिथि बनने का गौरव दिया था। उन्होंने कहा कि इस स्विमिंग पूल के जीर्णोद्धार के बाद यहां तैराकी सीखते बच्चों को देखकर सुखद महसूस होता है। आगे उन्होंने कहा कि पूल बनाने की जद्दोजहद में हमने प्राचार्य के मार्गदर्शन में इस प्रोजेक्ट को पूरा करने की जिद थी। मन में उत्साह भी था कि हमारे द्वारा किया गया श्रमदान भविष्य में याद रखा जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि देश में शायद ही ऐसा पूल बनाया गया हो जो छात्रों के श्रमदान, सरकार की बिना मदद और लोगों के सहयोग से बनाया गया हो।

35 साल तक बंद के कारण खंडहर में तब्दील हो गया था स्विमिंग पुल

जब तक डब्ल्यू पी. कुर्चानिया प्राचार्य थे, तब तक और उनके बाद कई वर्षों तक यह स्विमिंग पूल चलन में रहा, लेकिन समय के साथ धीरे-धीरे मेंटेनेंस के अभाव में स्वीमिंग पूल से पानी का रिसाव होने लगा तो फिर शासन से आर्थिक सहयोग के अभाव में इसे बंद कर दिया गया। लगभग 35 साल तक बंद रहने से यह खंडहर में तब्दील हो गया था।

पूर्व नपं अध्यक्ष ने स्विमिंग पुल का जीणोद्धार करा नगरवासियों को सौंपा : स्विमिंग पूल के 35 वर्ष से बंद होने की जानकारी जब पेण्ड्रा नगर पंचायत अध्यक्ष अरुणा गणेश जायसवाल को मिली तो उन्होंने नगर की ऐतिहासिक धरोहरों को सहेजने का काम शुरू किया। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी की पहल से स्वीमिंग पूल के जीर्णोद्धार के लिए शासन से राशि लाया और इसका जीर्णोद्धार करा नगर वासियों को समर्पित कर दिया।

स्विमिंग पुल बनाने गड्ढा खोदा और मिट्टी भी फेंकी-पवार : अपने छात्र जीवन को याद कर रिटायर्ड शिक्षक दिनेश सिंह पवार का चेहरा खुशी से खिल उठा। वे बताते हैं कि उन्हें और उनके साथ पढ़ने वाले सभी छात्रों को स्विमिंग पूल बनाने का कैंपस वर्क प्रोजेक्ट प्राचार्य डब्ल्यूपी कुर्चानिया ने दिया था। इसे छात्रों ने मिलकर तीन साल में पूरा कर दिखा दिया। स्वीमिंग पूल बनाने उनके साथ पढ़ने वाले छात्रों ने गड्ढा खोदा और मिट्टी तक फेंकी। सुबह से लेकर शाम तक खूब पसीना बहाया। उस दौरान जूनून था कि समय से पहले इस प्रोजेक्ट को पूरा करना ही है। दिनेश सिंह ने बताया कि उनसे वरिष्ठ और कनिष्ठ सैकड़ों छात्रों ने स्विमिंग निर्माण में श्रमदान किया था। ऐसे जज्बे से तैयार किया गया ऐसा पूल शायद ही देश में हो।

प्रभारी डीपीएम की डिग्री फर्जी, एसपी से शिकायत

मामले में एफआईआर दर्ज कराने की मांग

सूरजपुर/नवप्रदेश। जिले के स्वास्थ्य विभाग में पदस्थ प्रभारी डीपीएम डॉ. प्रिंस जायसवाल के खिलाफ बैकुंठपुर के सामाजिक कार्यकर्ता संजय जायसवाल ने पुलिस अधीक्षक सुरजपुर को फर्जी डिग्री होने की शिकायत कर एफआईआर दर्ज कराने की मांग की है। सूरजपुर एसपी को दी शिकायत में सामाजिक कार्यकर्ता संजय जायसवाल ने बताया है कि डॉ प्रिंस जायसवाल जो कि प्रभारी डीपीएम बैकुण्ठपुर, जिला- कोरिया छ.ग. में पदस्थ थे, इनकी काफी शिकायतों के कारण इनका स्थानान्तरण सूरजपुर कर दिया गया है एवं वर्तमान में सूरजपुर में कार्यरत है। आगे उन्होंने उल्लेख किया है कि डॉ. प्रिन्स जायसवाल द्वारा मॉस्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ का कोर्स कालरॉक्स टीचर्स यूनिवर्सिटी से सन् 2012-14 में किया गया है, यूनिवर्सिटी के हेल्प लाईन नम्बर पर सम्पर्क करने पर पता चला है कि सन् 2012 से 2014 के बीच फर्जी डिग्री का वितरण किया गया है और रिजल्ट में हस्ताक्षरित रजिस्ट्रार एस0 के0 गुप्ता जो कि वर्तमान में फर्जी डिग्री प्रकरण में जेल में है। उन्होंने डॉ प्रिंस जायसवाल की डिग्री की जांच करते हुए इनके विरूद्ध एफआईआर दर्ज कर कार्यवाही करने की मांग की है।

अधिवक्ता गनी मोहम्मद हुए हजयात्रा पर रवाना

सक्ती/नवप्रदेश। नगर के मुस्लिम समुदाय से इस्लामिक भाई गनी मोहम्मद एवं असगरी बेगम भारत से सउदी अरब के मक्का मदीना 40 दिनों की हज यात्रा के लिए रवाना हुए जो कि 28 मई शाम 7 बजे सक्ती से नागपुर स्थित एयरपोर्ट जाने के लिए सक्ती रेलवे स्टेशन से इतवारी टाटा ट्रेन द्वारा रवाना हुए जिन्हें हज यात्रा की बधाइयाँ देने सक्ती शहरवासी भारी संख्या मे सक्ती रेलवे स्टेशन में मौजूद रहे, वही कुछ मुस्लिम भाई उनके साथ नागपुर स्थित एयरपोर्ट तक पहुंचाने हेतु रवाना हुए जहां से 30 मई को नागपुर एयरपोर्ट से सउदी अरब स्थित जेद्दाह एयरपोर्ट के लिए रवाना होंगे, जहाँ पैगम्बर मुहम्मद के सुन्नतों में चलते हुए हज मुकम्मल करेगे जोकि मुस्लिम समाज इस्लाम के 5 प्रथाओं मे से एक है जिसे मुस्लिमो द्वारा अपने पूरे जीवन काल में करना फर्ज है वे 5 फर्ज है कलमा, नमाज, रोजा, जकात, हज, जिसमें से 5 वां फर्ज हज साहीबे हैसियत यानी माली तौर पर मजबूत लोगों के लिए लागू होती है हज और उमराह दोनो धार्मिक यात्रा करने को दुनियाँ भर के मुस्लिम सउदी अरब पहुँचते हैं जिसमें हज इस्लामिक माह के आखिरी महीने जिल हिज्जा यानी बकरीद त्यौहार के दरमियान पुरी की जाती है और उमराह पूरे साल भर कभी भी की जाती है, हज का मकसद मुसलमानों को अल्लाह के प्रति अपना ईमान और ईबादत को जाहिर करने का मौका मिलता है यह यात्रा अपने गुनाहों से माफी मांगने और एक नये जीवन की शुरुआत करने का मौका देती है। हज के लिए जाने वालों का इस्तेबाक समाज के द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुस्लिम समाज के सलाम सर हाजी वहीद भाई, हाजी मुनव्वर खान, महबूब भाई, जान हाजी, तैयब अली, रिजवी अमीन भाई, बसीर खान, करीम भाई, हाजी जायसी भाई, हाजी इदरीश भाई, गुलाम सरवर राजा, माजिद भाई, सैयद पटवारी, आबिद खान, सफीक खान, इदरीश कुरैशी, ताहिर भाई, काजी भाई, पूर्व मंडी अध्यक्ष पंडित देवेंद्र नाथ अग्निहोत्री, प्रकाश ठाकुर, मुन्ना पटेल, अधिवक्ता समाज एवं नगर के गणमान्य नागरिकों के द्वारा शुभकामनाएं दी।

गरीब बच्चों को भी अच्छे स्कूलों में पढ़ने मिले मौका

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले में आरटीई के अंतर्गत प्रवेशित बच्चों के ड्रॉप आउट रोकने के संबंध में आज जिला कलेक्टोरेट स्थित जनदर्शन कक्ष एवं मनियारी सभाकक्ष में विकासखंडवार निजी स्कूलों के संचालकों, प्राचार्यों एवं नोडल अधिकारियों की बैठक कलेक्टर राहुल देव ने ली। बैठक में उन्होंने स्कूलवार ड्रॉप आउट के संबंध में गहन समीक्षा की। उन्होंने ज्यादा ड्राप आउट वाले स्कूलों का चिन्हांकन करने के भी निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने स्कूलवार ड्रॉप आउट का एनालिसिस करने निर्देशित किया तथा पालकों से कॉल के माध्यम से बातचीत कर ड्रॉप आउट के संबंध में जानकारी ली। गांव के गरीब बच्चों को भी अच्छे स्कूलों में पढ़ने का मौका मिले, इसके लिए उन्होंने समुचित पहल करने के लिए नोडल अधिकारियों को प्रोत्साहित किया। कलेक्टर ने कहा कि निजी स्कूलों में विभिन्न कार्यक्रमों एवं गतिविधियों के नाम पर शुल्क लिए जाते हैं, जिससे कई गरीब बच्चे ड्रॉपआउट कर जाते हैं। ऐसी स्थिति को रोकने के लिए समुचित उपाय करने की बात कही। उन्होंने कार्यालय द्वारा जारी प्रपत्रों में बच्चों के पालक का मोबाईल नम्बर एवं निजी विद्यालयों के भुगतान किए गए राशि की जानकारी अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने के लिए निर्देशित किया।

महिलाओं-बच्चों के पोषण और स्वास्थ्य के लिए अगले माह से चलेगा अभियान

जिले और ब्लॉक के अधिकारियों को बनाया जाएगा पंचायत नोडल, कार्यों की मॉनिटरिंग कर हर टीएल में देंगे प्रगति की रिपोर्ट

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। कलेक्टर विलास भोसकर की अध्यक्षता में संपन्न हुई समय सीमा की बैठक में मतगणना की तैयारियों सहित पीएम जनमन योजना की समीक्षा की गई। बैठक में 4 जून को होने वाली मतगणना की तैयारियों की समीक्षा की गई और संबंधित अधिकारियों को सभी तैयारियां शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए।

बैठक में पीएम जनमन के तहत पहाड़ी कोरवा बसाहटों में आवास, सड़क, स्वास्थ्य सुविधाओं, राशन, पेंशन, पेयजल आदि की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु जारी कार्यों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा परिवारों के बेहतरी के लिए किए जा रहे कार्यों निरंतर प्रगति के लिए नोडल अधिकारी लगातार अपने स्तर पर मॉनिटरिंग करें। कलेक्टर ने बैठक में कहा कि जिले में 199 पीवीटीजी बसाहटें हैं। इनमें महिलाओं और बच्चों के पोषण और स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए निःशुल्क हेल्थ कैंप अभियान के रूप में चलाया जाए जिससे इन्हें कुपोषण मुक्त किया जा सके। इस अभियान में सीईओ जनपद पंचायत, महिला एवं बाल विकास विभाग और स्वास्थ्य विभाग आपसी समन्वय के साथ काम करेंगे। उन्होंने हेल्थ कैंप में विभिन्न महत्वपूर्ण टीकाकरण, दवाइयों की उपलब्धता, स्वास्थ्य जांच और परामर्श को शामिल करने कहा है। ये हेल्थ कैंप 4-5 पीवीटीजी बसाहटों का क्लस्टर बनाते हुए आयोजित किए जाएंगे। इसी तरह कलेक्टर ने कहा कि पंचायत स्तर पर संचालित शासकीय कार्यों की मॉनिटरिंग करने के लिए जिले और ब्लॉक के अधिकारियों को पंचायत नोडल बनाया जायेगा। ये पंचायत नोडल अपने प्रभार के पंचायतों में जाकर कार्यों की जानकारी लेंगे और प्रगति की रिपोर्ट कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत करेंगे।

निर्वाचन प्रक्रिया का अंतिम पड़ाव है मतगणना : कंगाले

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने रायपुर के नवीन विश्राम गृह में आयोजित मतगणना प्रेक्षकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मतगणना प्रेक्षक (काउंटिंग ऑब्जर्वर) की भूमिका मतगणना के दौरान अत्यधिक महत्वपूर्ण होती है। मतगणना संपूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया का अंतिम पड़ाव है। इसलिए सभी की नजर मतगणना की प्रक्रिया पर केंद्रित होती है। ऐसे में मतगणना प्रेक्षक की भूमिका सबसे अहम हो जाती है।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती कंगाले ने मतगणना प्रेक्षकों के प्रशिक्षण में कहा कि मतगणना के दौरान मतगणना प्रेक्षक की भूमिका निभाने वाले अधिकारियों को मतगणना के सभी पहलुओं की बारीक जानकारी होनी चाहिए। मतगणना केंद्र पर पारदर्शी ढंग से मतगणना की प्रक्रिया पूर्ण हो, इसके लिए मतगणना प्रेक्षक को निष्पक्ष और सभी प्रक्रियाओं से संबंधित जानकारी से परिपूर्ण होना चाहिए। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के अंतर्गत आगामी 4 जून को होने वाली मतगणना के लिए छत्तीसगढ़ के 56 अधिकारियों को देश के विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों में मतगणना प्रेक्षक की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इनमें भारतीय प्रशासनिक सेवा के 20 और राज्य प्रशासनिक सेवा के 36 अधिकारी शामिल हैं। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर यू.एस. अग्रवाल, विनय अग्रवाल और रुपेश कुमार वर्मा ने मतगणना स्थल पर प्रेक्षक की भूमिका, ईटीपीबीएस एवं डाक मतपत्रों की गणना एवं ईवीएम से मतगणना संबंधी सभी बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी दी।

प्रोत्साहन मनियारी सभा कक्ष में आयोजित समारोह में कलेक्टर ने मेधावी विद्यार्थियों का किया सम्मान

'असफलता से निराश न हों, कड़ी मेहनत करें'

मुंगेली/नवप्रदेश। जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभा कक्ष में कक्षा 10वीं और 12वीं में प्रावीण्य सूची में आने वाले बच्चों को कलेक्टर राहुल देव ने सम्मानित किया। उन्होंने सभी बच्चों को अपने भविष्य के प्रति जागरूक एवं सतर्क रहने तथा कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि अपने आधार को मजबूत बनाएं तथा बेहतर समझ विकसित करें और भविष्य में आने वाली किसी भी परेशानी पर निराश ना हो, उनका डटकर मुकाबला करें, आपको सफलता जरूर मिलेगी।

इस दौरान कलेक्टर ने प्रावीण्य सूची में स्थान पाने वाले बच्चों से बातचीत की। कक्षा 10वीं में प्रावीण्य सूची में स्थान पाने वाले योगेश साहू ने बताया कि बड़ा होकर आपकी तरह आई.ए.एस. बनना है। रितेश मंगेशकर ने बताया कि पिता रामकुमार मंगेशकर शिक्षक हैं और मैं भविष्य में आई.ए. एस. बनना चाहता हूं। इसी प्रकार कक्षा 10वीं के गौरव साहू ने भी भविष्य में आईएएस बनने की इच्छा व्यक्ति की। कक्षा 12वीं में मेरिट में आने वाले ध्रुव केशरवानी ने बताया कि उन्होंने बोर्ड परीक्षा में 89 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं और भविष्य में सी.ए. बनना चाहता हूं। कक्षा 12वीं की छात्रा लेना डायरी ने बताया कि 12वीं में गणित विषय लेकर 92 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं और भविष्य में जज बनना चाहती हूं। इसी प्रकार राधिका निषाद, रुखमणी कश्यप, चंदन साहू, अखंड प्रताप सिंह, तुलसी दिवाकर, आदि ने कलेक्टर से अपने अनुभव साझा किए। कलेक्टर ने सभी बच्चों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी और लक्ष्य बनाकर कड़ी मेहनत एवं लगन से उसे पूरा करने के लिए प्रेरित किया। कलेक्टर श्री देव ने कहा कि बच्चों में अद्भुत क्षमता होती है, उन्हें अपने सपनों को दिशा देते हुए लक्ष्य के लिए लगातार प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि आने वाला समय डिजिटल युग एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का होगा। उन्होंने सभी बच्चों को बदलते समय के हिसाब से अपने आप को अद्यतन रखने एवं कैरियर के लिए नई-नई संभावनाओं की ओर अग्रसर होने के लिए भी प्रेरित किया। कलेक्टर ने अभिभावकों से कहा कि बच्चे कच्ची मिट्टी की तरह होते हैं, उन्हें जैसी दिशा दी जाएगी, उसी के अनुरूप उनका विकास होगा। उन्होंने सभी अभिभावकों से बच्चों के मनोभाव को समझते हुए उन्हें सही दिशा में आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। अपर कलेक्टर श्रीमती निष्ठा पाण्डेय तिवारी ने मेरिट में आने वाले सभी बच्चों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा की बच्चों ने प्रावीण्य सूची में स्थान पाकर न केवल जिले का मान बढ़ाया हैं, बल्कि प्रदेश को भी गौरवान्वित किया है। उन्होंने सभी बच्चों को कड़ी मेहनत करने एवं जीवन में आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभाकर पाण्डेय ने प्रावीण्य सूची में स्थान पाने वाले बच्चों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए निरंतर इसी तरह आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। जिला शिक्षा अधिकारी सी.के. घृतलहरे ने मेरिट में आने वाले बच्चों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने बताया कि 10वीं बोर्ड परीक्षा में जिले से 11 हजार 682 परीक्षार्थी शामिल हुए थे, जिसमें 68 प्रतिशत से अधिक छात्र उत्तीर्ण हुए। कक्षा 10वीं में उत्तीर्ण बालकों का प्रतिशत 64.44 तथा बालिकाओं का प्रतिशत 72.55 रहा। इसी प्रकार कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा में 8223 परीक्षार्थी शामिल हुए।

रेलवे स्टेशन में अव्यवस्था से यात्री हैं खासे परेशान

सक्ती/नवप्रदेश। रेलवे स्टेशन में समस्याओं का अम्बार है। कई बार अधिकारी एवं सांसद को नगरवासी रेलवे स्टेशन की समस्याओं अवगत कराते कराते थक गये परंतु कोई भी समस्या का समाधान नही हो सका। स्टेशन में समस्या इस प्रकार है अगर प्लेट फार्म नं. 1 से 3 तक जाना हो तो सीढ़ियों द्वारा जाना पड़ता है तथा यात्रियों का कहना है कि बुजुर्ग सीढ़ी में चढ़ने से प्लेट फार्म तक जाने से थक जाते हैं। नागरिकों ने रेम बनाने की मांग की थी रेम का निर्माण तो हो गया है परंतु उस पर कोई चढ़कर नहीं जाना चाहता क्योंकि अगर रेम पर चढ़कर जायेगा तो प्लेट फार्म दूर पड़ेगा। इसी प्रकार वार्ड नं. 17 एवं 18 रेल्वे फाटक पार करके जाना भी बहुत कठिन है क्योंकि जब तक 3-4 गाड़ियां पार नहीं हो जाती तब तक फाटक में खड़े होकर इंतजार करते आधा एक घंटा लग जाता है उस जगह भी अंडर ब्रीज बनाये जाने की मांग कई वर्षो से होने के बावजूद अभी तक सिर्फ आश्वासन ही रह गया है और उस पर कोई पहल भी नहीं हुई है जब फाटक पार करना होता है तो ज्यादा समय बंद होने के कारण मोटर सायकिल, साईकिल वाले तथा पैदल जाने वाले फाटक में लगे बेरियर के नीचे से रेलवे लाईन पार करते है, करते समय यह भी नही देखते कि अपनी जान जोखिम में डालकर पार करते है । इसी प्रकार रेलवे स्टेशन में कई समस्याएं हैं। यात्रियों को इंतजार है कि कब रेलवे स्टेशन की समस्याओं का समाधान होगा।

जमीन को लेकर खूनी खेल, माता-पिता और बेटे ने कर दी रिश्तेदार की हत्या

आरोपियों ने दौड़ा-दौड़ा कर युवक और पीड़ित परिवार पर हमला किया, यदुनंदन का गला रेत कर मौत के घाट उतार दिया

लोरमी/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के अचानकमार टाइगर रिजर्व के कटामी गांव में जमीन विवाद के चलते एक ही परिवार के सदस्यों ने मिलकर युवक को मौत के घाट उतार दिया। जमीन कब्जा को लेकर परिवार में शुरु हुआ विवाद मारपीट में बदल गया। जिसमें मृतक के बड़े पिता, बड़ी मां और उनके पुत्र, तीनों ने मिलकर उसकी हत्या कर दी। वहीं इस मारपीट में परिवार के दो लोग घायल हो गए हैं।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, मृतक के भाई ने पिता के साथ थाने में मामले की शिकायत दर्ज कराई। मृतक के भाई ने पुलिस को बताया कि, वह डिंडोल क्षेत्र गांव में एक परिचित के विवाह समारोह में शामिल होने आया था। इसी दौरान आरोपी रवि यादव (31 वर्ष), उसके पिता गौरीशंकर यादव, उसकी मां द्रोपती यादव, तीनो ने धारदार हथियार के साथ आकर 20 वर्षीय मृतक यदुनंदन के घर के सामने पहुँचकर विवाद करने लगे। विवाद इतना बढ़ा कि आरोपियों ने युवक और पीड़ति परिवार पर दौड़ा-दौड़ा कर हमला किया और यदुनंदन का गला रेत कर मौत के घाट उतार दिया। वहीं मृतक के दो भाईयों ने भाग कर अपनी जान बचाई। वारदात को अंजाम देने के बाद तीनों आरोपी मौके फरार हो गए।

पुलिस ने मामले की सूचना के बाद सोमवार देर रात घटना स्थल जाकर जांच की तो 20 वर्षीय यदुनंदन यादव का शव खून से लतपथ पड़ा मिला। वहीं विवाद में मृतक के 75 वर्षीय दादा अघनु यादव गम्भीर रूप से घायल अवस्था मे घर के पास पड़े थे। वहीं आरोपी महिला द्रौपती यादव (45 वर्ष) भी घायल मिली। पुलिस ने एम्बुलेंस की मदद से घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद सिम्स रिफर कर दिया है।

एसडीओपी माधुरी ने मंगलवार की सुबह टीम के साथ मौके पर पहुंच कर शव का पंचनामा कार्रवाई कर पीएम के लिए भेजा। पीएम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया। वहीं पुलिस मामले में धारा 302,34 के तहत केस दर्ज कर आरोपियों के तलाश में जुट गई है।

42 साल पुराने जर्जर साडा कॉम्पलेक्स को पालिका ने ढहाया, मलबा उठाने का काम पूरा

बारिश से पूर्व ही बिल्डिंग गिराए जाने से लोगों ने ली राहत की सांस

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। जिला मुख्यालय दंतेवाड़ा के बस स्टेंड स्थित जर्जर हो चुके साडा बिल्डिंग को आखिरकर सही मौका देखकर पालिका अमला ने 24 घंटे के भीतर जमींदोज कर दिया। सोमवार रात से शुरू हुई भवन डिस्मेंटल की कारवाई मंगलवार देर रात को पूरा हुआ। बिल्डिंग तो गिर चुका है अब मौकाए स्थल से मलबा उठाने का कार्य द्रूत गति से चल रहा है उम्मीद है बुधवार शाम तक सारा मलबा भी उठा लिया जाएगा। जर्जर भवन को गिराये जाने से अब आसपास के दुकानदारों व आम लोगों लोगों ने राहत की सांस ली है क्योंकि अचानक से कभी भी इस भवन का मलबा गिरता रहता था जिससे अनहोनी की आशंका हमेशा बनी रहती थी।

गौरतलब है कि आज से करीब 42 साल पूर्व 1985-86 के दौरान बस स्टेंड एवं उसके चारों ओर काम्पलेक्स का निर्माण तब के विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण बैलाडिला नाम की एक प्राईवेट संस्था जिसे साडा कहा जाता था उसने बनवाया था। उक्त काम्पलेक्स के नीचे तल में जहां दुकानें संचालित होती थी वही उपर के भवन में कई वर्षो तक एलआईसी कार्यालय संचालित होता था। समय बीतता गया भवन की रिपेयरिंग नहीं किए जाने से भवन धीरे धीरे कमजोर होने लगा और समय समय पर इसका मलबा नीचे गिरने लगा जिसके बाद इस भवन का समय पूरा होने एवं इसे गिराये जाने की मांग भी उठने लगी। इन सबके बीच करीब डेढ वर्ष पूर्व पालिका ने भवन को दुकानदारों से खाली करवा लिया था और इसके चारों ओर लोहे की पाइप की घेराबंदी कर भवन को सुरक्षित कर दिया था। भवन के नीचे या आसपास किसी को भी जाने या दुकान लगाने की मनाही थी। पखवाडे भर के भीतर अंचल में बारिश शुरू होगा। बारिश के दौरान भवन से मलबा गिरने एवं भवन के धराशायी होने का खतरा था लिहाजा इसी को ध्यान में रखते हुए पालिका ने इसे बारिश पूर्व गिराने का फैसला लिया। मंगलवार को किसी मुददे को लेकर सर्व आदिवासी समाज ने बस्तर बंद का आव्हान किया था। मंगलवार को दंतेवाड़ा जिला मुख्यालय का मार्केट भी बंद था इसी का फायदा उठाते हुए सोमवार रात से ही पालिका ने जेसीबी लगाकर बिल्डिंग को धराशायी करने का कार्य शुरू कर दिया और रातों रात भवन आधे से %यादा गिरा दिया गया बाकी बची भवन को मंगलवार सुबह से गिराने का कार्य शुरू किया गया जो रात तक पूरा बिल्डिंग जमींदोज कर दिया गया। दुकानें बंद होने से किसी को भी भवन के मलबे अथवा धुल धक्कड से परेशानी नहीं हुई और भवन भी आसानी से गिरा दिया गया। जर्जर भवन के जमींदोज हो जाने से नगर के लोगों ने अथवा बस स्टेंड परिसर में दुकान संचालित करने वाले व्यापारियों ने भी राहत की सांस ली है । भवन के गिराये जाने के साथ ही अब डर और भय भी लोगों के अंदर से खत्म हो गया है। उक्त स्थल पर क्या पुनः काम्प्लेक्स का निर्माण होगा या नहीं यह फिलहाल स्पष्ट नहीं हो पाया है। बता दें कि नया बस स्टेंड पातररास में प्रस्तावित है भूमि आबंटन की कार्यवाही प्रशासनिक स्तर पर चल रहा है जैसे ही विभागों से अप्रूवल पूर्ण हो जाएगा नया बस स्टेंड बनने का मार्ग भी प्रशस्त होगा।

न्यूज गैलरी

मतगणना ड्यूटी में लगे कर्मचारियों का रेण्डमाइजेशन

बलौदाबाजार-भाटापारा/नवप्रदेश। लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत हुए मतदान के बाद 4 जून को होने वाली मतगणना की तैयारियां तेज हो गई है। आज जिला कार्यालय के एनआईसी कक्ष में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के एल चौहान की मौजूदगी में मतगणना ड्यूटी में लगे कर्मचारियों के पहले चरण का रेण्डमाइजेशन पूरा हुआ। दो विधानसभा क्षेत्र बलौदाबाजार एवं भाटापारा के लिए 14-14 टेबल एवं विधानसभा क्षेत्र कसडोल के लिए 21 टेबल लगाए गए है जिसमें मतगणना पर्यवेक्षक, मतगणना सहायक एवं माइक्रो आब्जर्वर शामिल है। जिसमें से 120 प्रतिशत कर्मियों का रेण्डमाईजेशन किया गया है। रेण्डमाइजेशन के दूसरे चरण में अब मतगणना में नामित कर्मचारियों को विधानसभा क्षेत्र का आबंटन होगा। इसके बाद तृतीय चरण में कार्मिकों को गणना टेबल आबंटित होगी। कलेक्टर ने बताया कि मतगणना से जुड़ी सभी तैयारियां पूरी तरह दुरुस्त हैं। इस मौके पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी आर आर दुबे,सहायक रिटर्निंग ऑफिसर भूपेंद्र अग्रवाल,अमित गुप्ता,नितिन तिवारी, एनआईसी जिला सूचना अधिकारी एस एन प्रधान, जिला सांख्यिकी अधिकारी सुमीत मेरावी प्रोग्रामर ओंकार वर्मा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

धूम्रपान निषेध दिवस पर आज जागरूकता अभियान

खैरागढ़/नवप्रदेश। अंतर्राष्ट्रीय धूम्रपान निषेध दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा आज विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। आयोजन मे धूम्रपान के हानिकारक प्रभावों के प्रति लोगो को जागरूक और धूम्रपान निषेध के प्रति जनचेतना विकसित किया जाएगा । इस दौरान समाज के सभी वर्गों को शामिल करते हुए विभिन्न गतिविधियों में रैलियां, प्रदर्शनी, नाटक, गीत, और प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी । सभी सरकारी विभागों, संगठनों, और जनप्रतिनिधियों से इस कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी की अपील की गई है।

घर के आंगन में खड़ी कार चोरी कर आरोपी फरार

खैरागढ़/नवप्रदेश। जिला निर्माण के बाद जिला मुख्यालय मे लगातार बढ़ रहे अपराधों पर अंकुश नही लग पाया है । मंगलवार रात अज्ञात आरोपियों ने घर के अंदर खड़े मारूति कार चोरी कर फरार हो गए । पीड़ित परिवार सुबह जागा तो कार गायब मिली । आनन फानन मे आसपास मे खोजबीन के बाद मामला पुलिस मे दर्ज कराया है । दाउचौरा निवासी जितेन्द्र सिंह गौर के घर मे खड़ी मारूति वेगनआर कार को अज्ञात चोरो ने पार कर दिया । कार घर के आंगन मे खड़ी थी । अज्ञात आरोपी सामने की बाऊंड्रीवाल फांद कर अंदर पहुँचे सामने लगे बड़े गेट का ताला खोलकर कार निकालकर ले गए । परिजन सुबह सोकर उठे तो उन्हे कार चोरी होने की जानकारी मिली । मौके पर पहुँची पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी कैमरें भी जांचे है ।

अन्तर्राष्ट्रीय माहवारी स्वच्छता दिवस का दिया गया संदेश

खैरागढ़/नवप्रदेश। अन्तर्राष्ट्रीय माहवारी स्व%छता दिवस पर जिले के छुईखदान विकासखंड के पीवीटीजी बसाहवाट ग्राम दरबान टोला में अन्तर्राष्ट्रीय माहवारी स्व%छता दिवस का आयोजन कर स्वास्थ्य विभाग द्वारा बैगा किशोरी बालिका एवं महिलाओं का स्वास्थय जांच किया गया । महिला बाल विकास सुपरवाइजर लक्ष्मी सर्वा ने मासिक धर्म के बारे में विस्तार से जानकारियां देते महिलाओं को मासिक धर्म के दौरान रखने वाली सावधानियां के बारे में बताया । इस दौरान महिला बाल विकास विभाग द्वारा विभिन्न खेल प्रतियोगता का आयोजन कर विजेताओं को पुरस्कृत किया गया । स्थानीय ब%चो ने इस दौरान मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी । कार्यक्रम मे विशेष पिछड़ी जनजाति के किशोरी बालिकाओं एवं महिलाओं को सेनेटरी पैड वितरण कर इसका नियमित प्रयोग करने की सलाह दी गई।

महिला और पति ने प्रेसवार्ता कर कार्रवाई की मांग की

खैरागढ़/नवप्रदेश। पड़ोसी द्वारा मारपीट कर हत्या का प्रयास किए जाने के बाद भी गातापार पुलिस द्वारा सामान्य मारपीट की धारा लगाकर कार्यवाही नही करने पर पीड़ित महिला और उसके परिजनो ने प्रेसवार्ता कर पुलिस प्रशासन से न्याय की मांग की है । जिले के मुढ़ीपार निवासी बुधंतीन बाई सिन्हा एवं उनके पति सुखीराम सिन्हा ने बताया कि 8 मई को उनके पड़ोसी शत्रुहन सिन्हा, संजय सिन्हा, तोरण सिन्हा और गायत्री सिन्हा ने खेत मे मेड़ खोदने से मना करने पर घर आकर पीड़ित पति पत्नी से जमकर मारपीट की । डंडे से सिर मे गंभीर चोंटे आई । जिसका 15 दिन तक इलाज कराया तक जाकर जान बची । लेकिन गातापार पुलिस ने मामले मे आरोपियों के खिलाफ केवल 452,294,323, 506 और 34 लगाकर आरोपियों को मुचलके पर ही छोड़ दिया । पीड़ित पक्ष ने कहा कि मामले मे आरोपियों के खिलाफ 307 के तहत मामला दर्ज कराने वे लगातार पुलिस से गुहार लगाते अस्पताल मे इलाज के दस्तावेज प्रस्तुत कर चुके है । लेकिन पुलिस दबाव मे कार्यवाही से अनाकानी कर रही है । पीड़िता बुधंतीन बाई और सुखीराम ने बताया कि आरोपी मुचलके पर छूटने के बाद गांव मे घुमघुम कर भविष्य मे बड़ी घटना करने, जान से मारने परिवार को खत्त्म करने की धमकी दे रहे है । इसको लेकर 22 मई को पुलिस अधीक्षक से भी मुलाकात कर ज्ञापन सौंप आरोपियों पर कड़ी कार्यवाही की मांग की गई । लेकिन एसपी के आदेश के बाद आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही नही की गई । पीड़ित परिवार ने आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज करने,जान से मारने की धमकी देने के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग की।

नगरनार प्लांट के दूषित पानी से सैकड़ों एकड़ की फसल बर्बाद, सौंपा ज्ञापन

बस्तर/नवप्रदेश। बस्तर जिले के नगरनार इलाके में लगे प्लांट और एनएमडीसी प्रबंधन के खिलाफ अब 10 पंचायतों के भू प्रभावित किसानों ने प्रदर्शन करने का मन बना लिया है। प्लांट से निकलने वाले जहरीले काले दूषित पानी से सैकड़ों किसान परेशान हैं। अपनी जमीन देने के बाद भी स्थानीय बेरोजगारों को रोजगार के लिए पलायन करना पड़ रहा है।

बाहर प्रदेशों से आये लोगों को प्रबंधन रोजगार देने में लगा हुआ है। इन्हीं सब बातों को लेकर नगरनार इलाके के कई सरपंच और उप सरपंचों ने एनएमडीसी प्रबंधन के खिलाफ मोर्चा खोल कर आंदोलन करने की ठान ली है। इसके लिए इलाके से पहुंचे जनप्रतिनिधियों ने जिला प्रशासन से मिल कर सभी समस्याओं से अवगत कराया है। और ज्ञापन भी सौंपा है।

नगरनार से पहुंचे सरपंच व प्रभावित किसानों ने बताया कि प्लांट से निकालने वाला काला ज़हरीला दूषित पानी से किसानों की सैकड़ों एकड़ फसल तबाह हो रही है। लेकिन प्रबंधन इस बारे में सुनने को तैयार भी नहीं है। साथ ही प्लांट को अपनी जमीन देने के बाद भी परिवहन से लेकर अन्य मज़दूरी पर भी बाहर के लोगों को दिया जा रहा है। जबकि इलाके के 10 पंचायत के पढ़े लिखे युवक बेरोजगार हैं। उन्हें काम देने से प्रबंधन आना कानी कर रहा है।

प्लांट में ताला बंदी कर करेंगे विरोध: इन्हीं सब बातों और समस्याओ को लेकर अब आसपास के सभी पंचायतों के प्रतिनिधियों में भूख हड़ताल करने और प्लांट में ताला बंदी कर अपना विरोध जताने वाला है। 5 से 7 जून तक प्रबंधन के खिलाफ किसान भूख हड़ताल करेंगे और 8 जून को वे सभी प्लांट में ताला लगा देने की चेतावनी भी दी है। इधर जिला प्रशासन ने कहा कि नगरनार इलाके में किसानों ने ज्ञापन दिया है। प्रशासन जल्द ही प्रबंधन से चर्चा कर किसानों को राहत पहुंचाने में मदद करेगा।

आदिवासी समाज का बस्तर बंद, कांग्रेस करती है समर्थन : सुशील

जगदलपुर/नवप्रदेश। बीजापुर जिले में बीते 10 मई को पीडिया के जंगलों में हुए पुलिस-नक्सली मुठभेड़ को मारे गए 12 आदिवासी ग्रामीणों को आदिवासी समाज द्वारा एनकाउंटर पर सवाल उठाते हुए इसे फर्जी मुठभेड़ बताया गया है साथ आदिवासी समाज द्वारा बस्तर बंद का आह्वान किया गया है जिसका बस्तर जिला कॉग्रेस कमेटी पूर्ण समर्थन करती है।

उक्त बातें शहर कॉग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य ने कही है.. शहर जिलाध्यक्ष ने कहा,प्रदेश में भाजपा की सरकार बनते ही निर्दोष आदिवासीयों की हत्या का सिलसिला लगातार जारी है प्रदेश की भाजपा सरकार की आदिवासियों को खत्म करने की यह बड़ी साजिश है, सरकार नहीं चाहती कि आदिवासियों को जल, जंगल और जमीन का हक मिले इस वजह से आदिवासियों को नक्सली के नाम पर फर्जी मुठभेड़ बताकर मार रही है।

भाजपा की सरकार बनते ही बस्तर में एक भयावह वातावरण उत्पन्न हो गया है। सारे ग्रामीण खौफ में जी रहे हैं।जबकि पूरा बीजापुर जिला इस फ़र्जी मुठभेड़ के विषय से भलीभांति परिचित है..पीड़िया नक्सल-पुलिस मुठभेड़ को सभी वर्गों,ग्रामीणों सामाजिक संगठनों, मीडिया बंधुओं सभी ने इस विषय को फ़र्जी मुठभेड़ करार दिया है।

प्रदेश की भाजपा सरकार को इस फर्जी मुठभेड़ में मारे गए सभी निर्दोष आदिवासी ग्रामीणों की हत्या की जांच करनी चाहिए।

धोबी समाज भवन निर्माण में लापरवाही सरपंच-ठेकेदार के खिलाफ शिकायत

बालोद/नवप्रदेश। जिला मुख्यालय से लगे हुए ग्राम सिवनी में बनाए जा रहे बालोद राज झेरिया धोबी समाज के भवन निर्माण में गड़बड़ी का मामला सामने आया है । इस मामले को लेकर समाज द्वारा कलेक्टर को आवेदन देकर संबंधित ग्राम पंचायत सरपंच और ठेकेदार के खिलाफ शिकायत हुई है। आरोप यह भी लगाया गया है कि इंजीनियर द्वारा मूल्यांकन कम का किया किया गया है और ठेकेदार को भुगतान अधिक कर दिया गया है। इसके बाद फिर काम भी बंद कर दिया गया है। कई महीने से काम रुका हुआ है। जिससे समाज में आक्रोश है। कलेक्टर को दिए ज्ञापन में अध्यक्ष भीमसेन निर्मलकर द्वारा कहा गया है कि मुख्यमंत्री द्वारा स्वीकृत समाजिक भवन निर्माण कार्य लापरवाही बरती जा रही है। झेरिया धोबी समाज बालोद कार्यलय स्थल ग्राम सिवनी के लिए मुख्यमंत्री द्वारा समाजिक भवन निर्माण हेतु 20 लाख रूपया स्वीकृति प्रदान किया गया था। उक्त राशि जनपद पंचायत बालोद को प्राप्त हो चुकी है। समाजिक भवन निर्माण हेतु कार्य एजेन्सी ग्राम पंचायत सिवनी को दिया गया। जिसका निर्माण कार्य 10 अगस्त 2023 से ठेकेदार पुरषोत्तम साहू ग्राम खैरतराई के द्वारा किया जा रहा था। कार्य प्रारंभ करने के बाद ग्राम पंचायत सिवनी के द्वारा 10 लाख राशि ठेकेदार को प्रदान किया जा चुका है। जबकि सब इंजीनियर के द्वारा निर्माण कार्य मूल्यांकन कर 7 लाख का कार्य होना बताया गया, वर्तमान में 6 माह से निर्माण कार्य बंद है, कार्य प्रारंभ करने हेतु समाज द्वारा जिला पंचायत सी.ई.ओ., जनपद सी.ई.ओ., सब इंजीनियर, ग्राम पंचायत सरपंच को मौखिक रूप से बार बार निवेदन करता रहा परन्तु आज पर्यन्त तक निर्माण कार्य संबंधित अधिकारी एवं कार्य एजेन्सी समाज के बातों को अनदेखा किया जाता रहा। मूल्यांकन कार्य से अधिक राशि ठेकेदार को प्रदान करना समाज को ऐसा लग रहा है कि सरपंच एवं अधिकारी संबंधित ठेकेदार के खिलाफ कार्यवाही करने में असमर्थता प्रतीत हो रहा है इन सारे विषयों पर कार्यवाही करने एवं जांच किया जाए।

भाजपा के पूर्व पार्षद नपा में आकर कर रहे हैं हस्तक्षेप

खैरागढ़/नवप्रदेश। नगरपालिका मे भाजपा के पूर्व पार्षद पर रोजाना पालिका कार्यालय पहुँच कर कांग्रेस के पार्षदों और शासकीय कार्यो मे अवैधानिक रूप से हस्तक्षेप किए जाने को लेकर कांग्रेसी पार्षदों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंप त्वरित कार्यवाही की मांग की है ।

नपा सभापति दीपक देवांगन, पुरूषोत्तम वर्मा, सुमित टांडिया, शत्रूहन धृतलहरे, दिलीप राजपूत, दिलीप लहरे, शैलेन्द्र वर्मा, टिकेश्वरी पटेल, सुमन पटेल आदि ने कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन मे कहा कि वे नगर के विभिन्न वार्डो के निर्वाचित पार्षद होकर वार्ड का प्रतिनिधित्व करते है । भाजपा के पूर्व पार्षद रामाधार रजक पालिका मे किसी पद मे नही होने के बाद भी रोजाना पालिका कार्यालय पहुँचकर विभिन्न विभागों के फाइलों को निकालकर उसे देखकर कांग्रेसी पार्षदों द्वारा किए जा रहे कार्यो मे बिना अधिकार उल्टा सीधा कर्मचारियों पर दबाव बनाकर व्यवधान उत्पन्न करने का प्रयास करते है । रजक द्वारा कांग्रेसी पार्षदों के कार्यो मे लगातार बाधा पहुँचाने, पालिका के कार्यो मे दबाव बनाकर कार्य कराने का लगातार अवैधानिक प्रयास किया जा रहा है । मामले मे कांग्रेसी पार्षदों ने कहा कि इसको लेकर नगरपालिका अधिकारी से भी कई बार शिकायत कर पूर्व भाजपा पार्षद के हस्तक्षेप को रोकने कहा गया । लेकिन सत्ता सरकार आते ही राजनितिक धौंस दिखाकर दबाव बनाया जा रहा है ।

अधिक मूल्य पर सामग्री बेचने की शिकायत दुकानदारों को लगाया गया जुर्माना

बलौदाबाजार-भाटापारा/नवप्रदेश। उपभोक्ताओं के शिकायत के आधार पर नापतौल विभाग बलौदाबाजार-भाटापारा द्वारा भाटापारा रेलवे स्टेशन के सभी स्टालों में विक्रय किए जा रहे उत्पादों की एमआरपी से संबंधित जांच किया गया। जिसमें प्लेट फॉर्म क्रमांक-3/4 स्थित स्टॉल एमपीएस नम्बर-3 में स्टिंग एनर्जी ड्रिंक, मात्रा 250 एमएल,घोषित एमआरपी 35 रुपए प्रति नग को स्टाल संचालक द्वारा एमआरपी से अधिक 45 रुपए प्रति नग में विक्रय करते पाया गया। स्टाल संचालक द्वारा गलती स्वीकार करते हुए 5 हजार रूपये जुर्माने की राशि विभाग में अदा किए है। उक्त कार्रवाई विधिक माप विज्ञान (पैकेज में रखी वस्तुएं) नियम 2011 के नियम 18(2) के उलंघन में प्रकरण दर्ज किया गया।

गौरतलब है कि विभाग को 27 मई 2024 को मुख्यालय रायपुर से शिकायत के संबंध में भाटापारा रेलवे स्टेशन में स्थित विभिन्न स्टॉलों द्वारा अधिक मूल्य में सामग्री बेचने की शिकायत मिल रही थी। इस हेतु 27 मई 2024 को मुख्यालय रायपुर से शिकायत के संबंध पत्र प्राप्त हुआ था जिस पर कर्रवाई करते हुए आज सुबह 11 बजे रेलवे स्टेशन में सघन जांच किया गया। इसके साथ ही नाप तौल विभाग द्वारा एमआरपी के संबंध में पूरे जिले में लगातार जांच किया जा रहा है। सरसीवा,बयां,रिकोकला,भाटापारा अर्जुनी आदि के गावों में स्थित दुकानो का भी जांच किया गया। जांच के दौरान एमआरपी से अधिक में सामान बेचने पर अर्जूनी के साहू ढाबा का प्रकरण दर्ज कर 5 हजार रूपये का जुर्माना लगाया गया है।

मंडी में बंपर आवक, 65 मजदूरों की व्यवस्था की

बलौदाबाजार/ भाटापारा/ नवप्रदेश। कृषि उपज मण्डी समिति भाटापारा में वर्तमान में ग्रीष्मकालिन फसल धान की आवक भाटापारा मण्डी क्षेत्रांतर्गत के अलावा अन्य जिलो से हो रही है। वर्तमान में कृषि उपज मण्डी समिति भाटापारा में विपणन कार्य व्यवस्था हेतु श्रमिको में तौलैया 50,हमाल 142 रेजा हमाल 156 कांटा हमाल 180 अनलोडिंग हमाल 200 अर्थात् कुल 728 श्रमिक मण्डी प्रांगण में कृषि उपजो के तौलाई भराई लोडिग का कार्य कर रहे है।इसके साथ ही मण्डी प्रांगण में बंपर आवक को देखते हुये मण्डी प्रशासन को कलेक्टर के एल चौहान द्वारा अतिरिक्त मजदूर लगाने के निर्देश दिए गए है। जिस पर मंडी प्रशासन द्वारा अतिरिक्त लोडिंग चिल्हर 15 हमाल एवं 50 अनलोडिंग मजदूरों की व्यवस्था की गई है। मंडी प्रशासन द्वारा रेजा संघ को रेजाओ की संख्या में वृद्धि करने एवं क्रेता फर्मो को निर्देशित कर,मण्डी प्रांगण की कार्यव्यवस्था को सुगम रूप से संचालित करने हेतु कांटा हमाल एवं अन्य लोडिंग हमाल की संख्या में अतिरिक्त वृद्धि करने के लिये निर्देशित किया गया है।

गर्मी के साथ लू से बचाव, खूब पीएं पानी

बलौदाबाजार-भाटापारा/नवप्रदेश। जिले में तेज गर्मी को देखते हुए हीट वेव या लू से बचाव एवं स्वस्थ रहने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा विभिन्न दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। इससे बचाव करने के लिए विशेष सावधानी की आवश्यकता होती है। इस बारे में जानकारी देते हुए जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एम पी महिस्वर ने बताया कि तेज़ धूप में लंबे समय तक रहने से शरीर में पानी एवं खनिज -लवण की कमी हो जाती है जिसे लू की स्थिति कही जाती है। सिर में भारीपन,शरीर में तेज दर्द, तेज बुखार, चक्कर,उल्टी आना,कमजोरी आना,बार बार मुंह सूखना,पेशाब कम आना अथवा बेहोशी ये कुछ लक्षण हैं जो लू को प्रकट करते हैं। लू लगने पर सर में गीले कपड़े की पट्टी लगाना उचित होगा अधिक से अधिक ओ आर एस घोल दिया जाए। मरीज के शरीर को ठंडे पानी से पोछना चाहिए। अधिक से अधिक ठंडा पेय दिया जाए। उल्टी,तेज़ सर दर्द को स्थिति में मरीज को तत्काल अस्पताल ले जाना चाहिए। जहाँ तक लू से बचाव का सम्बंध है तो जिला एपिडेमियोलॉजिस्ट श्वेता शर्मा के अनुसार इस हेतु व्यक्ति को कोशिश करनी चाहिए कि,वह घर से कम ही बाहर निकले,बाहर जाने की स्थिति में स्वयं को कपड़ों से ढँक कर रखे।

करंट से युवक की मौत पर कार्रवाई, आखिरकार एई निलंबित

खैरागढ़/नवप्रदेश। ट्रांसफार्मर पर चढ़े युवक की करंट से मौत के मामले मे विद्यूत मंडल लीपापोती मे जूटने के बाद बढ़ते दबाव के च लते मौके पर मौजूद रहे एई संदीप सोनी को निलंबित कर दिया । बुधवार को अवकाश पर गए ईई छगन शर्मा के अवकाश से वापस आते ही मामले मे कार्यवाही तेज हूई । ईई के प्रतिवेदन के बाद विद्यूत मंडल के मुख्य अभियंता ने सोनी का निलंबन आदेश जारी कर दिया । निलंबन अवधि मे सोनी को मोहला मे संलग्न किया गया है । शनिवार को शहर के सिविललाइन स्थित कलेक्टर बंगले के सामने स्थित ट्रांसफार्मर मे चढ़े ठेका कर्मी की करंट से मौत हो गई थी । इस दौरान नियम विपरीत ठेका कर्मी को ट्रांसफार्मर पर %ढ़ाने, बिना सुरक्षा के काम कराने और लाइन बंद होने की गलत जानकारी देने की शिकायत सामने आई थी । घटना के दौरान मौके पर कार्य कराने विभाग के एई संदीप सोनी खुद मौजूद थे । ठेकाकर्मी संतोष मंडावी के करंट लगने से गिरने के बाद आनन फानन मे काम बंद कर उसे सिविल अस्पताल पहुँचाया गया था । जहाँ चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया था । घटना मे लापवाही छिपाने विद्यूत मंडल लगातार जूटा हूआ था । और आदिवासी युवक की मौत करंट से नही होने का हवाला दे रहा था । घटना के बाद रविवार को विद्यूत मंडल की टीम खैरागढ़ पहुँची और मामले की बारिकी से पड़ताल करते घटना स्थल कलेक्टर बंगले के सामनें स्थित ट्रांसफार्मर भी पहुँचे और लिखापढ़ी कर वापस लौट गई । घटना के तीन दिन बाद भी कार्यवाही नही होने को लेकर मृतक के परिजनों सहित आदिवासी समाज मे नाराजगी भी बढ़ रही थी । बताया गया कि इस दौरान विद्यूत मंडल के बड़े अधिकारी खुद के अधिकारियों को बचाने मौका तलाश रहे थे । अधिकारियों की मौजूदगी मे हूई लापरवाही पर पर्दा डालने का काम भी हो रहा था । और घटना को करंट की बजाय आम रूप देने की भरपूर कोशिश की जा रही थी । विभाग के ईई छगन शर्मा ने मामले की पूरी छानबीन कर प्रतिवेदन उगाधिकारियों को भेजा ।

शेयर बाजार में गिरावट सेंसेक्स टूटकर 75000 के नीचे, निफ्टी में भी गिरावट

मुंबई। भारतीय शेयर बाजार में आज गिरावट का दौर देखने को मिल रहा है. इससे पहले सुबह 9.15 बजे बाजार की शुरुआत गिरावट के साथ हुई। बाजार के दोनों प्रमुख इंडेक्स सेंसेक्स और निफ्टी लाल निशान के साथ ओपन हुए. कमजोर ग्लोबल संकेतों, विदेशी निवेशकों की लगातार बिकवाली के चलते बाजार में गिरावट का दौर देखने को मिल रहा है. इसमें घरेलू निवेशकों की खरीदारी कम होने से और ज्यादा फर्क पड़ रहा है.

बुधवार को बीएसई का सेंसेक्स 343.52 अंक या 0.46 फीसदी टूटकर 74,826.94 के लेवल पर ओपन हुआ है. जो पिछले दिन 75170.45 के स्तर पर बंद हुआ था. जबकि एनएसई का निफ्टी 125.40 अंक या 0.55 फीसदी की गिरावट के साथ 22,762.75 के अंक पर ओपन हुआ. जो मंगलवार को 22888.15 के लेवल पर बंद हुआ था. वहीं बैंक निफ्टी 355.45 टूटकर 48786.70 के लेवर पर खुला जो पिछले दिन 49142.15 के स्तर पर बंद हुआ था.

सुबह 10.10 बजे बीएसई का सेंसेक्स 404.85 अंक यानी 0.54 प्रतिशत टूटकर 74,765.60 के स्तर पर कारोबार करता दिखा. जबकि निफ्टी 50 इसी समय 124.05 अंक यानी 0.54 फीसदी टूटकर 22,764.10 अंक पर कारोबार कर रहा है।

सेंसेक्स में पर सूचीबद्ध कंपनियों में आईआरसीटीसी, इन्फो एज, जीएनएफसी, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एचडीएफसी बैंक और जीएमआर एयरपोर्ट के शेयरों में आज गिरावट देखने को मिल रही है. जबकि इन्फो एज के शेयरों में सबसे अधिक 121 अंक यानी 2.00 की बड़ी गिरावट देखी गई. वहीं नाल्को, जुबिलेंट फूड, केनरा बैंक, हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स, वोडाफोन आइडिया, ग्रिंडवेल नॉर्टो और ब्रिगेड एंटरटेनमेंट के शेयरों में आज मजबूती बनी हुई है. इनमें ब्रिगेड एंटरटेनमेंट के शेयर 52 हफ्ते में सबसे ऊंचे स्तर पर कारोबार कर रहे हैं।

अगर बात करें दुनियाभर के बाजारों की तो आज अमेरिकी शेयर बाजार डाऊ जोंस में कमजोरी का रुख देखने को मिल रहा है. जबकि एशिया के दूसरे बाजारों में जापान का निक्केई और हांगकांग के हेंगसेंग भी गिरावट के साथ कारोबार कर रहा है. जबकि बहुमूल्य धातुओं के बाजार में सोना के दाम कमजोर बने हुए हैं।

शाहरुख खान को मुथूट पप्पाचन ग्रुप ने बनाया अपना नया ब्रांड एंबेसडर

नई दिल्ली। मुथूट पप्पाचन ग्रुप (एमपीजी) ने शाहरुख खान को अपना ब्रांड एंबेसडर घोषित किया है। देश के इस 137 साल पुराने प्रमुख व्यापारिक समूह को मुथूट ब्लू के नाम से जाना जाता है। यह रणनीतिक गठजोड़ एमपीजी के लिए उल्लेखनीय उपलब्धि है, जो इसकी ब्रांड उपस्थिति को मजबूत करेगा और यह पूरे भारत में विभिन्न पृष्ठभूमि वाले ग्राहकों के साथ जुड़ने का एक नया तरीका है।

मुथूट पप्पाचन समूह भारत की कुछ प्रमुख एनबीएफसी का प्रवर्तक है, जिनमें मुथूट फिनकॉर्प लिमिटेड (समूह की प्रमुख कंपनी), मुथूट माइक्रोफिन लिमिटेड, मुथूट कैपिटल सर्विसेज लिमिटेड और मुथूट हाउसिंग फाइनेंस कंपनी लिमिटेड शामिल हैं।

यह भागीदारी देश के आर्थिक विकास और आकांक्षाओं को बढ़ावा देने से जुड़े एमपीजी के दृष्टिकोण और दृढ़ समर्पण को प्रदर्शित करती है। शाहरुख खान की प्रतिष्ठा इस नैरेटिव को और आगे बढ़ाएगी, जो सभी आयु वर्ग के ग्राहकों के साथ जुड़ेगी और उन्हें बड़े सपने देखने के लिए प्रेरित करेगी।मुथूट पप्पाचन समूह के अध्यक्ष, थॉमस जॉन मुथूट ने अपनी टीम में शाहरुख खान के शामिल होने पर उत्साह जताते हुए कहा, यह हमारे लिए बड़ी उपलब्धि है। शाहरुख अपने साथ सिर्फ स्टार पावर ही नहीं ला रहे, बल्कि वह विनम्रता और अपने बल पर हासिल सफलता के भी प्रतीक हैं, जो हमारे मूल मूल्यों के अनुरूप है। उन्होंने कहा, शाहरुख खान की यात्रा हमारी कंपनियों में विभिन्न टचप्वाइंट पर सेवाओं को सुलभ बनाने, देश भर में आम आदमी को सशक्त बनाने के हमारे मिशन को मजबूत करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। उनके जीवन की कहानी बड़े सपने देखने और उन सपनों को साकार करने की ताकत दिखाती है।

स्वास्थ्य बीमा क्षेत्र में कदम रख सकता है एलआईसी, आरबीआई ने लॉन्च किया रिटेल डायरेक्ट एप

नई दिल्ली। भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के चेयरमैन सिद्धार्थ मोहंती ने कहा कि बीमाकर्ता स्वास्थ्य बीमा क्षेत्र में कदम रख सकता है। ऐसा अवसर उपलब्ध होने पर अधिग्रहण का विकल्प तलाश सकते हैं। उम्मीद है कि बीमा अधिनियम में संशोधन कर समग्र लाइसेंस की अनुमति दी जा सकती है। बीमा अधिनियम-1938 और भारतीय बीमा नियामक विकास प्राधिकरण के नियमानुसार, बीमाकर्ता को एक इकाई के रूप में जीवन, सामान्य या स्वास्थ्य बीमा के लिए समग्र लाइसेंस की अनुमति नहीं है।

आरबीआई ने लॉन्च किया रिटेल डायरेक्ट का मोबाइल एप

आरबीआई ने रिटेल डायरेक्ट का मोबाइल एप लॉन्च किया है। इसके जरिये खुदरा निवेशक सरकारी प्रतिभूतियों को ऑनलाइन खरीद और बेच सकेंगे।?नवंबर, 2021 में रिटेल डायरेक्ट स्कीम लॉन्च हुई थी। तब से खुदरा निवेशक आरबीआई की वेबसाइट से सरकारी बॉन्ड्स में निवेश करते थे।

फ्रैंकलिन का राइट्स इश्यू 11 जून तक

फ्रैंकलिन इंडस्ट्रीज राइट्स इश्यू से 38.83 करोड़ रुपये जुटाएगी। यह इश्यू 11 जून को बंद होगा। कंपनी ने 3.58 रुपये प्रति शेयर का भाव तय किया है, जो 24 मई को बंद 7.50 रुपये के भाव से आधे पर है। इसके तहत 10.84 करोड़ शेयर जारी किए गए हैं।

एलन मस्क की एआई स्टार्टअप ने निवेशकों से जुटाए 6 अरब डॉलर

नई दिल्ली। एलन मस्क की आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) स्टार्टअप एक्सएआई ने 24 अरब डॉलर के मूल्यांकन पर 6 अरब डॉलर (करीब 50,000 करोड़ रुपये) की पूंजी जुटाई है। यह ए, बी या सी फंडिंग राउंड में निवेशकों से जुटाई गई अब तक की सर्वाधिक रकम है। इसका इस्तेमाल ओपन एआई के प्रभुत्व को चुनौती देने के लिए किया जाएगा।?

मस्क ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, सीरीज बी में जुटाई गई इस फंडिंग से पहले एक्सएआई का मूल्यांकन 18 अरब डॉलर था। एआई की तेज दौड़ में ओपन एआई जैसी कंपनियों को चुनौती देने के लिए आंद्रेसेन होरोविट्ज, सिकोइया कैपिटल व फिडेलिटी मैनेजमेंट समेत अन्य ने इसमें निवेश किया है।

सिर्फ 15 महीने पहले हुई थी कंपनी की शुरुआत

खास बात है कि मस्क के इस एआई स्टार्टअप की शुरुआत सिर्फ 15 महीने पहले हुई?थी।?पोस्ट के मुताबिक, इस पैसे का इस्तेमाल एक्सएआई के पहले उत्पादों को बाजार में लाने, उन्नत बुनियादी ढांचे का निर्माण करने और भविष्य की प्रौद्योगिकियों के अनुसंधान में तेजी लाने के लिए किया जाएगा। इससे पहले ओपन एआई ने 14 अरब डॉलर की पूंजी जुटाई थी, जिससे उसका वर्तमान मूल्यांकन 80 अरब डॉलर पहुंच गया है।

पेटीएम में हिस्सेदारी खरीदने की खबर पूरी तरह झूठ

नई दिल्ली। अदाणी समूह ने बुधवार को साफ कर दिया कि पेटीएम में हिस्सेदारी खरीदने की खबर पूरी तरह से झूठी है। अदाणी समूह ने इस तरह की मीडिया रिपोर्ट का खंडन किया है। रिपोर्ट में दावा किया गया था कि अदाणी समूह वन 97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड के मालिकाना हक वाली फिनटेक कंपनी में हिस्सेदारी हासिल करने के लिए पेटीएम के साथ बातचीत कर रहा है।

अदाणी समूह के प्रवक्ता ने कहा, हम इस तरह की निराधार खबरों का स्पष्ट रूप से खंडन करते हैं। यह पूरी तरह से झूठ और असत्य है। स्टॉक रेगुलेटरी फाइलिंग में पेटीएम ने भी इस तरह के किसी भी कदम से इनकार किया है।

पेटीएम ने कहा, हम स्पष्ट करना चाहते हैं कि यह खबर अटकलबाजी है। कंपनी इस संबंध में किसी भी बातचीत में शामिल नहीं है। कंपनी ने कहा, हमने हमेशा सेबी (लिस्टिंग ऑब्लिगेशंस एंड डिस्क्लोजर रिक्वायरमेंट्स) विनियम, 2015 के तहत अपने दायित्वों (ऑब्लिगेशंस) के अनुपालन में खुलासे किए हैं और करते रहेंगे।

यूनिवर्सल वल्कन अगले तीन वर्षों में भारत में करेगा 30 लियोनार्डो हेलीकॉप्टर पेश

नई दिल्ली। यूनिवर्सल वल्कन एविएशन भारतीय बाजार विस्तार के लिए तैयार है और अगले तीन साल में देश में 30 लियोनार्डो हेलीकॉप्टर लाएगी। यूनिवर्सल वल्कन एविएशन प्राइवेट लिमिटेड (यूवीए) इटली स्थित लियोनार्डो हेलीकॉप्टर्स की भारत में वितरक है।

दिल्ली स्थित यह कंपनी अगले तीन वर्षों में कुल 30 हेलीकॉप्टर लाएगी, जिनमें 16 नए और 14 पहले इस्तेमाल किए गए होंगे।

यूवीए के बिक्री निदेशक करण सेठी ने बताया कि वर्तमान भारतीय बाजार विस्तार के लिए तैयार है और एकल तथा दोहरे इंजन दोनों में उसका उत्पाद खंड फलता-फूलता रहेगा।यूवीए के साझेदार हरिंदर जीत सिंह कम्मार ने कहा कि शीघ्र ही पेश किए जाने वाला एडब्ल्यू09 मॉडल एकल इंजन वाले भारतीय बाजार के लिए एक बड़ा परिवर्तनकारी मॉडल साबित होगा।

इसका उद्देश्य अपनी कुशल वितरण प्रक्रिया के साथ शीघ्र डिलीवरी सुनिश्चित करना है।

खेल, मनोरंजन

टी20 वर्ल्ड कप से पहले टीम इंडिया से अमेरिका में जुड़ा एक और स्टार, विराट और रिंकू अब भी भारत में

नई दिल्ली। टी20 वर्ल्ड कप के लिए 3 दिन पहले अमेरिका पहुंची भारतीय टीम से एक और खिलाड़ी जुड़ गया है. हार्दिक पंड्या ने टीम इंडिया से जुड़ने की जानकारी सोशल मीडिया पर शेयर की है. उप कप्तान पंड्या भारतीय टीम के पहले बैच के साथ अमेरिका नहीं गए थे. उन्होंने बीसीसीआई से थोड़ा वक्त मांगा था और अमेरिका बाद में जाने की बात कही थी।

हार्दिक पंड्या ने बुधवार को इंस्टग्राम पर एक तस्वीर पोस्ट की. इसमें उन्हें किसी मैदान पर देखा जा सकता है. हार्दिक ने इस पोस्ट के साथ लिखा, 'नेशनल ड्यूटी पर.' इस पोस्ट पर ढेरों कॉमेंट आए हैं और पंड्या को शुभकामनाएं दी गई हैं।

नई दिल्ली. टी20 वर्ल्ड कप के लिए 3 दिन पहले अमेरिका पहुंची भारतीय टीम से एक और खिलाड़ी जुड़ गया है. हार्दिक पंड्या ने टीम इंडिया से जुड़ने की जानकारी सोशल मीडिया पर शेयर की है. उप कप्तान पंड्या भारतीय टीम के पहले बैच के साथ अमेरिका नहीं गए थे. उन्होंने बीसीसीआई से थोड़ा वक्त मांगा था और अमेरिका बाद में जाने की बात कही थी। हार्दिक पंड्या ने बुधवार को इंस्टग्राम पर एक तस्वीर पोस्ट की. इसमें उन्हें किसी मैदान पर देखा जा सकता है. हार्दिक ने इस पोस्ट के साथ लिखा, 'नेशनल ड्यूटी पर.' इस पोस्ट पर ढेरों कॉमेंट आए हैं और पंड्या को शुभकामनाएं दी गई हैं।

विराट कोहली और रिंकू सिंह एक-दो दिन में अमेरिका रवाना हो सकते हैं. भारतीय टीम का वर्ल्ड कप में पहला मैच 5 जून को है. लेकिन टीम इससे पहले एक जून को बांग्लादेश से अभ्यास मैच खेलेगी. माना जा रहा है कि विराट कोहली और रिंकू सिंह अभ्यास मैच से पहले भारतीय टीम के साथ होंगे।

भारतीय टीम इस प्रकार हैं–

रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पंड्या(उप-कप्तान), विराट कोहली, यशस्वी जायसवाल, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत, संजू सैमसन, शिवम दुबे, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, मोहम्मद सिराज, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह. रिजर्व प्लेयरः शुभमन गिल, रिंकू सिंह, आवेश खान, खलील अहमद।

पुष्पा 2 के दूसरे गाने का टिजर पोस्टर आउट श्रीवल्ली के रूप में लौटे अल्लू-रश्मिका

मुंबई। अल्लू अर्जुन पिछले लंबे वक्त से अपनी फिल्म पुष्पाः द रूल को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं। यह फिल्म 2021 में आई पुष्पाः द राइज की दूसरी किस्त है। इस फिल्म में अल्लू की जोड़ी रश्मिका मंदाना के साथ बनी है।

सुपरस्टार अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना की फिल्म इस साल की मोस्ट अवेटेड अखिल भारतीय फिल्मों में से एक, पुष्पा 2ः द रूल हाल ही में सोशल मीडिया पर काफी चर्चा पैदा कर रही है। फिल्म के निर्माताओं ने अपने दूसरे गाने सूसेकी (युगल गीत) का टीज़र पोस्टर जारी किया है। एक मनोरम टीज़र और सफल पहले सिंगल पुष्पा पुष्पा के बाद, फिल्म मेकर्स ने अब दूसरे सिंगल की रिलीज़ के लिए तैयार हो रहे हैं, जिसका नाम सूसेकी (द कपल सॉन्ग) है। आज 29 मई सुबह 11:07 बजे गाना रिलीज होने से पहले, फिल्म के मेकर्स इसकी रिलीज के आसपास प्रत्याशा बढ़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं, जिससे हर कोई भारत की पसंदीदा जोड़ी, पुष्पा राज और श्रीवल्ली को देखने के लिए उत्सुक है।

इस साल की मोस्ट अवेटेड रिलीज, पुष्पा 2ः द रूल वहीं से शुरू होगी जहां फिल्म का पहला भाग, पुष्पाः द राइज खत्म हुआ था। रिपोर्टों के अनुसार एक्शन सीक्वल में पुष्पा और आईपीएस भंवर सिंह शेखावत के बीच दरार दिखाई जाएगी, जिसमें अल्लू अर्जुन, रश्मिका मंदाना, फहद फासिल, प्रकाश राज, जगपति बाबू, जगदीश प्रताप और कई अन्य कलाकार महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

एक्शन-थ्रिलर फिल्म महारागनी का जबरदस्त टीजर रिलीज

मुंबई। बॉलीवुड एक्ट्रेस काजोल करियर में नये-नये चैलेंजेस को स्वीकार रही हैं. द ट्रायल, लस्ट स्टोरीज 2 के बाद जैसी शानदार सीरीज के बाद काजोल की अपकमिंग फिल्म का टीजर रिलीज हो गया है। इसमें एक्ट्रेस पहली बार पर्दे पर एक्शन करती नजर आएंगी. फिल्म का नाम महारागनी है जिसमें काजोल के अलावा प्रभु देवा भी अहम रोल में हैं. टीजर में ही काजोल अपने जबरदस्त एक्शन और मारपीट से आपके होश उड़ा देंगी। बावेजा स्टूडियोज और ई7 एंटरटेनमेंट्स महारग्नि-क्वीन ऑफ क्वींस का फर्स्ट लुक रिवील कर दिया है। 27 साल बाद साथ आए काजोल-प्रभु देवा यह एक एक्शन-थ्रिलर फिल्म है जिसमें काजोल और प्रभु देवा करीब 27 साल बाद साथ काम कर रहे हैं. इससे पहले दोनों राजीव मेनन की मिनसारा कनवु में साथ नजर आए थे. फिल्म के बाकी कलाकारों में नसीरुद्दीन शाह, संयुक्ता मेनन, जिशु सेनगुप्ता और आदित्य सील भी शामिल हैं। चरण तेज उप्पलपति के डायरेक्शन में बनी महारागनी में का पहला शेड्यूल पूरा हो चुका है। निरंजन अयंगर और जेसिका खुराना की लिखित इस कहानी में काजोल शानदार अवतार में हैं. वो रेड सूट पहने ताबड़तोड़ फाइट करती दिख रही हैं. काजोल न सिर्फ गुंडों से लड़ रही हैं बल्कि वह देवी शक्ति के जरिए नारीशक्ति का संदेश भी देती हैं।

विश्व चैंपियन डिंग से हारे प्रगनानंदा वैशाली ने कोनेरू हंपी को दी शिकस्त

नई दिल्ली। प्रतिष्ठित नॉर्वे शतरंज के राउंड दो में मंगलवार को स्पेयरबैंक 1 एसआर-बैंक में एक बार फिर सभी तीन क्लासिकल गेम ड्रॉ पर समाप्त हुए। हालांकि, मैग्नस कार्लसन, अलीरेजा फिरोजा और डिंग लिरेन ने बाद के आर्मागेडन मैचों में सफेद रंग से जीत हासिल की और तीनों ने 1.5-1.5 अंक हासिल किए। विश्व चैंपियन डिंग लिरेन के खिलाफ2-0 की बढ़त के साथ आगे बढ़ने वाले भारत के आर प्रगनानंदा आर ने नॉर्वे शतरंज 2024 मुख्य कार्यक्रम के दौर में अपना पहला क्लासिकल ड्रॉ खेला। इसके बाद चीनी ग्रैंडमास्टर लिरेन आर्मागेडन टाई-ब्रेकर में विजयी हुए। वहीं, मैग्नस कार्लसन और हिकारू नाकामुरा ने करीबी प्रतिस्पर्धा वाली क्लासिकल गेम खेली जो ड्रॉ पर समाप्त हुई। हालांकि, इसके बाद कार्लसन ने दबाव में अपने असाधारण कौशल का प्रदर्शन करते हुए आर्मगेडन मुकाबले में एक महत्वपूर्ण जीत हासिल करने में कामयाबी हासिल की। अब कार्लसन ने टूर्नामेंट स्टैंडिंग में तीन अंकों की बढ़त ले ली। फिरोजा और फेबियानो कारुआना को भी कड़े मुकाबले में ड्रॉ खेलना पड़ा। हालांकि, इसके बाद स्पीड शतरंज में फिरोजा ने कारुआना को हरा दिया और महत्वपूर्ण 1.5 अंक हासिल किए।

वहीं, दूसरी तरफ प्रगनानंदा की बहन वैशाली ने हमवतन कोनेरू हंपी को हराकर महिला टूर्नामेंट में बढ़त बना ली है। वैशाली ने नॉर्वे शतरंज महिला टूर्नामेंट में अपनी पहली क्लासिकल जीत दर्ज की। शुरुआत में हंपी के मामूली लाभ के बावजूद समय के दबाव ने गलती करने पर विवश कर दिया।

मुक्केबाज अरूंधति प्री क्वार्टर फाइनल में नरेंदर ओलंपिक क्वालीफायर से बाहर

बैंकॉक। 29 मई गत राष्ट्रीय चैंपियन अरूंधति चौधरी ने बुधवार को यहां दूसरे मुक्केबाजी विश्व ओलंपिक क्वालीफायर में आसान जीत के साथ 66 किग्रा वर्ग के प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई जबकि एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता नरेंदर बेरवाल (92 किग्रा से अधिक) हारकर प्रतियोगिता से बाहर हो गए। अरूंधति ने पुएर्टो रिको की स्टेफनी पाइनेइरो को सर्वसम्मत फैसले में 5-0 से हराया जबकि नरेंदर को इक्वाडोर के गेरलोन गिलमार कॉन्गो चाला के खिलाफ 2-3 से शिकस्त का सामना करना पड़ा।

अरूंधति ने पहले राउंड में अपनी प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ शानदार शुरुआत की जबकि दूसरे राउंड में उन्होंने थोड़ा सतर्क रवैया अपनाते हुए अपनी स्थिति मजबूत की। भारतीय मुक्केबाज ने तीसरे राउंड में भी दबदबा बनाते हुए आसान जीत दर्ज की। नरेंदर ने भी विरोधी मुक्केबाज को कड़ी टक्कर दी लेकिन यह अगले दौर में जगह बनाने के लिए पर्याप्त नहीं था।

एशियाई खेल 2022 के कांस्य पदक विजेता नरेंदर ने पहले राउंड में धीमी शुरुआत की जिससे वह पिछड़ गए और फिर गेरलोन को पछाड़ नहीं पाए। उन्होंने दूसरे और तीसरे राउंड में अपने प्रदर्शन से पांच में से तीन जजों को प्रभावित किया लेकिन यह उन्हें जीत दिलाने के लिए काफी नहीं था।

न्यूज गैलरी

यूपी से चुनाव प्रचार पूरा कर आज लौटेंगे पूर्व सीएम भूपेश बघेल

रायपुर/नवप्रदेश। पूर्व सीएम भूपेश बघेल इस वक्त लोकसभा चुनाव के मद्देनजर उत्तर प्रदेश के वाराणसी में प्रचार की कमान सम्हाले हुए हैं। बघेल 30 मई की सुबह वाराणसी से महराजगंज के लिए सड़क मार्ग से पहुंचेंगे फिर वाराणसी से दिल्ली के लिए रवाना होंगे। वहां भूपेश बघेल महराजगंज के किसान डिग्री कॉलेज पहुँच कर कार्यक्रम में शामिल होंगे। दिल्ली के इंदिरा गाँधी अंतराष्ट्रीय विमानतल से शाम 6 बजे रायपुर के लिए प्रस्थान करते हुए सात बजकर 40 मिनट में रायपुर एयरपोर्ट में उतर कर कार से भिलाई के लिए रवाना हो जाएंगे।

महानदी के पास जुआ खेलते 9 गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय संतोष सिंह के निर्देश पर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय ग्रामीण कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन पर तथा नगर पुलिस अधीक्षक महोदय नया रायपुर श्री करण कुमार यूके के पर्यवेक्षक में अवैध अब जुआ खेलने वालों पर कार्यवाही के पालन में थाना गोबरा नवापारा में जुआ अधि0 के तहत कार्रवाई की गई। रात्रि 23:00 बजे जरिए मुखबीर सूचना प्राप्त हुई की घटोरिया पारा महानदी नवापारा के पास अवैध रूप से जुआ खेल रहे हैं। सूचना प्राप्त पर रेट करवाई किया गया घटनास्थल पर आरोपी को 1लव निषाद उम्र 20 साल, 2प्रदीप कंसारी 34 साल, 3 दिलीप कंसारी 32 साल ,04मूलचंद नेम 18 साल, 5मनीष उर्फमोनू कंसारी 22 साल, 6राकेश कंसारी 38 साल, 7 उत्तम कुमार साहू 24 साल, 8देवेंद्र कुमार साहू 21 साल ,09कमल कंसारी 32 साल सभी सकिनान नवापारा के कब्जे से 5050 रुपया जब तक अगर कब्जा पुलिस में लिया गया आरोपियों की गिरफ्तारी कार्यवाही कर अपराध पंजीबद का विवेचना में लिया गया।

विजन डाकुमेंट संबधी स्टेयरिंग कमेटी की हुई बैठक

रायपुर/नवप्रदेश। अमृतकाल छत्तीसगढ़ विजन 2047 डाक्यूमेंट हेतु गठित स्टेयरिंग कमेटी की दूसरी बैठक आज सोमवार को राज्य नीति आयोग के उपाध्यक्ष अजय सिंह की अध्यक्षता एवं मुख्य सचिव अमिताभ जैन की सह अध्यक्षता में राज्य नीति आयोग में आयोजित की गई। बैठक में छत्तीसगढ़ 2047 विजन डाक्यूमेंट तैयार किए जाने के संबंध में विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में छत्तीसगढ़ शासन के अपर मुख्य सचिव धर्मस्व विभाग सुब्रत साहू, गृह एवं जेल मनोज पिंगुआ और वन एवं जलवायु परिवर्तन ऋचा शर्मा, मुख्यमंत्री के सचिवद्वय पी. दयानंद और बसवराजू एस. सहित सभी विभागों के भारसाधक सचिव, विभागाध्यक्ष, राज्य नीति आयोग के सलाहकार सहित अन्य पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक में विभागों के प्रमुख अधिकारियों को विजन डाक्यूमेंट तैयार करने तेजी से कार्य करने निर्देशित किया गया।

तीन करोड़ का गबन करने वाला क्लर्क गिरफ्तार

गरियाबंद/नवप्रदेश। मैनपुर स्वास्थ्य केंद्र में किए गए 3 करोड़ 13 लाख रुपए से अधिक के गबन के मामले में आरोपी बनाए गए 11 अधिकारी-कर्मचारियों के विरुद्ध पुलिस की कार्यवाही जारी है. मामले में गत दिवस स्वास्थ्य विभाग के पूर्व लिपिक वीरेंद्र भंडारी को गिरफ्तार कर न्यायालय के सुपुर्द किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है. मैनपुर स्वास्थ्य केंद्र में वेतन के विभिन्न लाभांश के नाम पर जिला कोषालय से मिलीभगत कर 3 करोड़ 13 लाख से अधिक की राशि निकाली गई थी. इस मामले में जिला प्रशासन ने जांच के उपरांत अपना प्रतिवेदन मैनपुर थाना में प्रस्तुत कर कार्यवाही की मांग की थी.

वृक्षों की अवैध कटाई करते 7 गिरफ्तार

गरियाबंद/नवप्रदेश। जंगल में वृक्षों की कटाई करते हुए वनकर्मियों की टीम ने ओडिशा के निवासियों को पकड़ा है. मामला बनवापार के पीपलखूंटा सर्कल का है. जंगल में ओडिशा के नवरंगपुर के 20 लोग अवैध रूप से वृक्षों की कटाई कर रहे थे. वनकर्मियों के पूछने पर कटाई करने वालों ने बताया कि खेती करने के जंगल के वृक्षों को काट रहे थे। इस पर उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व मैनपुर और नबरंगपुर वनमंडल ओडिशा के अधिकारी/कर्मचारियों की टीम गठित ने ओडिशा के 20 आरोपियों वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम के तहत पकड़ा. आरोपियों को मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी गरियाबंद के समक्ष प्रस्तुत कर रिमांड पर जेल दाखिला करवाया गया. बता दें कि इसके पहले भी इनमें से 7 आरोपियों को जंगल में अवैध कटाई करने के जुर्म में गिरफ्तार किया चुका है।

सात दशक बाद गोंदली जलाशय सूखा तो याद आया उजड़ा गांव

फैक्ट फाइल

- 1956 में बनाया गया गोंदली जलाशय
- 68 साल बाद गेट रिपेयर के लिए पानी छोड़ा गया
- 20 से 25 गांव यहां से खाली कराया गया
- 50 से 60 कुएं भी जलमग्न हुए
- 40 से 50 तालाब इसी इलाके में आए।

गोंदली जलाशय बनाने 1956 में 20 गांव किए गए थे खाली

लगभग 68 साल बाद सूख गया डैम

दिखा प्राचीन शीतला मंदिर और दर्जनों कुएं, पोखर

सुप्रीत शर्मा

बालोद/नवप्रदेश। जिले का दो जलाशय तीन जिलों की जीवन दायिनी है। इसलिए तांदुला और दूसरा गोंदली जलाशय चर्चित है। एक जलाशय अंग्रेज जमाने का है, तो वहीं गोंदली जलाशय सात दशक पहले बनाया गया है। जिले में बड़ी संख्या में जल प्रबंधन के लिए जलाशयों के निर्माण के तहत एक प्रमुख गोंदली जलाशय है, जो खेतों की सिंचाई, गर्मी में नदी, तालाबों को पानी देकर जनता की प्यास बुझाने के साथ ही बड़ा महत्व एशिया के सबसे बड़े भिलाई स्टील प्लांट को पानी देने में है।

इसके अलावा जिले में छोटे-छोटे और भी जलाशय हैं। ऐसे जल की समृद्धि के लिए बालोद जिला पूरे प्रदेश में जाना और पहचाना जाता है। जिला मुख्यालय बालोद से लगभग 9 किलोमीटर की दूरी पर स्थित यह जलाशय चारों ओर घने जंगल से घिरा हुआ है। यहां के पानी का उपयोग सिंचाई, निस्तारी और तांदुला जलाशय के भराव में भी किया जाता है। साथ ही यहां केज कल्चर स्थापित कर मछलीपालन किया जा रहा था जिसे फिलहाल बंद किया गया है।

गोंदली जलाशय तांदुला की एक सहायक परियोजना के तहत है। बीएसपी को पानी देने के लिए गोंदली डैम के पानी भी कैनाल के जरिए तांदूला डैम में लाया जाता है। 1956 से बने इस डैम के गेट और अन्य जगहों की मरम्मत के लिए इस बार इसे पूरा सूखाकर खाली किया गया है, लेकिन इस बीच ये डैम चर्चा में इसलिए आया है क्योंकि डैम के बीच एक प्राचीन मंदिर आज भी विद्यमान है।

हरियाली लोगों को करती है आकर्षित

जब डैम बनाया गया तो डूबान के गावों में स्थित सभी बावली और कुएं यही समा गए। इस जलाशय में पूरी तरह बरसात का पानी ही इकट्ठा होता है। गोंदली जलाशय प्रकृति के संसाधनों से परिपूर्ण है। आसपास का नजारा प्राकृतिक खूबसूरती से भरा पड़ा है। यहां की हरियाली लोगों को सहज ही आकर्षित करती है। पास में चितवा डोंगरी से डैम का विहंगम दृश्य नजर आता है। यहां लोग पिकनिक मनाने के लिए बड़ी संख्या में जाते हैं। हरेली और नए साल के दिन यहां विशेष भीड़ जुटती है।

दो दर्जन गांव डुबान क्षेत्र में

आसपास के ग्रामीणों ने बताया कि गोंदली डैम जहां बना है वही पर गोंदली नाम का गांव हुआ करता था। इसके अलावा करीब 20 से 25 छोटे-छोटे टोले, बस्ती नुमा गांव होते थे। जब सिंचाई विभाग ने यहां आजादी के बाद जलाशय बनाने की योजना बनाई तो डूबान क्षेत्र में आने वाले ग्रामीणों को दूर आसपास क्षेत्रों में बसाया गया। उन्हें मुआवजा और जमीन दी गई। आसपास के गांव जैसे तरौद, मालीघोरी, कोरगुड़ा, सहगांव, खपरी, भैसबोड़, दैहान, अमलीडीह, खेरथाडीह सहित अन्य गांव शामिल थे।

शीतला मंदिर से जुड़ी है पूर्वजों की आस्था

यहां के बुजुर्ग बताते हैं उनके दादा-परदादा पहले गोंदली ग्राम और आसपास रहते थे। डैम की कार्य योजना बनने के साथ सब इधर-उधर पलायन कर गए या दूसरे गांव में जाकर बस गए, लेकिन आस्था का स्थल मंदिर यहीं रह गया। यही वजह है कि पूर्वजों की यादों को ताजा करता ये शीतला मंदिर आज की युवा पीढ़ी के लिए कौतूहल का विषय बना हुआ है। तरौफ के गोपेन्द्र कौशिक, भैंसबोड़ के सुरेंद्र देवांगन ने बताया यहां कई पोखर और कुएं भी मिले हैं, जो गांवों में इसके उपयोग और जल संरक्षण की जागरूकता को दर्शाता है।

इस कारण से पड़ी खाली करने की जरूरत

गोंदली जलाशय के मुख्य गेट को बदलने के लिए पहली बार डैम को खाली किया गया है। गोंदली जलाशय का निर्माण 1956 में हुआ था। जब से जलाशय बना है, तब से गेट व चैन की मरम्मत नहीं हुई है। हर साल गेट खोलने के दौरान चैन टूटने की घटना होती है। इसलिए सिंचाई विभाग ने इसे बदलने का फैसला लिया। वहीं बांध की सुरक्षा को देखते हुए नया गेट व चैन लगाई जाएगी। डैम सेफ्टी टीम निरीक्षण करेगी। इसके बाद काम शुरू होगा। फिलहाल लोगों का यहां मंदिर, पुराने कुएं और बावली देखने रोजाना भीड़ जुट रही है।

ग्रामीणों की आस्था का रहा केन्द्र

मंदिर 200 साल से भी अधिक पुराना बताया जा रहा है। पहले यह ग्राम देवी माता शीतला का मंदिर मानते हैं। पांच साल से इस मंदिर का कुछ ढांचा नजर आ रहा था, अब डैम पूरा खाली होने से मंदिर का हिस्सा दिखाई दे रहा है। यह मंदिर पूर्वजों ने स्थापित किया था जो करीब 68 साल तक पानी में डूबा रहा। मंदिर स्थल पर मिट्टी की कुछ मूर्तियां भी मिली है। अब जब मंदिर सामने आया तो लोगो की आस्था उमड़ रही है।

भाजपा के चुनावी अभियान को जन-जन तक पहुंचाने में सोशल मीडिया के साथियों का अहम रोल : सीएम साय

■ **सोशल मीडिया के साथियों की मेहनत से हम प्रदेश की सभी ग्यारह सीटें जीतने जा रहे**

रायपुर। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रदेश भाजपा की सोशल मीडिया टीम से कल भेंट-मुलाकात एवं अनौपचारिक चर्चा की। श्री साय ने टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विपक्ष में रहते हुए छत्तीसगढ़ भाजपा की सोशल मीडिया टीम ने जिस तरीके से कांग्रेस सरकार के कारगुजारियों एवं भ्रष्टाचार को उजागर किया उससे छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनाने में बेहद मदद मिली और अब यही टीम भाजपा सरकार के कामकाज को जनता के बीच पहुंचा रही है।

सीएम साय ने कहा कि एक मुख्यमंत्री होने के नाते आप लोगों का आभार व्यक्त करता हूं कि मोदी जी के पिछले 10 साल की उपलब्धियों एवं मोदी की गारंटी के तहत 100 दिन में पूरा किए गए वादों को एवं पिछली कांग्रेस सरकार की विफ्लताओं को भी आपने सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों को बताया। उन्होंने कहा कि आगे आने वाले पांच साल में छत्तीसगढ़ को बहुत आगे लेकर जाना है। मोदी जी के संकल्प पत्र की योजनाओं को लागू करना है और केंद्र एवं राज्य की योजनाओं से लोगों को अवगत कराना है, जिसमें आप लोगों का रोल अहम होगा। उन्होंने सदस्यों से बीच-बीच में मिलते रहने, आपस में संवाद करते रहने की बात कही।

श्री साय ने कहा कि चुनाव के दौरान इस भीषण गर्मी में केंद्रीय नेतृत्व एवं प्रदेश संगठन ने छत्तीसगढ़ में चुनावी कैंपेन किया। यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का 4 बार छत्तीसगढ आगमन हुआ। गृहमंत्री अमित शाह जी, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह जी सहित कई बड़े नेताओं ने छत्तीसगढ़ का दौरा किया। प्रदेश अध्यक्ष सहित सभी प्रदेश संगठन के साथियों ने चुनावी जनसभाएं की। इस पूरे चुनाव प्रचार को आप लोगों ने बखूबी जनता तक सोशल मीडिया के माध्यम से पहुंचाया। इसमें सबसे बड़ा रोल आप लोगों का रहा जिसका ये परिणाम है कि हम छत्तीसगढ़ की सभी ग्यारह सीटें जीतने जा रहे हैं।

नक्सलवाद पर बोलते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आज नक्सलवाद के खिलाफ जो लड़ाई हम लड़ रहें है, उसे विपक्ष फेक बता रहा है। उनके ऐसे सभी झूठी बातों को सकारात्मक एवं वास्तविकता से पेश करना है। इसकी जिम्मेदारी आप सभी सोशल मीडिया के साथियों की है। उन्होंने कहा कि आज के समय में सोशल मीडिया का क्रेज निचले स्तर तक एवं गांव-गांव तक पहुंचा है, जिसके कारण आप लोगों का योगदान बहुत अहम हो जाता है।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार पंकज झा, सोशल मीडिया के प्रदेश संगठन प्रभारी संजय श्रीवास्तव, प्रदेश प्रवक्ता दीपक म्हस्के, मुख्यमंत्री के प्रेस अधिकारी आलोक सिंह, सोशल मीडिया के प्रदेश प्रभारी प्रशांत सिंह ठाकुर, सोमेश चंद्र पांडेय, मितुल कोठारी सहित प्रदेश सोशल मीडिया टीम के प्रदेश एवं जिले के पदाधिकारी उपस्थित थे।

खराब रिजल्ट वाले प्राचार्यों की अब खैर नहीं

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के स्कूल शिक्षा विभाग ने प्राइवेट स्कूलों पर शिकंजा कसने के बाद अब सूबे के चार हजार हाई स्कूलों और हायर सेकेंडरी स्कूलों को टाइट करना शुरू कर दिया है. स्कूल शिक्षा सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी ने माध्यमिक शिक्षा मंडल के सचिव से इस साल के रिजल्ट का पूरा डिटेल माँगा है.

छत्तीसगढ़ के स्कूल शिक्षा विभाग ने क्वालिटी एजुकेशन पर काम प्रारम्भ कर दिया है. पहले राइट टू एजुकेशन के साथ मोटी फीस और कमीशन को लेकर प्राइवेट स्कूलों पर प्रेशर बनाया. कलेक्टरो को प्राइवेट स्कूलों की मीटिंग लेकर राइट टू एजुकेशन कर रिव्यू करने कहा गया है. वहीं अब सरकारी स्कूलों के बोर्ड परीक्षा के रिजल्ट को लेकर स्कूल शिक्षा विभाग अचानक सख्त हो गया है. विभाग के सचिव सिद्धार्थ परदेशी ने माध्यमिक शिक्षा मण्डल की सचिव पुष्पा साहू को पत्र लिख प्रदेश के सारे सरकारी हाई स्कूलों और हायर सेकेंडरी स्कूलों की दसवी, बारहवीं कर रिजल्ट माँगा है.

दैनिक नवप्रदेश
आवश्यक सूचना
दैनिक नवप्रदेश के जिन पाठकों को नवप्रदेश अखबार नहीं मिल रहा है। कृपया निम्नलिखित नंबरों पर संपर्क या वॉट्सऐप या मेल भी कर सकते है।
9893402169, 9827485202
Navpradesh@gmail.com

ग्रामीणों को नहीं मिल रहा डिजिटल इंडिया का लाभ

■ **155 केन्द्र शुरु किए गए थे, बैंक सखी के रूप में 49 सक्रिय**

कवर्धा/नवप्रदेश। कबीरधाम जिले में डिजिटल इंडिया का सही क्रियान्वन नहीं होने से बैंक सखी के रूप में काम करने वाली प्रशिक्षित ग्रामीण दीदिया इसका लाभ नही उठा पा रही है वही बैंक सखी के माध्यम से ग्रामीण बैंकिंग सुविधा से आम जन भी वंचित हो रहे है।

कबीरधाम जिले में बैक सखी सेंटर का बेहतर संचालन हुआ करता था और राज्य के अन्य जिलों में कबीरधाम को जिले के नाम बड़े सम्मान से लिया जाता था, लेकिन डिजिटल इंडिया जैसे कार्यक्रमों के प्रति रूझान शासन-प्रशासन का कम होने से इस महत्वकांक्षी योजनाओं पर ताले लगने जैसी स्थिति निर्मित होनी लगी है।

गौरतलब है कि भारत सरकार की ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर प्रदान करने और आय बढ़ाने लिए डिजिटल इंडिया जैसी महत्वकांक्षी योजनाएं एवं कार्यक्रम संचालित हो रही थी। कबीरधाम जिले में डिजिटल इंडिया के माध्यम से बैकों द्वारा दूरस्थ क्षेत्रों में डिजिपेय जैसे सुविधाओं से लेनदेन किया जाता था। स्थानीय लीड बैंक द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से बैंकिग सखी के माध्यम से गांवों में प्रशिक्षित दीदियों के माध्यम से सखी बैंक संचालित होती थी। कवर्धा क्षेत्र में बैक सखी एंव अन्य निजी कारेस्पोंडेंस द्वारा 155 केन्द्र चालू तो किए गए थे,लेकिन शासन-प्रशासन द्वारा इस पर विशेष ध्यान नहीं देने से बैंक सखी के रूप में वर्तमान में केवल 9 केन्द्र तथा निजी केद्र महज 40 आज की स्थिति में सक्रिय हैं। ऐसी स्थिति में ग्रामीणों को महतारी वंदन एवं अन्य शासकीय भुगतान जेसे पेंशन इत्यादि के लिए दूर तक सफर करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों को अपने गांव से दूर शहर तक बैंक आने के लिए मजबूर होना पड़ रहा

डिजिटल इंडिया के तहत छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओ को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए महिलाओं को समूह के साथ जोड़ा गया था। महिला समूह अपने क्षेत्रों में बैंकों से वित्तीय लेन-देन करते हुए ग्रामीणों को अपने स्मार्ट फोन एवं बायो मेट्रिक डिवाइस के सहायता से राशि का भुगतान किया जाता था। कबीरधाम जिले के सभी 461 ग्राम पंचायतों में इस सुविधाओं का विस्तार हो चुका था। प्रत्येक पांच ग्राम पंचायत पर एक बीसी सखी अपनी सेवाएं दी रही थी। राष्ट्रीय ग्रामीण अजीविका मिशन के तहत बनाए गए स्व सहायता समूह की महिला सदस्य के रूप में बैंक सखी के रूप में आत्मनिर्भर बन रही थी, लेकिन उनकी आत्मनिर्भरता पर ग्रहण लगते दिखाई दे रहा है।

रूद्र मनोरोग क्लिनिक
मनोचिकित्सक
डॉ. निशांत कुमार साहू
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मनोरोग) मद्रास मेडिकल कॉलेज (चेन्नई)
उपलब्ध उपचार
• अवसाद एवं उन्माद
• घबराहट
• बेचैनी
• सरदर्द
• तनाव
• चिड़चिड़ाहट
• नींद न आना
• डर लगना
• बेवजह शक करना
• बार बार हाथ धोना
• या बात दोहराना
• झटके, चक्कर या बेहोशी आना
• यादास्त में कमजोरी आना
• रास्तें इत्यादि भूल जाना
• बहुत ज्यादा बोलना
• मारपीट करना
• बेवजह पैसे खर्चना या वस्तु का नुकसान करना,
• नशे की लत जैसे दारू गांजा, गुटका इत्यादि,
• सेक्स संबंधित समस्या जैसे शीघ्र पतन, लिंग में शिथिलता या कमजोरी, धात रोग,
• बच्चों में अतिचंचलता, गुस्सा, स्वमग्नता, बोलने में देरी।
गंगा डायग्नोस्टिक के पास शांति रेसिडेंसी न्यू धमतरी रोड, रायपुर (छ.ग.)
7880289133, 7880287133